दैनिक नवयत्न

केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा विज्ञापनों के लिए स्वीकृत

RNI No. RAJHIN/2010/31619
Post.Reg No. sikar/041/2016-2018

खबरें सड़क से संसद तक

वर्ष: 17 | अंक 132 | सीकर, शनिवार 11 जुलाई 2026 | Email : navyatndainik@gmail.com | मूल्य 1 रुपया | पृष्ठ 8


# राजस्थान में कमजोर पड़ा मानसून

जयपुर

राजस्थान में शुक्रवार 10 जुलाई 2026 की शाम तक मौसम का मिजाज बदलता नजर आया. पिछले कुछ दिनों से कई जिलों में सक्रिय मानसून अब कमजोर पड़ने लगा है. मौसम विज्ञान केंद्र जयपुर के अनुसार राज्य के अधिकांश हिस्सों में बारिश की गतिविधियां कम हो रही हैं. हालांकि उत्तरी और पूर्वी राजस्थान के कुछ इलाकों में हल्की से मध्यम बारिश, बादल छाने और कहीं-कहीं गरज-चमक के साथ बारिश होने की संभावना बनी हुई है. फिलहाल किसी भी जिले के लिए रेड या ऑरेंज अलर्ट जारी नहीं किया गया है. अधिकांश क्षेत्रों में मौसम सामान्य रहने की उम्मीद है.

### कमजोर पड़ा मानसून, बारिश में आई कमी

मौसम विभाग के अनुसार 10 जुलाई से ही राजस्थान में मानसून की रफ्तार धीमी पड़ गई है. राज्य के अधिकांश हिस्सों में मौसम मुख्य रूप से शुष्क रहने की संभावना है. वहीं उत्तरी और पूर्वी जिलों में कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है. अगले एक सप्ताह तक मानसून के कमजोर रहने के संकेत हैं, इसलिए भारी बारिश की संभावना फिलहाल कम मानी जा रही है.

### पिछले 24 घंटे का मौसम

बीते 24 घंटों के दौरान प्रदेश के कुछ हिस्सों में मेघगर्जन, झोंकेदार हवाएं और हल्की से मध्यम बारिश दर्ज की गई. सबसे अधिक 56 मिमी बारिश अजमेर जिले के केकड़ी में रिकॉर्ड की गई. वहीं श्रीगंगानगर में अधिकतम तापमान 42.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ, जबकि सिरोही सबसे ठंडा रहा, जहां न्यूनतम तापमान 21.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया.

### येलो, ऑरेंज और रेड अलर्ट की कैसी स्थिति

10 जुलाई के लिए मौसम विभाग ने किसी भी जिले में रेड या ऑरेंज अलर्ट जारी नहीं किया है. वहीं व्यापक स्तर पर येलो अलर्ट भी लागू नहीं है. हालांकि जहां हल्की बारिश और मेघगर्जन की संभावना है, वहां लोगों को मौसम में अचानक बदलाव पर नजर रखने की सलाह दी गई है. तेज गर्जना के दौरान खुले स्थानों पर जाने से बचने की भी हिदायत दी गई है.

### पश्चिमी विक्षोभ और मौसम का असर

फिलहाल प्रदेश के मौसम पर किसी सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ का विशेष प्रभाव नहीं है. मानसून कमजोर होने के कारण बारिश की गतिविधियां सीमित होती दिखाई दे रही हैं. इसी वजह से अधिकांश जिलों में बादलों की आवाजाही तो रहेगी.



**ऐसे करें बचाव**-मौसम में लगातार बदलाव को देखते हुए लोगों को सलाह दी गई है कि गरज-चमक के दौरान पेड़ों और बिजली के खंभों के नीचे खड़े होने से बचें. बारिश के समय अनावश्यक यात्रा न करें और वाहन सावधानी से चलाएं. तेज धूप वाले इलाकों में पर्याप्त पानी पीते रहें, क्योंकि कई जिलों में तापमान अब भी 40 डिग्री सेल्सियस से ऊपर बना हुआ है. किसान भी मौसम का पूर्वानुमान देखकर ही खेतों में काम और सिंचाई की योजना बनाएं.

## रीको के वरिष्ठ अधिकारी और कनिष्ठ सहायक 85 हजार की रिश्वत लेते गिरफ्तार

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो एसीबी ने शुक्रवार को कार्रवाई करते हुए रीको अजमेर के सीनियर डिप्टी जनरल मैनेजर और रीको उप इकाई ब्यावर के एक कनिष्ठ सहायक को कुल 85 हजार रुपए की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया। दोनों आरोपियों ने औद्योगिक भूखंड की लीज डीड और उत्पाद परिवर्तन प्रोडक्ट चेंज की प्रक्रिया पूरी करने के बदले रिश्वत की मांग की थी। एसीबी महानिदेशक गोविंद गुप्ता ने बताया कि एसीबी चौकी जयपुर नगर-चतुर्थ को शिकायत मिली थी कि परिवादी से औद्योगिक क्षेत्र संस्थान ब्यावर में आवंटित भूखंड की लीज डीड एवं उत्पाद परिवर्तन के एवज में रिश्वत मांगी जा रही है। शिकायत के सत्यापन के बाद एसीबी अजमेर के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार गुप्ता के नेतृत्व में ट्रैप कार्रवाई की। इस कार्रवाई के दौरान रीको अजमेर के सीनियर डिप्टी जनरल मैनेजर अंजय विश्वकर्मा को 50 हजार रुपए तथा रीको उप इकाई ब्यावर के कनिष्ठ सहायक कमलेश गुर्जर को 35 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया।

एसीबी के अनुसार सीनियर डिप्टी जनरल मैनेजर अंजय विश्वकर्मा ने 7 जुलाई को परिवादी से 50 हजार रुपए रिश्वत लेने की बात तय की थी, जबकि कनिष्ठ सहायक कमलेश गुर्जर ने 6 जुलाई को 35 हजार रुपए की मांग की थी। गुरुवार को दोनों आरोपितों को रिश्वत लेते हुए ट्रैप किया गया।

## स्पेन के जंगल में आग, 12 की मौत

4 लोग कार में जिंदा जले, 19 अब भी लापता; इलेक्ट्रिक वायर से आग की आशंका



मैड्रिड।

स्पेन के दक्षिणी हिस्से में एंडालूसिया के लॉस गैलार्डोस में शुक्रवार को जंगल की भीषण आग में 12 लोगों की मौत हो गई है। वहीं, 19 लोग अब भी लापता हैं। अधिकारियों के मुताबिक आठ लोग घायल हुए हैं, जिनमें चार की हालत गंभीर बताई गई है।

रॉयटर्स के मुताबिक, एक गाड़ी में चार लोग जिंदा जल गए। उनकी कार का स्टीयरिंग व्हील दाईं ओर था, जिससे वे ब्रिटिश लग रहे थे। वहीं, अपनी कारें छोड़ भागने की कोशिश कर रहे 7 लोग भी मृत पाए गए। अधिकारियों ने बताया कि वे निर्धारित निकासी मार्ग की बजाय दूसरे रास्ते से निकलने की कोशिश कर रहे थे और वहीं उनकी मौत हो गई।

एंडालूसिया की इमरजेंसी सर्विस ने शुरुआती कॉल के आधार पर बताया कि बिजली की गिरी हुई वायर से आग लगी, जो तेजी से जंगल में फैल गई। दूसरी तरफ बिजली कंपनी एंडेसा के प्रवक्ता ने इस दावे से इनकार करते हुए कहा कि जांच में जिस केबल की बात हो रही है, उसमें बिजली का प्रवाह ही नहीं था। इसलिए आग की असली वजह की आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं हुई है।

## ईरान बोला- इजराइल ने हमला किया तो नहीं बचेगा

### इजराइली पीएम ने कहा था- ईरान को परमाणु बम नहीं बनाने देंगे, जरूरत पड़ी तो अटैक करेंगे

तेल अवीव/तेहरान/वॉशिंगटन डीसी।

ईरान ने चेतावनी दी है कि अगर उसके अहम ढांचे पर हमला हुआ तो उसका जवाब दिया जाएगा और इजराइल इससे नहीं बचेगा। सरकारी मीडिया के मुताबिक, ईरान की सुप्रीम नेशनल सिक्योरिटी काउंसिल के सचिव मोहम्मद बाघेर जोलगदर ने शुक्रवार को यह चेतावनी दी। इससे पहले इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा था कि इजराइल किसी भी हाल में ईरान को परमाणु हथियार हासिल नहीं करने देगा। उन्होंने कहा कि ईरान के खिलाफ जंग अभी खत्म नहीं हुई है और जरूरत पड़ने पर फिर हमला कर सकते हैं। इजराइली वायुसेना के एक समारोह में नेतन्याहू ने कहा, 'अगर हमने कार्रवाई नहीं की होती तो ईरान अब तक परमाणु हथियार बना चुका होता।' साथ ही, इजराइली मीडिया में दावा किया गया है कि इजराइल ईरान पर फिर हमले के लिए तैयार है, लेकिन अंतिम मंजूरी का इंतजार कर रहा है।

### पिछले 24 घंटे के 5 बड़े अपडेट्स

**अमेरिका ने बुशहर परमाणु ठिकाने के पास हमला किया:** ईरान के एक अधिकारी ने बताया कि अमेरिका ने बुशहर परमाणु ठिकाने को निशाना बनाते हुए हवाई हमला किया। हालांकि फैसिलिटी को कोई नुकसान नहीं पहुंचा।

ईरान ने बहरीन, कुवैत और जॉर्डन में



अमेरिकी ठिकानों पर मिसाइलें दागीं, ईरान ने अमेरिका के हमलो के बाद जवाबी कार्रवाई करते हुए बहरीन, कुवैत और जॉर्डन में अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर मिसाइलें दागीं। हालांकि, इन देशों ने कई मिसाइलों और ड्रोन को मार गिराने का दावा किया है।

**अमेरिका ने ईरान में चीन-रूस से जुड़े पुल पर हमला किया:** ईरान ने दावा किया है कि अमेरिका ने उत्तरी ईरान में चीन और रूस से जुड़े एक रणनीतिक रेलवे पुल पर क्रूज मिसाइल से हमला किया। ईरान ने इसे युद्ध अपराध बताया।

**होर्मुज स्ट्रेट से तेल टैंकरों की आवाजाही लगभग ठप:** रॉयटर्स के मुताबिक, अमेरिका-ईरान के बीच तनाव दोबारा बढ़ने के बाद होर्मुज स्ट्रेट में जहाजों की आवाजाही गुरुवार को ठप रही। इससे वैश्विक तेल सप्लाई को लेकर चिंता बढ़ी और कच्चे तेल की कीमतों में करीब 1% की बढ़ोतरी हुई।

**ईरान ने एक रात में 1 करोड़ बैरल कच्चा तेल भेजा:** अल जजीरा के मुताबिक, ईरान ने एक ही रात में कम से कम 1 करोड़ बैरल कच्चा तेल और फ्यूल ऑयल निर्यात के लिए भेज दिया। अमेरिका की नौसैनिक नाकाबंदी फिर से लागू होने की आशंका के चलते यह कदम उठाया गया।

## भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन की सीट पर प्रत्याशी बदला

### नामांकन में गड़बड़ी थी, भाजपा ने बांकीपुर उपचुनाव के लिए आनन-फानन में नया कैंडिडेट उतारा



पटना।

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के राज्यसभा जाने से खाली हुई बिहार की बांकीपुर विधानसभा सीट के उपचुनाव में भाजपा को नामांकन के अगले ही दिन अपना कैंडिडेट बदलना पड़ा। पहले घोषित कैंडिडेट अभिषेक सिन्हा ने नाम वापस लेने का ऐलान कर दिया है। पार्टी ने उनकी जगह नीरज सिन्हा को नया उम्मीदवार बनाया है। बांकीपुर में 30 जुलाई को वोटिंग है और तीन अगस्त को काउंटिंग होगी। सूत्रों के मुताबिक, अभिषेक के नामांकन पत्र में परिवार और एजुकेशन से जुड़ी जानकारी में गड़बड़ियों के चलते भाजपा ने यह फैसला लिया। भाजपा को डर था गड़बड़ियों के चलते अभिषेक का नामांकन कैंसिल हो सकता है।

इसी सीट से चुनाव लड़ रहे जन सुराज पार्टी के प्रशांत किशोर और आरजेडी चुनाव में इसे मुद्दा बना सकते हैं। हालांकि अभिषेक ने नाम वापसी के लिए पारिवारिक कारणों का हवाला दिया है। नए कैंडिडेट नीरज सिन्हा 20 साल से पार्टी से जुड़े हैं। वे नितिन नवीन के करीबी बताए जा रहे हैं। फिलहाल, मंडल अध्यक्ष हैं। नितिन नवीन ने इसी साल 30 मार्च को बांकीपुर विधानसभा सीट से इस्तीफा दिया था। अभिषेक ने प्रदेश अध्यक्ष को सौंपे लेटर में लिखा- मुझे बीजेपी ने बांकीपुर विधानसभा उप चुनाव में एनडीए प्रत्याशी बनाया, उसके लिए केंद्रीय और प्रदेश नेतृत्व के प्रति आभार प्रकट करता हूं ।

विनम्रता के साथ आपको आग्रह करना चाहता हूं कि मैं पारिवारिक कारण से विधानसभा उप चुनाव लड़ने में असमर्थ हूं। मैं कार्यकर्ता के नाते निष्ठा पूर्वक सेवा देता रहूंगा।

### गुरुवार को अभिषेक ने किया था नामांकन

नामांकन की प्रक्रिया 13 जुलाई तक चलेगी। अभिषेक ने गुरुवार को नामांकन दाखिल किया था। नामांकन सभा में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के अलावा एनडीए के सभी सीनियर नेता शामिल हुए थे।

गुरुवार को ही आरजेडी प्रत्याशी रेखा गुप्ता ने नॉमिनेशन किया था। जनसुराज के प्रशांत किशोर 13 जुलाई को पर्चा भरेंगे।

# जन्मदिन के दिन नेवी जवान की अंत्येष्टि

## 10 जुलाई को पैदा हुए, 10 अगस्त को भर्ती हुए और 10 जुलाई को ही अंतिम विदाई

कृष्ण कुमार गांधी

**सूरजगढ़ ( नवयत्न )।** घरडू निवासी नेवी जवान कुलदीप दिवाच का शुक्रवार को सैन्य और राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। कुलदीप भारतीय नेवी में कार्यरत थे उनकी पोस्टिंग मुंबई में थी। 6 जुलाई को कुलदीप ड्यूटी पर जा रहे थे मौसम खराब था तेज अंधड़ के साथ बरसात हो रही थी उसी दौरान एक भारी पेड़ टुटकर गिरने से कुलदीप गंभीर रूप से घायल हो गए, उन्हें तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया जहां 9 जुलाई को इलाज के दौरान कुलदीप का निधन हो गया। शुक्रवार को जवान की पार्थिव देह सूरजगढ़ थाने पहुंची जहां से सुबह साढ़े 9 बजे युवाओं ने थाने से जवान के पैतृक गांव घरडु तक 3 किलोमीटर लंबी तिरंगा यात्रा निकाली। शव को श्मशान घाट पर नेवी के जवानों द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर देकर सलामी दी। कुलदीप के बड़े भाई प्रदीप ने उन्हें मुखाग्नि दी।

### तिरंगा यात्रा के दौरान गुंजे भारत माता की जय के नारे

तिरंगा यात्रा के दौरान रास्ते भर युवाओं, स्कूली बच्चों व ग्रामीणों ने शहीद कुलदीप सिंह अमर रहे, जब तक सुरज चांद रहेगा कुलदीप तेरा नाम रहेगा व भारत माता की जय के गगनभेदी नारे गुंजे। रास्ते भर जवान के अंतिम दर्शनों के लिए भारी भीड़ जमा रही।

### शव घर पहुंचते ही घर में मचा कोहराम

तिरंगा यात्रा के साथ साढ़े 10 बजे जवान कुलदीप की पार्थिव देह उनके घर पहुंची तो घर में कोहराम मच गया ऐसा मार्मिक दृश्य देखकर हर किसी की आंखें नम हो गई। शव को देखते ही शहीद की मां व पत्नी व भाई बेसुध हो गए। जवान की पार्थिव देह अंतिम दर्शनों के लिए रखी गई। जैसे ही कुलदीप की पार्थिव देह उनके घर पहुंची, सभी की आंखें नम हो गई। शहीद की 18 माह की बेटी को जब पिता के अंतिम दर्शनों के लिए लाया गया तो वहां मौजूद हर शख्स की रूलाई फूट पड़ी। पत्नी रोते हुए कहती रही बेटी बुला रही है वापस आ जाओ उन्होंने रोते हुए अपने वीर पति को अंतिम यात्रा के लिए रवाना किया।



### गार्ड ऑफ ऑनर दिया

अंतिम संस्कार के लिए गांव से करीब 3 किलोमीटर दूर स्थित श्मशान घाट तक नेवी बैंड के साथ अंतिम यात्रा निकाली गई। श्मशान घाट पहुंचने पर जवान को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इस दौरान जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल सुरेश कुमार जांगिड़, डिप्टी विकास धींधवाल, सीआई रणजीत सेवदा, तहसीलदार जयसिंह मीणा, विधायक श्रवण कुमार, पूर्व सांसद संतोष अहलावत, पिलानी विधायक पितराम काला, राजेश दहिया, निवर्तमान प्रधान बलवान सिंह, पूर्व प्रधान शेर सिंह नेहरा, पंस सदस्य सोमवीर लांबा, छैलुराम भड़िया, राजेश गोदारा सहित जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों द्वारा शहीद की पार्थिव देह पर पुष्पचक्र अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान क्षेत्र के हजारों लोग मौजूद रहे।

### 10 जुलाई को जीवन शुरू, 10 जुलाई को अंतिम सफर

तिरंगा यात्रा में शामिल सूरजगढ़ विधायक श्रवण कुमार ने बताया शहीद की जिंदगी में 10 का संयोग देखो 10 जुलाई को ही कुलदीप का जन्मदिन है। 10 अगस्त को उनका नेवी में सिलेक्शन हुआ था और आज अन्तिम संस्कार भी 10 जुलाई को ही हुआ है। हमें कुलदीप पर गर्व है।



### 2018 में हुए थे नेवी में भर्ती

जवान कुलदीप दिवाच का जन्म 10 जुलाई,, 1999 को हुआ था। उन्होंने 2018 में भारतीय नौसेना में अपनी सेवा शुरू की थी। कुलदीप भारतीय नौसेना में लीडिंग एयर ऑर्डनेंस मैकेनिक के पद पर कार्यरत थे। वे हवाई जत्था 330/भारतीय नौसेना पोत शिकरा पर तैनात थे। यह भारतीय नौसेना की एविएशन (विमानन) शाखा में एक नॉन-कमीशन ऑफिसर (नाविक/सेलर) का पद या रैंक है, जो विमानों के हथियारों और गोला-बारूद के रखरखाव से जुड़ा होता है। कुलदीप दिवाच अपने पीछे मां सुभीता देवी, पत्नी शर्मिला, डेढ़ साल की बेटी और बड़े भाई प्रदीप को छोड़ गए हैं। उनकी मां और पत्नी गृहिणी हैं, जबकि बड़े भाई प्रदीप भारतीय वायुसेना में कार्यरत हैं। उनके पिता सुभाष का काफी समय पहले देहांत हो गया था।

### कोबरी-सार



# परिवार कल्याण के क्षेत्र में सीकर जिला अव्वल
## आज वर्चुअल होगा प्रदेश स्तरीय समारोह

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** जिले में परिवार कल्याण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य हुआ है। 11 जुलाई शनिवार को विश्व जनसंख्या दिवस पर वर्चुअल होने वाले प्रदेश स्तरीय समारोह में चिकित्सा मंत्री द्वारा जिला कलेक्टर आशीष मोदी व स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को सम्मानित किया जाएगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अशोक महरिया ने बताया कि समारोह में परिवार कल्याण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर चित्तौड़गढ़, सीकर, कोटा, करौली, बांसवाड़ा, प्रतापगढ़, भीलवाड़ा, झालावाड़, बारां अजमेर, ब्यावर, बूंदी, नागौर, सलूम्बर, बालोतरा, फलौदी, धौलपुर, कोटपुतली-बहरोड़, जोधपुर, उदयपुर, जयपुर द्वितीय, बीकानेर, हनुमानगढ़, जयपुर प्रथम व भरतपुर जिलों के अधिकारियों को सम्मानित किया जाएगा। अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ हर्षल चौधरी ने बताया कि जिला स्तरीय समारोह आगामी सप्ताह में आयोजित किया जाएगा। वहीं विश्व जनसंख्या दिवस के उपलक्ष में जिले में 11 से 18 जुलाई तक विशेष जन जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। इसके तहत स्वास्थ्य कर्मी योग्य दम्पतियों को सीमित परिवार एवं मॉं एवं शिशु के कल्याण तथा अनियोजित गर्भधारण की रोकथाम, बच्चे में अंतराल बनाए रखने के लिए परिवार कल्याण के अंतराल साधनों के बारे में जागरूक करेंगे। इस बार जब बच्चों में सही अंतराल, परिवार बने स्वस्थ और खुशहाल थीम पर गतिविधियां का आयोजन होगा। स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा 11 से 18 जुलाई तक अपने क्षेत्र के योग्य दम्पतियों से संपर्क कर उनको सीमित परिवार के लाभ, विवाह की सही आयु लड़के की 21 वर्ष एवं लड़की की 18 वर्ष, विवाह के दो वर्ष बाद पहला बच्चा, पहले और दूसरे बच्चे में तीन साल का अंतर, परिवार नियोजन के नये गर्भ निरोधक साधन, प्रसवोत्तर परिवार कल्याण सेवाओं की जानकारी दी जाएगी। पुरूषों की परिवार नियोजन में सहभागिता बढ़ाने के लिए उनको प्रेरित करते हुए गर्भपात पश्चात पीएआईयूसीडी, नसबंदी आदि परिवार कल्याण सेवाओं की जानकारी दी जाएगी।

# धर्मा गौशाला में लोकार्पण कार्यक्रम आयोजित



निसं

**नवलगढ़ ( नवयत्न )।** कस्बे के बलवंतपुरा फाटक के पास में स्थित धर्मा गौशाला में शुक्रवार को लोकार्पण कार्यक्रम आयोजित किया। डीपीएस सचिव बी एल रणवा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे। पूर्व पालिका उपाध्यक्ष कैलाश चोटिया, भामाशाह अशोक शाह, पूर्व पंचायत समिति सदस्य सुभाष लाम्बा, भामाशाह रामनिवास सैनी बतौर विशिष्ट अतिथि थे। धर्मा गौशाला के सदस्यों ने पुष्प माला व साफा बांधकर अतिथियों का स्वागत किया। वही कार्यक्रम के दौरान जुगल किशोर शाह व उनकी धर्मपत्नी चन्दा देवी शाह की स्मृति में उनके पुत्र जयप्रकाश शाह, अशोक शाह, सुनील शाह के द्वारा निर्मित एक कमरे का अतिथियों ने लोकार्पण पटिका का अनावरण किया। वही भामाशाह रामनिवास सैनी ने द्वारा गौशाला में लगाये गए वॉटर कूलर का भी अतिथियों ने फीता काटकर शुभारम्भ किया। गौ सेवक टिंकू सिंगोदिया ने भामाशाह व भामाशाह के परिवारजनों का आभार जताया तथा भविष्य में भी धर्मा गौशाला से जुड़कर गायों की सेवा करने की अपील की। इस दौरान अन्नू महर्षि, राजेश तेतरवाल, विकास सैनी मारवाड़ी, ओमी पंडित, लोकेन्द्र सैनी, नवरंगलाल तेतरवाल, अंकित दहिया, अमित डूडी, अमर सिंह फौजी, अरुण शर्मा बिरोल, कपिल मीणा, शंकर लाल इन्दोरिया, विकास चोटिया, नितिन दहिया, प्रवीण कुमार सहित कई लोग मौजूद रहे।

# विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** ताल्लुका विधिक सेवा समिति तारानगर की ओर से कस्बे की एक डिफेंस एकेडमी में विद्यार्थियों के लिए एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पीएलवी श्वेता भाकर ने साइबर अपराध से बचाव, बाल विवाह निषेध, नशा मुक्ति, पेड़-पौधों के संरक्षण तथा विभिन्न महत्वपूर्ण कानूनों के बारे में विद्यार्थियों को विस्तार से जानकारी दी गई। संस्थान के निदेशक सेवानिवृत्त सूबेदार रामपत सिंह ने विद्यार्थियों से समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को समझने, कानून का पालन करने तथा जागरूक नागरिक बनने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के साथ-साथ सामाजिक जागरूकता और अच्छे संस्कार भी युवाओं के व्यक्तित्व का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों ने नशा मुक्त समाज, पर्यावरण संरक्षण तथा साइबर अपराधों से बचाव के प्रति जागरूक रहने का संकल्प लिया।

# पानी की बूंद-बूंद को तरसे खेजड़ा के ग्रामीण
## सैकड़ों लोगों ने एसडीएम कार्यालय पर किया प्रदर्शन



निसं

**सरदारशहर ( नवयत्न )।** लंबे समय से भीषण पेयजल संकट झेल रहे गांव खेजड़ा के ग्रामीणों का सब्र आखिरकार टूट गया। शुक्रवार को किसान नेता ओमप्रकाश खेजड़ा के नेतृत्व में सैकड़ों ग्रामीण उपखंड कार्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने पेयजल समस्या के समाधान की मांग को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। इसके बाद ग्रामीणों ने उपखंड अधिकारी रामकुमार वर्मा को ज्ञापन सौंपकर गांव में व्याप्त पेयजल संकट का स्थायी समाधान करने की मांग की। किसान नेता ओमप्रकाश खेजड़ा ने बताया कि गांव में पिछले काफी समय से पेयजल की गंभीर समस्या बनी हुई है। वर्तमान में गांव में पानी की आपूर्ति वर्ष 2011 की जनगणना के आधार पर की जा रही है जबकि पिछले 15 वर्षों में गांव की आबादी लगभग तीन गुना तक बढ़ चुकी है। इसके बावजूद जलदाय विभाग ने पानी की आपूर्ति में कोई बढ़ोतरी नहीं की है। परिणामस्वरूप गांव के कई मोहल्लों में पर्याप्त पानी नहीं पहुंच रहा है और लोगों को पीने के पानी के लिए भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि सरकारी जलापूर्ति पर्याप्त नहीं होने के कारण उन्हें निजी टैंकरों से पानी मंगवाना पड़ रहा है। एक टैंकर के लिए करीब 2 हजार रुपये खर्च करने पड़ते हैं, जिससे आम परिवारों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है। पानी की कमी के कारण घरेलू कार्यों के साथ-साथ पशुपालन और दैनिक जीवन भी बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। ग्रामीणों ने ज्ञापन में मांग की कि गांव की वर्तमान जनसंख्या के अनुसार तत्काल पेयजल आपूर्ति बढ़ाई जाए, अतिरिक्त जलापूर्ति की व्यवस्था की जाए तथा संबंधित विभाग को आवश्यक निर्देश देकर इस गंभीर समस्या का स्थायी समाधान कराया जाए। उन्होंने कहा कि यदि समय रहते समस्या का समाधान नहीं हुआ तो ग्रामीणों को मजबूर होकर बड़ा जनआंदोलन करना पड़ेगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। इस दौरान ओमप्रकाश खेजड़ा, राजू राम सारण, भैराराम सारण, भोमाराम सारण, दीपाराम गोदारा, भोमाराम गोदारा, धर्माराम सारण, लीलू राम मेघवाल, मोहर सिंह नाई, नोपाराम, पवन पारीक, संतलाल सारण, रमेश सारण, श्रवण कुमार, देवीलाल नाई, काशीराम सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# जन्मोत्सव पर गौशाला पहुंचे, गौसेवा कर लिया आशीर्वाद



निसं

**बुगाला ( नवयत्न )।** जन्मदिन जैसे खास अवसर को सेवा और संस्कार से जोड़ते हुए विनीत बुगालिया परिवार सहित पण्डित गणेश नारायण सुरभि गौशाला पहुंचे। यहां उन्होंने वियु के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में गौमाता की पूजा-अर्चना कर हरा चारा खिलाया और गौसेवा की। इन्होंने बताया कि जन्मोत्सव का कार्यक्रम 7 जुलाई को उनके निवास पर आयोजित किया गया था लेकिन बरसात के कारण उस दिन गौशाला नहीं पहुंच सके। इसके बाद शुक्रवार को गौशाला पहुंचकर गौसेवा का संकल्प पूरा किया। गौसेवा समिति ने बुगालिया परिवार का स्वागत करते हुए इस सेवा कार्य की सराहना की। समिति ने कहा कि जन्मदिन जैसे शुभ अवसरों पर गौसेवा और सामाजिक सरोकारों से जुड़ना समाज के लिए प्रेरणादायी पहल है। इस दौरान उपस्थित सभी लोगों ने बच्चे के स्वस्थ, सुखी एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# रातूसर बालिका स्कूल में 11 पद खाली
## अभिभावकों ने शिक्षा मंत्री को भेजा ज्ञापन

निसं



**सरदारशहर ( नवयत्न )।** राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, रातूसर में लंबे समय से शिक्षकों एवं अन्य कर्मचारियों के पद रिक्त चल रहे हैं, ऐसे में ग्रामीणों में धीरे-धीरे आक्रोश बढ़ता जा रहा है। शुक्रवार को रिक्त चल रहे पदों को भरने की मांग को लेकर ग्रामीणों और अभिभावकों ने नारेवाजी कर शिक्षा मंत्री के नाम उपखंड अधिकारी को ज्ञापन दिया। ज्ञापन में चेतावनी दी गई है कि यदि 20 जुलाई तक रिक्त पद नहीं भरे गए तो विद्यालय में तालाबंदी कर आंदोलन किया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी शिक्षा विभाग और प्रशासन की होगी। ज्ञापन में बताया गया है कि विद्यालय का उच्च माध्यमिक स्तर पर क्रमोन्नयन वर्ष 2022 में हुआ था लेकिन तब से अब तक 16 स्वीकृत पदों में से केवल 5 पदों पर ही कर्मचारी कार्यरत हैं जबकि 11 पद खाली पड़े हैं।

कई बार लिखित एवं मौखिक रूप से अधिकारियों को अवगत कराने के बावजूद अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। ज्ञापन के अनुसार हाल ही में हुए शिक्षकों के स्थानांतरण के बाद विद्यालय की शिक्षण व्यवस्था और अधिक प्रभावित हो गई है। वर्तमान में विद्यालय में प्रधानाचार्य, व्याख्याता के तीनों पद, वरिष्ठ अध्यापक के पांच पद, कनिष्ठ सहायक तथा चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी का एक-एक पद रिक्त है।

ग्रामीणों का कहना है कि छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य को देखते हुए विद्यालय में शीघ्र शिक्षकों और आवश्यक स्टाफ की नियुक्ति की जाए ताकि नियमित एवं गुणवत्तापूर्ण अध्ययन सुनिश्चित हो सके। इस दौरान ज्ञापन देनेवालों में पूर्व सरपंच कांशीराम पारीक, संदीप सिंवर, गिरधारी स्वामी, रामनिवास प्रजापत, भागाराम सिंवर, श्रवण पारीक, शुभकरण पारीक, मदन लाल प्रजापत, मोहर सिंह नायक, मालाराम मेघवाल, देवीलाल नायक, ईश्वर, भंवरसिंह पारीक, मांगीलाल पांडिया, लालचंद सहित ग्रामीण और अभिभावक मौजूद रहे।

# जीएसटी के प्रस्तावित बदलाव से ऐप आधारित राइड-हेलिंग मॉडल पर संकट

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** जीएसटी कानून की धारा 9 (5) के तहत सब्सक्रिप्शन आधारित राइड-हेलिंग प्लेटफॉर्म पर प्रस्तावित कर व्यवस्था ड्राइवरों की कमाई, यात्रियों की जेब और डिजिटल मोबिलिटी सेक्टर पर प्रतिकूल असर डाल सकती है। यह दावा एस्या सेंटर की नई रिपोर्ट में किया गया है। एस्या सेंटर की निदेशक मेघना बाल ने कहा कि दक्षता और समानता में संतुलन : जीएसटी व्यवस्था के तहत भारत की टेक्नोलॉजी-आधारित परिवहन सेवाओं से मिले साक्ष्य शीर्षक से जारी रिपोर्ट 13 शहरों के 1,044 ड्राइवरों और 1,059 यात्रियों के सर्वे पर आधारित है। रिपोर्ट के अनुसार, सब्सक्रिप्शन मॉडल में ड्राइवर प्लेटफॉर्म को निश्चित शुल्क देकर स्वयं किराया तय करते हैं, यात्रियों से सीधे भुगतान लेते हैं और पूरी कमाई अपने पास रखते हैं। ऐसे मॉडल पर धारा 9 (5) के तहत जीएसटी लागू करना कानूनी और व्यावहारिक रूप से चुनौतीपूर्ण बताया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक 86 प्रतिशत ड्राइवर बुकिंग के लिए सब्सस्रि5प्शन आधारित प्लेटफॉर्म का उपयोग करते है, जबकि 56 प्रतिशत का मानना है कि इससे उनकी आय में सुधार हुआ है।

यदि प्रस्तावित जीएसटी लागू होता है तो 80 प्रतिशत ड्राइवरों ने कमाई घटने, करीब 60 प्रतिशत ने बुकिंग कम होने और 40 प्रतिशत ने ऑफप्लेटफॉर्म बिना बिल सवारी करने की आशंका जताई है। यात्रियों पर भी इसका सीधा असर पड़ने की संभावना जताई गई है। 68 प्रतिशत यात्रियों ने कहा कि यदि किराया सिर्फ 5 प्रतिशत भी बढ़ा तो वे ऐप आधारित ऑटो और कैब सेवाओं का उपयोग कम कर देंगे, जबकि लगभग आधे यात्री पारंपरिक टैक्सी या ऑटो का विकल्प चुन सकते हैं। वहीं करीब 90 प्रतिशत यात्रियों ने ऐप आधारित सेवाओं में उपलब्ध सुरक्षा सुविधाओं को बेहद महत्वपूर्ण बताया। मेघना बाल ने कहा कि डिजिटल मोबिलिटी के तेजी से बदलते स्वरूप के अनुरूप टैक्स व्यवस्था में स्पष्टता और संतुलन जरूरी है। वहीं ईवाई की टैक्स पार्टनर जयश्री पार्थसारथी ने कहा कि नए डिजिटल बिजनेस मॉडल के अनुरूप अप्रत्यक्ष कर नियमों को भी समय के साथ अपडेट करने की आवश्यकता है। रिपोर्ट में सरकार से सिफारिश की गई है कि धारा 9 (5) के प्रावधान केवल उन प्लेटफॉर्म पर लागू किए जाएं, जो किराया तय करने और भुगतान संग्रह पर प्रत्यक्ष नियंत्रण रखते हों। साथ ही यात्रियों की सुरक्षा, ड्राइवर सत्यापन और यात्रा निगरानी जैसी कानूनी जिम्मेदारियों को टैक्स दायित्व का आधार नहीं बनाया जाए।

# शेखावत ने कथावाचक दिनकर का पगड़ी बांधकर किया सम्मान



निसं

**बुगाला ( नवयत्न )।** बाबा चरण दास मंदिर में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के समापन पर मुख्य यजमान दशरथ सिंह शेखावत ने कथावाचक दिनकर महाराज का राजस्थानी परंपरा के अनुसार साफा बांधकर अभिनंदन किया। इस अवसर पर शेखावत ने कहा कि कथावाचक दिनकर महाराज ने सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के माध्यम से श्रद्धालुओं को धर्म, भक्ति, संस्कार और मानव जीवन के आदर्श मूल्यों का संदेश दिया। उनकी मधुर वाणी और प्रेरणादायी प्रवचनों से श्रद्धालु पूरे सप्ताह भक्ति रस में सराबोर रहे। सम्मान समारोह के दौरान श्रद्धालुओं ने तालियों की गड़गड़ाहट के बीच इनका अभिनंदन किया। दिनकर महाराज ने भी आयोजकों एवं समस्त श्रद्धालुओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भागवत कथा का उद्देश्य समाज में प्रेम, सद्भाव और सनातन संस्कृति के प्रति आस्था को मजबूत करना है। इस अवसर पर कथा आयोजन समिति के पदाधिकारी, यजमानगण तथा बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# उप स्वास्थ्य केंद्र के निर्माण में अनियमितताओं का आरोप

निसं



**खेतड़ी ( नवयत्न )।** खेतड़ी उपखंड के नंगली सलेदीसिंह पंचायत के राजस्व गांव में निर्माणाधीन उप स्वास्थ्य केंद्र के निर्माण कार्य में गंभीर अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने बीसीएमओ को ज्ञापन सौंपा है। ग्रामीणों का कहना है कि जुलाई 2025 से शुरू हुए निर्माण कार्य में निर्माण नियमों की अनदेखी की जा रही है, जिससे भवन की गुणवत्ता पर सवाल खड़े हो गए हैं। ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि मुख्य भवन की नींव में पीसीसी नहीं डाली गई।

डीपीसी में क्रेशर डस्ट का उपयोग किया गया तथा निम्न गुणवत्ता की ईंटें लगाई गई हैं। इसके अलावा सीढ़ियों की चौड़ाई कम रखकर उस पर कट डालने, छत के पानी की निकासी के लिए आवश्यक बॉक्स नहीं बनाने तथा छत पर मलबा डालने जैसी अनियमितताओं का भी उल्लेख किया गया है। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि नीचे की डीपीसी के नीचे प्लास्टर नहीं किया गया और चारदीवारी की नींव भी पर्याप्त गहराई के बिना तैयार कर दी गई। ग्रामीणों के अनुसार शिकायत करने पर संबंधित जेईएन और ठेकेदार ने कोई संतोषजनक कार्रवाई नहीं की। उनका कहना है कि निर्माण कार्य की किसी भी स्तर पर उचित गुणवत्ता जांच नहीं हो रही है। ज्ञापन में ग्रामीणों ने निर्माण कार्य की नींव से लेकर छत तक उच्च स्तरीय जांच कराने, सीढ़ियों की चौड़ाई मानकों के अनुरूप करने, चारदीवारी में पीसीसी व डीपीसी करवाने, छत से मलबा हटाने, पानी निकासी के लिए आवश्यक बॉक्स बनाने तथा अधूरे प्लास्टर का कार्य पूरा करवाने की मांग की है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि समय रहते निर्माण कार्य की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं की गई तो वे आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे। इस मौके पर राजेंद्र कुमार यादव, विजय यादव, राजवीर, सतवीर, सुरेंद्र, गोविंदराम, रामनिवास यादव, कैलाश चंद, खेमचंद सहित अनेक लोग मौजूद थे।

# यूडीएच मंत्री का स्वागत कर सौंपा ज्ञापन



निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** भाजपा के निवर्तमान पार्षद रेंवतमल पंवार के नेतृत्व में वाल्मीकि समाज का एक प्रतिनिधिमंडल यूडीएच मंत्री झाबरसिंह खर्रा से मिला है। इस दौरान यूडीएच मंत्री का स्वागत कर ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में वाल्मीकि स्वच्छकार समाज आयोग के गठन की मांग की गई है। इसी प्रकार बीमार कर्मचारियों के स्थान पर उनके परिवारजनों को नौकरी दिए जाने, आरक्षण का लाभ वाल्मीकि समाज को दिए जाने, दलित समाजों के छात्रावासों का निर्माण करवाये जाने, सेवानिवृत कर्मचारियों को पीएफ की राशि दिलवाये जाने, एससी आयोग में वाल्मीकि समाज के लोगों को शामिल किए जाने, राजस्थान सफाई कर्मचारी आयोग की जल्द नियुक्त करनें की मांगे की गई हैं। इस दौरान राजकुमार तेजस्वी, आशीष टाक, रामकिशन सुंगत, खेमचंद आर्य आदि लोग मौजूद रहे।

# आंगनबाड़ी कर्मचारी संघ ने सौंपा ज्ञापन




हर्ष सोनी

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** आंगनबाड़ी कर्मचारी संघ झुंझुनू संबंद्ध भारतीय मजदूर संघ ने ओबीसी के सर्वे से आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की ड्यूटी न लगाने एवं अन्य मांगों के समर्थन में जिला कलेक्टर कार्यालय के समक्ष विरोध प्रदर्शन कर जिला कलेक्टर को ज्ञापन दिया गया। भारतीय मजदूर संघ के संयुक्त जिलामंत्री सुनील बुगालिया ने कहा कि राज्य सरकार आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की मांगों पर सहानुभूति पूर्ण विचार करें। जिलाध्यक्ष कृष्णा कंवर ने कहा कि हमारे पास शालापूर्व शिक्षा ऑनलाइन, खाद्य वितरण करना, बाल वृद्धि निगरानी, मातृ वंदना फॉर्म भरना, सेनेटरी नैपकिन ओटीपी के आधार पर वितरण करना, आभा आईडी व अपार आईडी बनाना, टीकाकरण करवाना, होम विजिट सर्वे करना, फेस कैप्चर करना ये समस्त कार्य ऑनलाइन करना होता है। विभाग द्वारा दिय गये फोन से उक्त कार्य ही नहीं हो पाता है इसके साथ ही ऑफ लाइन कार्य भी प्रत्येक कार्यकर्ता को करना होता है। हमें सरकारी काम करने के लिए 4 घंटे का समय दिया गया है लेकिन हमसे रात्रि 10 बजे तक काम पूरा हो पाना मुश्किल हो जाता हैं। इसके अलावा निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी आदेश जारी कर ओबीसी सर्वे का कार्य और हम पर थोपा जा रहा है जो आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के साथ अन्याय है और हम यह कार्य करने में असमर्थ हैं।

उपस्थित डिस्कॉम महामंत्री देवकरण सैनी ने कहा कि सरकार द्वारा अतिरिक्त कार्य का अतिरिक्त मानदेय दिया जाए। सुमन कंवर उपाध्यक्ष ने कहा कि महिला एवं बाल विकास विभाग शासन सचिव के पत्र 2022 के अनुसार आंगनवाड़ी कार्मिकों को गैर आईसीडीएस कार्यों में लगाया जाना उचित नहीं है। ज्ञापन में झुंझुनू जिले के सभी सेक्टर की सैकड़ों आंगनबाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित रही।

# जी राजस्थान न्यूज का एक कदम विकास की ओर कार्यक्रम आज

संजय सोनी







**झुंझुनू ( नवयत्न )।** प्रदेश के विकास, शिक्षा, उद्योग, पर्यटन और रोजगार जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर संवाद स्थापित करने के उद्देश्य से जी राजस्थान न्यूज की ओर से झुंझुनूं : एक कदम विकास की ओर कार्यक्रम का आयोजन 11 जुलाई शनिवार को चिड़ावा में किया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन दोपहर 2 बजे से सोमरा मैरिज गार्डन सूरजगढ़ बाइपास चिड़ावा में होगा। इस आयोजन में प्रदेश की राजनीति, प्रशासन, शिक्षा, उद्योग और सामाजिक क्षेत्र से जुड़ी कई प्रमुख हस्तियां एक मंच पर मौजूद रहेगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में राज्यसभा सांसद एवं हरियाणा भाजपा के प्रदेश प्रभारी डॉ सतीश पूनियां शिरकत करेंगे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में पशुपालन एवं डेयरी मंत्री जोराराम कुमावत, राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष डॉ अरूण चतुर्वेदी तथा कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेशाध्यक्ष एमडी चोपदार उपस्थित रहेंगे। इसके अलावा जिले के जनप्रतिनिधि, अधिकारी भी विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे। चैनल हैड डॉ मनीष शर्मा की विशेष उपस्थिति में होने वाले इस आयोजन के दौरान राजस्थान के समग्र विकास, औद्योगिक संभावनाओं, शिक्षा के विस्तार, पर्यटन को बढ़ावा देने, रोजगार के अवसरों और भविष्य की विकास योजनाओं पर चर्चा की जाएगी। कार्यक्रम का उद्देश्य विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े विशेषज्ञों, जनप्रतिनिधियों और समाज के प्रबुद्ध लोगों को एक मंच पर लाकर प्रदेश के विकास पर सार्थक संवाद स्थापित करना है। कार्यक्रम को सफल बनाने में विभिन्न शिक्षण संस्थानों, चिकित्सा संस्थानों, सामाजिक संगठनों और स्थानीय निकायों का सहयोग भी रहेगा। आयोजकों ने क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, उद्योगपतियों, शिक्षाविदों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं आम नागरिकों से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील की है। कार्यक्रम के आयोजन की तैयारियां अंतिम चरण में हैं और इसे लेकर क्षेत्र में उत्साह का माहौल है। न्यूज चैनल के जिला प्रभारी संदीप केडिया ने बताया कि यह आयोजन झुंझुनू के विकास की नई संभावनाओं और भविष्य की दिशा पर केंद्रित एक महत्वपूर्ण मंच साबित होगा।

इस मौके पर विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वालों का सम्मान भी किया जाएगा। आपको बता दें कि राज्य सभा सांसद बनने के बाद डॉ सतीश पूनियां पहली बार झुंझुनूं आएंगे।

# डीएलसी दरों में भारी बढ़ोतरी से रियल एस्टेट पर पड़ेगी मार : केड़ाई राजस्थान

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** राज्य सरकार की ओर से डीएलसी डिस्ट्रिक्ट लेवल कमेटी दरों में 40 प्रतिशत तक प्रस्तावित वृद्धि पर केड़ाई राजस्थान ने आपत्ति जताते हुए इसे अव्यावहारिक और जनहित के विपरीत बताया है। संगठन ने सरकार से वास्तविक बाजार मूल्य के विस्तृत सर्वे और संबंधित पक्षों से विचार-विमर्श के बाद ही नई दरें लागू करने की मांग की है। केड़ाई राजस्थान के चेयरमैन अनुराग शर्मा ने कहा कि डीएलसी दरों का निर्धारण परंपरागत रूप से जिला कलेक्टर की अध्यक्षता वाली समिति द्वारा क्षेत्रवार बाजार मूल्य के अध्ययन के आधार पर किया जाता है।

ऐसे में बिना विस्तृत सर्वे के एक समान वृद्धि प्राकृतिक न्याय और स्थापित प्रक्रिया के विपरीत है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2024 में डीएलसी दरों में 10 प्रतिशत तथा अक्टूबर 2025 में सड़क की चौड़ाई के आधार पर 10 से 20 प्रतिशत तक बढ़ोतरी की जा चुकी है। वहीं निर्माण दरों में भी करीब 50 प्रतिशत वृद्धि होने से स्टांप ड्यूटी का भार पहले ही बढ़ चुका है। उन्होंने कहा कि रियल एस्टेट कृषि के बाद सबसे अधिक रोजगार देने वाला क्षेत्र है और इससे 381 से अधिक उद्योग जुड़े हैं। ऐसे में डीएलसी दरों में भारी वृद्धि से रियल एस्टेट बाजार में मंदी, निवेश में कमी और रोजगार पर प्रतिकूल असर पड़ सकता है। साथ ही राज्य सरकार के राजस्व लक्ष्य पर भी प्रभाव पड़ने की आशंका है।

उन्होंने बताया कि वर्ष 2024-25 में स्टांप एवं पंजीयन शुल्क से सरकार को करीब 10,542 करोड़ रुपए का राजस्व मिला, जबकि चालू वित्त वर्ष के लिए 15,000 करोड़ रुपए का लक्ष्य रखा गया है। संगठन के अध्यक्ष रविन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि डीएलसी दरों में वृद्धि का सीधा असर आम नागरिक पर पड़ता है, क्योंकि कई कर और शुल्क इन्हीं दरों के आधार पर तय होते हैं। महासचिव आशीष अग्रवाल ने कहा कि पूर्व में डीएलसी निर्धारण से पहले जनप्रतिनिधियों और संबंधित संगठनों से सुझाव लिए जाते थे, लेकिन इस बार ऐसा नहीं किया गया। कार्यकारी अध्यक्ष अनिल गुप्ता ने कहा कि एक ओर सरकार श्राइजिंग राजस्थान के जरिए निवेश आकर्षित करना चाहती है, वहीं दूसरी ओर डीएलसी दरों में वृद्धि निवेश लागत बढ़ा सकती है। वाइस चेयरमैन राजेन्द्र सिंह पचार ने राजस्थान में स्टांप ड्यूटी और पंजीयन शुल्क को अन्य राज्यों की तुलना में अधिक बताते हुए संशोधन की मांग की। प्रवक्ता मदन यादव ने कहा कि प्रस्तावित वृद्धि से मकान खरीदने वालों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ेगा, जबकि कोषाध्यक्ष गिर्राज अग्रवाल ने सरकार से मांग की कि नई दरें लागू करने से पहले सभी क्षेत्रों का वास्तविक बाजार मूल्य का सर्वे कराया जाए तथा जनप्रतिनिधियों और संबंधित संगठनों से व्यापक चर्चा की जाए। संगठन ने यह भी कहा कि डीएलसी दरों में वृद्धि का असर शहरी सेवा शिविरों के तहत दिए जाने वाले पट्टों पर भी पड़ेगा और आमजन को अधिक शुल्क चुकाना होगा।

## भाजपा की हथिनी कुंड यात्रा आज होगी रवाना

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** भाजपा की हथिनी कुंड यात्रा सीकर से हरियाणा के हथिनी कुंड के लिए शनिवार को रवाना होगी। यात्रा भाजपा जिलाध्यक्ष मनोज बाटड़ व पूर्व सांसद स्वामी सुमेधानंद सरस्वती के नेतृत्व में भाजपा जिला कार्यालय से सुबह 6 बजे रवाना होगी। जिला महामंत्री राजेश रोलन ने बताया कि हथिनी कुंड यात्रा में जिला पदाधिकारी व जनप्रतिनिधि रवाना होंगे। यात्रा जिला भाजपा कार्यालय से रवाना होगी जो लक्ष्मणगढ़, फतेहपुर व रामगढ़ शेखावाटी होते हुए हरियाणा के हथिनी कुंड पहुंचेगी। यहां से भाजपा पदाधिकारी यमुना का पानी सीकर लाएंगे। यात्रा के दौरान कार्यकर्ताओं द्वारा यात्रियों का स्वागत किया जाएगा।

## होम्योपैथिक शिविर में 205 लोग हुए लाभान्वित

निलेश मुद्गल



**झुंझुनू ( नवयत्न )।** अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन एवं रानी अहिल्या वीरा केंद्र द्वारा आशुतोष होम्योपैथिक औषधालय परिसर में केदारमल हलवाई की स्मृति में उनके परिवार के आर्थिक सौजन्य से होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 205 रोगियों की जांच कर उनको नि:शुल्क दवाइयां वितरण की गई। कार्यक्रम में रामाकांत हलवाई, डॉ एस एन शुक्ला, श्यामसुंदर जालान, नागरमल जांगिड़, आरती मुंड, सुधा पूनिया, महेश कुमार मुंड, देवेंद्र कुमार गौड़, डॉ मूलसिंह, प्रमोद कुमार, अशोक कुमार, चंद्र प्रकाश, महेश कुमार सहित काफी संख्या में गणमान्य उपस्थित रहे।

## निशानदेही के बदले रिश्वत लेते दो पटवारी गिरफ्तार

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो एसीबी ने भरतपुर में कार्रवाई करते हुए भू प्रबंध विभाग के दो पटवारियों को तीस हजार रुपए की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपित पटवारी कृषि भूमि की पूर्व में हुई नाप की निशानदेही करने के बदले रिश्वत की मांग कर रहे थे। एसीबी महानिदेशक गोविंद गुप्ता ने बताया कि भरतपुर एसीबी चौकी को शिकायत मिली थी कि प्रदीप सिंह पटवारी और दिगम्बर सिंह पटवारी परिवादी एवं उसके परिवार की कृषि भूमि की पूर्व में की गई नाप की निशानदेही करने के एवज में 50 हजार रुपए रिश्वत मांग रहे हैं तथा कार्य के लिए लगातार परेशान कर रहे हैं। शिकायत का सत्यापन करने के बाद भरतपुर एसीबी टीम के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमित सिंह के निर्देशन ट्रैप कार्रवाई की गई। इस कार्रवाई के दौरान दोनों आरोपित पटवारियों को 30 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार कर लिया गया।

## राजस्थान दिव्यांग सेवा संस्थान की बैठक आयोजित



जयशंकर जांगिड़

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** राजस्थान दिव्यांग सेवा संस्थान की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में संस्थान के पदाधिकारियों और सदस्यों ने हिस्सा लिया, जिसमें सामाजिक सरोकार, दिव्यांग सहायता और पर्यावरण संरक्षण को लेकर कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए। जन्मदिन पर सिलाई मशीन, वॉकर का उपहार और पौधरोपण किया। बैठक के दौरान संस्थान द्वारा डॉ जेसी जैन का जन्मदिन बेहद हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस खास अवसर को सेवा कार्य से जोड़ते हुए संस्थान की ओर से दिव्यांग सहायता के तहत एक जरूरतमंद दिव्यांग ग्यारसी लाल को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सिलाई मशीन भेंट की गई। इसके साथ ही एक अन्य दिव्यांग सिमरन को चलने-फिरने में मदद के लिए संस्थान द्वारा एक वॉकर देकर सहायता की गई। वहीं बढ़ते पर्यावरण प्रदूषण को कम करने और प्रकृति को सुरक्षित रखने का संदेश देते हुए संस्थान के सदस्यों द्वारा विभिन्न स्थानों पर पौधरोपण किया गया।

### सामाजिक कल्याण विभाग ने दी बधाई

कार्यक्रम में सामाजिक कल्याण विभाग की तरफ से आई अनीता ने विशेष तौर पर शिरकत की। उन्होंने डॉ जेसी जैन को उनके जन्मदिन पर हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं देकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया और संस्थान द्वारा की जा रही दिव्यांग सेवा कार्यों की सराहना की।

### ये रहे उपस्थित

इस बैठक और समारोह में अध्यक्ष पृथ्वीराज गुर्जर, कोषाध्यक्ष बाबूलाल कुमावत, प्रदेश महामंत्री राकेश कुमार सिरोवा, मीडिया प्रभारी राकेश कुमार जांगिड़, सोयब लंगा, राकेश कुमार, सुनील पूनिया, मुकेश आदि सदस्य मुख्य रूप से उपस्थित रहे। बैठक के अंत में संस्थान के अध्यक्ष पृथ्वीराज गुर्जर ने सभी अतिथियों और सदस्यों का आभार व्यक्त किया और भविष्य में भी दिव्यांग समाज व पर्यावरण हित में ऐसे ही कार्य करते रहने का संकल्प दोहराया।

## आठ अगस्त को सजेगा सतरंगी सावन लहरिया उत्सव

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** सावन की फुहारों और पारंपरिक राजस्थानी संस्कृति के रंगों से सराबोर सतरंगी सावन लहरिया उत्सव का आयोजन आठ अगस्त शनिवार को जयपुर के राजा पार्क स्थित होटल क्लिक में दोपहर एक बजे से किया जाएगा। नृत्यम फाउंडेशन और नेशनल ब्यूटी एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस सांस्कृतिक उत्सव में महिलाओं को अपनी प्रतिभा, रचनात्मकता और आत्मविश्वास का प्रदर्शन करने का अवसर मिलेगा। इस कार्यक्रम के मुख्य समन्वयक भीम सिंह कासनिया होंगे। आयोजिका काजल सैनी ने बताया कि सावन की पारंपरिक थीम पर आधारित इस आयोजन में सावन क्वीन, बेस्ट ड्रेस, बेस्ट डांस और बेस्ट मेहंदी जैसी आकर्षक प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। विभिन्न आयु वर्ग की प्रतिभागी इन प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेकर अपनी कला और व्यक्तित्व का प्रदर्शन करेंगी।

उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली प्रतिभागियों को सम्मानित करने के साथ आकर्षक पुरस्कार भी प्रदान किए जाएंगे। काजल सैनी ने कहा कि आज की व्यस्त जीवनशैली में महिलाओं को अपने लिए समय निकालने के अवसर कम मिलते हैं। ऐसे सांस्कृतिक आयोजन उन्हें तनाव से दूर होकर अपनी रचनात्मक क्षमता को निखारने, आत्मविश्वास बढ़ाने और सामाजिक सहभागिता को मजबूत करने का मंच प्रदान करते हैं। उन्होंने अधिक से अधिक महिलाओं से पारंपरिक लहरिया परिधान में शामिल होकर सावन उत्सव का आनंद लेने की अपील की। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में शर्मा जी ज्वैलरी वाले तथा ज्वेलरी डिजाइनर प्रज्ञा टिबरीवाल का विशेष सहयोग रहेगा। दोनों की ओर से प्रतियोगिताओं के विजेताओं को आकर्षक गिफ्ट प्रदान किए जाएंगे। सैनी ने बताया कि कार्यक्रम की तैयारियां अंतिम चरण में हैं और बड़ी संख्या में महिलाओं की भागीदारी की संभावना है। आयोजन में सावन की लोक संस्कृति, पारंपरिक परिधानों, संगीत और उत्सव की रंगत एक ही मंच पर देखने को मिलेगी।

## शहरी सेवा शिविर आयोजित



ललित दाधीच

**राजलदेसर ( नवयत्न )।** राज्य सरकार के स्वायत्त शासन विभाग द्वारा आयोजित शहरी सेवा शिविर के अंतर्गत वार्डवार अभियान के तहत शुक्रवार को नगर पालिका परिसर में वार्ड संख्या 21 से 25 के नागरिकों के लिए शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का संचालन अधिशाषी अधिकारी सहदेव दान चारण के निर्देशन में किया गया। शिविर में वार्डवासियों की विभिन्न जनसमस्याओं का त्वरित समाधान किया गया। प्राप्त आवेदनों में कृषि भूमि से संबंधित 4 प्रकरण, जन्म पंजीकरण के 2 आवेदन, पेंशन योजना के 3 आवेदन, जन आधार के 5 आवेदन तथा आधार सीडिंग के 9 आवेदनों का निस्तारण किया गया। इसके अलावा साफ-सफाई से संबंधित 2 शिकायतों का समाधान किया गया जबकि जलदाय विभाग ने पेयजल से जुड़ी 6 समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण किया। शिविर के दौरान नगर पालिका के कनिष्ठ अभियंता विकास मीणा, फायरमैन हुकुम सिंह, अर्जुन सिंह, चंदन सिंह, पायल सैन, महेंद्र कुमार भार्गव, प्रेमरतन नाई, निर्मल, महेंद्र मारू, राजकुमार, मनोज कुमार सहित अन्य पालिका कर्मचारी उपस्थित रहे।

## महिला एवं बाल विकास की महिला कर्मचारियों ने सौंपा ज्ञापन

निसं




**खेतड़ी ( नवयत्न )।** खेतड़ी में महिला एवं बाल विकास विभाग में ब्लॉक में कार्यरत मानदेय कर्मियों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं व सहयोगिनियों ने अपनी मांगों का मुख्यमंत्री के नाम सामूहिक हस्ताक्षर युक्त ज्ञापन सीडीपीओ को उमाकांत सुरोलिया के माध्यम से दिया। सीडीपीओ उमाकांत सुरोलिया को दिए ज्ञापन में महिला कर्मियों ने बताया कि वह अपनी मांगों को लेकर पिछले काफी समय से संघर्षरत है इसके बावजूद भी राज्य सरकार की ओर से कोई प्रभावी कदम नहीं उठाया जा रहा है। राज्य सरकार द्वारा उनसे अल्प वेतन में काम करवाया जा रहा, जिससे उन्हें घर चलाना की मुश्किल हो रहा है। उनकी प्रमुख मांगों में राज्य सरकार से उन्हें नियमित्त सेवा में लेने, उनका मानदेय बढ़ाने, काम का समय निर्धारित करने, विभाग की गतिविधियों के अलावा अन्य कार्यों से मुक्त करने, रिटायरमेंट पर पांच लाख रुपयों का भुगतान करने, न्यूनतम मानदेय 25 हजार रूपए करने, उड़ान योजना के अतिरिक्त कार्यभार से उन्हें मुक्त रखने मांग रखी गई है। यदि उनकी मांगों पर कोई संतोषप्रद कार्रवाई नहीं हुई तो वह कार्य का बहिष्कार करेंगे। मानदेय कर्मियों शीला जांगिड़, विनीता शर्मा, अनिता सैनी, कविता सैनी, मैना देवी, बबली देवी, संतोष देवी, सरोज देवी सहित अनेक महिलाएं मौजूद थी।

## शहरी समस्या समाधान शिविर आयोजित

निसं



**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** शहरी समस्या समाधान शिविर 2026 के अन्तर्गत वार्ड नं 55 व 56 तक का शिविर कार्यालय नगर परिषद् सुजानगढ़ के वी.सी. रूम में आयोजित हुआ। शिविर में कृषि भूमि व 69ए के पट्टे की 10, पट्टा नवीनीकरण 07 पत्रावलियों का मौके पर निस्तारण किया गया। यूडी टैक्स के आवेदन 15, जीवीपी 16, सीवर कनेक्शन 11, नाली मरम्मत 02, जन्म-मृत्यु व विवाह पंजीयन पत्र 20, स्ट्रीट लाईट 10, ईडब्ल्यूएस प्रमाण पत्र 5, पीएम स्व निधि 1, जन आधार अद्यतन/संशोधन/नये जोड़े गये सदस्य 22, वृक्षारोपण 89, आज जोड़े गये पेंशनर्स की संख्या 4, शहरी रोजगार गारंटी योजनान्तर्गत जॉबकार्ड 3 प्रकरण प्राप्त हुए जिनको मौके पर निस्तारित किये गये। इसी प्रकार विद्युत सप्लाई में व्यवधान 3, ढीले तारों को व्यवस्थित 4 प्रकरण प्राप्त हुए जिनको मौके पर निस्तारण किया गया है। चिकित्सा शिविर के अन्तर्गत 495 मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य 170 के प्रकरण प्राप्त हुए। एनसीडी 379 प्रकरण, आधार सीडिंग 4, आधार केवाईसी 2, एलपीजी आईडी केवाईसी 2 प्रकरण प्राप्त हुए जिनको मौके पर निस्तारण किया गया। शिविर में निवर्तमान पार्षद दीनदयाल पारीक, रिछपाल बिजारणिया, निवर्तमान पार्षद प्रतिनिधि पन्नालाल सोनी, मनोज पारीक, मनीष दाधीच, जावेद खिची आदि ने उपस्थित होकर आमजन को शिविर का अधिक से अधिक लाभ लेने हेतु प्रेरित किया।

इस मौके पर शिविर प्रभारी सहायक अभियंता विक्रम जोरवाल, सहायक नगर नियोजक उदय सिंह, लेखाकार ओमप्रकाश खीचड़, राजस्व निरीक्षक मुन्नालाल मीणा, वरिष्ठ लिपिक गौतम पारीक, लोकेश जांगिड़ तथा कनिष्ठ लिपिक लोकेश सियोता, फायरमैन देविका, बबिता मीणा, रामनिवास जाट, सुनील विश्नोई, मुख्यमंत्री शहरी रोजगार गांरटी के जेटीए यतेन्द्र सिंह, एमआईएस मैनेजर कृष्ण शर्मा, सहायक लेखाकार सरिता चौधरी, रोजगार सहायक मनीषा व समस्त कम्प्यूटर ऑपरेटर नगर परिषद् तथा चिकित्सा विभाग के डॉ मनीष, नर्सिंग ऑफिसर दिलीप सिंह, एएनएम निर्मला, समाज कल्याण विभाग के सहायक लेखाधिकारी प्रहलाद शर्मा, जलदाय विभाग के फिटर शंकर, महिला एवं बाल विकास विभाग से सुशिला पुरोहित और दुर्गा, वीणा देवी, खाद्य विभाग हंसन खां, रजनीकांत फुलवाड़िया, सार्वजनिक निर्माण विभाग के कनिष्ठ अभियंता रामचन्द्र, रोजगार सहायक भवनी शंकर तथा अन्य विभागों के कार्मिक उपस्थित रहे।

## एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत किया पौधरोपण



निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** राजकीय महिला महाविद्यालय तारानगर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की ओर से एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए महाविद्यालय परिसर में पौधे लगाए और उनकी देखभाल का संकल्प लिया। इस अवसर पर एनएसएस प्रभारी डॉ. अंकिता ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

## नियमित टीकाकरण को प्रभावी बनाने पर मंथन



निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** यूनिसेफ एवं अर्पण सेवा संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को पंचायत समिति सभागार में पंचायत राज संस्थाओं स्वयं सहायता समूहों एवं युवा समूहों के प्रतिनिधियों के लिए क्षमता निर्माण कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला का उद्देश्य नियमित टीकाकरण कार्यक्रम को अधिक प्रभावी बनाना तथा समुदाय की भागीदारी बढ़ाना रहा। अध्यक्षता ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ भूपेंद्र मेघवाल ने की। उन्होंने कहा कि बच्चों को जानलेवा बीमारियों से बचाने के लिए समय पर टीकाकरण अत्यंत आवश्यक है। विकास अधिकारी रवि कुमार ने कहा कि नियमित टीकाकरण कार्यक्रम को सुदृढ़ बनाने, जीरो डोज बच्चों की पहचान करने, टीकाकरण के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने तथा स्थानीय जनप्रतिनिधियों और समुदाय आधारित संगठनों की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने की आवश्यकता है। कार्यशाला में प्रतिभागियों को टीकाकरण से जुड़े महत्वपूर्ण संदेशों, समुदाय में उनकी जिम्मेदारियों तथा स्वास्थ्य सेवाओं को जन-जन तक पहुंचाने में उनकी भूमिका के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम में बीपीएम संजय कुमार, डब्ल्यूएचओ से डॉ सुमित कटारिया एवं ईएम विनोद यादव, राजीविका बीपीएम हरकेश प्रजापत, जेएसआई से शिखर, ब्लॉक समन्वयक अशोक कुमार, प्रवीण कुमार, रमा शर्मा, महिला आरोग्य समिति की सदस्य अंजू शर्मा, बेबी प्रजापत, संतोष और अनीता सहित बड़ी संख्या में पंचायत प्रतिनिधि, स्वयं सहायता समूहों की सदस्य मौजूद रहे।

## पीएचसी सांगरवा और झीगर छोटी राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन कार्यक्रम में सर्टीफाइड

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** चिकित्सा विभाग के निदेशालय की ओर से घोषित किये गए राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन कार्यक्रम के परिणाम में सीकर जिले के दो चिकित्सा संस्थान सर्टीफाइड हुए है। जिले के आयुष्मान आरोग्य मंदिर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सांगरवा और झिगर छोटी राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन कार्यक्रम के तहत क्रमश: 91.11 तथा 91.71 प्रतिशत स्कोर प्राप्त सर्टीफाइड हुई है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अशोक महरिया तथा अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ हर्षल चौधरी के निर्देशन में सीकर जिले में गुणवत्ता आश्वासन कार्यक्रम के तहत नए आयाम स्थापित हो रहे है।

सीकर जिले में जिला क्वालिटी सेल द्वारा चिकित्सा संस्थानों का लगातार भ्रमण कर गुणवत्ता आश्वासन की तैयारियां करवा जाती है। जिला क्वालिटी सेल की डॉ सावित्री भामू, नर्सिंग ऑफिसर नरेश लमोरिया व अन्य ने आयुष्मान आरोग्य मंदिर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सांगरवा तथा झिगर छोटी की लगातार विजिट कर स्टॉफ को गुणवत्ता आश्वासन कार्यक्रम के मानकों के बारे में भली भांति जानकारी दी और चैक लिस्ट के अनुरूप कार्य करने का प्रशिक्षण प्रदान किया, जिससे दोनों संस्थान राष्ट्रीय स्तर पर सर्टीफाइड हुई हैं। ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों के निर्देशन में पीएचसी सांगरवा और झीगर छोटी की टीम गुणवत्ता आश्वासन कार्यक्रम की चैक लिस्ट के अनुसार व्यवस्थाएं सुनिश्चित करती गई, जिसका परिणाम है कि संस्थान प्रमाणीकरण प्राप्त करने वाले संस्थान बने है। राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन प्रमाणीकरण प्राप्त करने पर सांगरवा और झीगर छोटी पीएचसी को तीन-तीन लाख रुपए प्रतिवर्ष तीन वर्ष तक इंसेंटिव प्राप्त होगा, जो पीएचसी पर मरीजों के लिए सुविधाओं को बढ़ाने में खर्च किया जाएगा। जिले में इन संस्थानों सहित 39 चिकित्सा संस्थान कार्यक्रम में सर्टीफाइड हो चुके हैं। इनमें से 18 आयुष्मान आरोग्य मंदिर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र हैं।

## एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत किया पौधरोपण

ललित दाधीच



**राजलदेसर ( नवयत्न )।** ग्राम पंचायत लाछड़सर में आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर के दौरान राज्य सरकार की एक पेड़ मां के नाम योजना के अंतर्गत महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए सामुदायिक भवन के सामने स्थित सिटी पार्क में गुड़हल का पौधा लगाया गया। इस अवसर पर महिला पर्यवेक्षक कंचन शर्मा ने उपस्थित आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं कार्मिकों को पौधों के संरक्षण का संकल्प दिलाते हुए कहा कि केवल पौधे लगाना ही पर्याप्त नहीं है बल्कि उनकी नियमित देखभाल कर उन्हें वृक्ष बनने तक सुरक्षित रखना भी सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने सभी से अधिक से अधिक पौधरोपण करने तथा पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान पौधरोपण कर हरियाली बढ़ाने और स्वच्छ वातावरण बनाने का संदेश दिया गया। इस अवसर पर चंपा देवी, ग्यारसी देवी, पुष्पा देवी, सोनू शर्मा एवं किरण शर्मा सहित महिला एवं बाल विकास विभाग के कार्मिक उपस्थित रहे।

## सम्पादकीय

# बरसात में शहरों का हाल



यह राहत की बात है कि देर से आए मानसून ने पूरे देश को कवर कर लिया। बीते कुछ दिनों में मानसून देश के उन हिस्सों में भी पहुंच गया, जहां उसके पहुंचने को लेकर आशंका उत्पन्न हो गई थी, लेकिन इसी के साथ देश के अनेक शहरों से ऐसी खबरें आना चिंताजनक भी है कि पहली बारिश में ही जल भराव, ट्रैफिक जाम आदि के कारण लोग त्रस्त हुए। यह समझ आता है कि किसी शहर में कम समय में अधिक बरसात हो जाने से लोगों को जल भराव जनित कुछ समस्याओं का सामना करना ही पड़ेगा, लेकिन आखिर इसका क्या मतलब कि कई शहरों में मामूली बरसात ही लोगों के लिए समस्या बन जाए?

यह निराशाजनक है कि हर वर्ष बरसात में हमारे छोटे-बड़े शहर तमाम समस्याओं से घिर जाते हैं। गलियों से लेकर प्रमुख मार्गों तक में पानी जमा हो जाने के कारण केवल आवागमन ही बुरी तरह बाधित नहीं होता, बल्कि कई छोटी-बड़ी दुर्घटनाएं भी देखने को मिलती हैं। कई बार इन दुर्घटनाओं में लोगों की जान भी जाती है। इससे बड़ी विडंबना और कोई नहीं हो सकती कि जिस बारिश की प्रतीक्षा हो रही होती है, वह मुसीबत का जरिया बन जाती है। इसका मुख्य कारण शहरों का नियोजित ढंग से विकास न करना और विशेष रूप से वर्षा जल निकासी के उचित प्रबंध न होना है। प्रति वर्ष मानसून के आगमन के पहले ऐसी खबरें आती हैं कि स्थानीय निकाय जल भराव से बचने के उपाय करने के साथ नालों की सफाई करने में जुट गए हैं, लेकिन आम तौर पर पहली बारिश ही इन दावों की पोल खोल देती है। यह पोल इसलिए खुलती है, क्योंकि नगर निकाय अपना काम सही तरह नहीं करते। इसके बाद भी वर्षाजनित समस्याओं के लिए नगर निकायों के अधिकारी, पार्षद, मेयर आदि कभी जवाबदेह नहीं ठहराए जाते।

जवाबदेही के इस अभाव ने ही हमारे शहरों की सूरत बिगाड़ रखी है। बारिश में शहर और भी अधिक दुर्दशाग्रस्त हो जाते हैं। कहीं सड़कें जलमग्न हो जाती हैं तो कहीं सीवर उफना जाते हैं। बारिश में कई समस्याएं इसलिए भी सिर उठा लेती हैं, क्योंकि सड़कों और नालियों का निर्माण घटिया तरीके से होता है। इसके चलते कई बार सड़कें और यहां तक कि एक्सप्रेसवे तक धंस जाते हैं।

जिन शहरों में बारिश से अत्यधिक जल भराव होता है, उन्हें सैकड़ों करोड़ रुपये का आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है, लेकिन वर्षाजनित समस्याओं के स्थायी और ठोस समाधान तब भी नहीं किए जाते। इसका एक बड़ा कारण नगर निकायों का भ्रष्टाचार है। अपने देश की एक बड़ी त्रासदी यह भी है कि सीवेज के साथ ड्रेनेज सिस्टम दोयम दर्जे का है। स्थिति यह है कि शहरों के विस्तार के क्रम में नए विकसित इलाकों में भी जलनिकासी के उचित उपाय नहीं किए जाते। इससे यही लगता है देश में सुनियोजित नगर नियोजन नाम की कोई चीज ही नहीं रह गई है।

## विशेष आलेख

# नक्सलवाद के बाद घुसपैठ पर निर्णायक प्रहार

## अमित शाह ने राष्ट्रीय सुरक्षा के अगले चरण का बिगुल फूंका

देश को नक्सल आतंक की जकड़ से बाहर निकालने और जम्मू-कश्मीर तथा पूर्वोत्तर में आतंकवाद पर निर्णायक प्रहार के बाद अब केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने राष्ट्रीय सुरक्षा के अगले चरण का बिगुल फूंक दिया है। इस बार निशाने पर केवल घुसपैठ नहीं, बल्कि घुसपैठ के जरिये सीमावर्ती इलाकों में बदलता जनसंख्या संतुलन, तस्करी, मादक पदार्थों का जाल, कट्टरपंथ, ड्रोन खतरे, संगठित अपराध और सीमा पार से संचालित छद्म युद्ध की पूरी रणनीति है। अमित शाह ने स्पष्ट संकेत दिया है कि देश को घुसपैठिया मुक्त बनाने और सीमाओं को अभेद्य सुरक्षा कवच देने का व्यापक अभियान अब सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। अमित शाह का मानना है कि सीमावर्ती क्षेत्रों में अस्वाभाविक जनसंख्या परिवर्तन केवल स्थानीय समस्या नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों की राष्ट्रीय सुरक्षा, सामाजिक स्थिरता और सामरिक संतुलन से जुड़ा हुआ प्रश्न है, ऐसे में यह अभियान वर्तमान के साथ-साथ भविष्य के भारत की सुरक्षा का भी मजबूत आधार बनेगा। भारतखबर

हम आपको बता दें कि नई दिल्ली में आयोजित सीमांत जिला पुलिस अधीक्षक सम्मेलन को संबोधित करते हुए अमित शाह ने सीमा सुरक्षा के लिए सरकार की नई और व्यापक रणनीति सामने रखी। उन्होंने कहा कि यह सम्मेलन सीमा सुरक्षा के समग्र दृष्टिकोण को संस्थागत स्वरूप देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। अब केवल भूमि सीमाओं तक ही नहीं, बल्कि आने वाले समय में तटीय सीमाओं की सुरक्षा के लिए भी इसी प्रकार का समग्र और एकीकृत दृष्टिकोण अपनाया जाएगा। सम्मेलन में सीमा सुरक्षा से जुड़ी चुनौतियों, उनके समाधान और भविष्य की नीति तैयार करने पर व्यापक विचार विमर्श किया गया। अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की सीमा सुरक्षा व्यवस्था अब केवल चौकियों और गश्त तक सीमित नहीं रहेगी। सरकार सीमा सुरक्षा बलों, राज्य सरकारों, जिला प्रशासन, केंद्र सरकार के संबंधित विभागों और सीमावर्ती क्षेत्रों के स्थानीय नागरिकों को साथ जोड़कर चार स्तरीय सुरक्षा तंत्र तैयार कर रही है। यही चतुष्कोणीय सुरक्षा व्यवस्था भविष्य में भारत की सीमाओं को अभेद्य बनाने का सबसे मजबूत आधार बनेगी। उन्होंने कहा कि सुरक्षित सीमा, समृद्ध सीमावर्ती क्षेत्र और सतर्क समाज मिलकर ही राष्ट्र की सुरक्षा सुनिश्चित कर सकते हैं।

गृह मंत्री ने इस बात पर विशेष जोर दिया कि भारत की लगभग पंद्रह हजार किलोमीटर लंबी अंतरराष्ट्रीय सीमा अठारह राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से होकर गुजरती है। इतनी विशाल सीमा की सुरक्षा केवल सुरक्षा बलों के भरोसे संभव नहीं है। इसके लिए स्थानीय समाज की भागीदारी, प्रशासनिक समन्वय और आधुनिक तकनीक का प्रभावी उपयोग अनिवार्य है। इसी सोच के तहत सरकार अलग थलग सीमा चौकियों की पुरानी व्यवस्था से आगे बढ़कर एकीकृत सुरक्षा तंत्र विकसित कर रही है। उन्होंने कहा कि भारत की स्मार्ट सीमा की परिकल्पना आने वाले वर्षों में दुनिया की सबसे आधुनिक सीमा सुरक्षा व्यवस्था का रूप लेगी।




अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने नक्सलवाद, जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद और पूर्वोत्तर में हिंसा के खिलाफ उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। अब अगले तीन वर्षों में मादक पदार्थों के अवैध कारोबार पर भी निर्णायक प्रहार किया जाएगा। साथ ही ऐसा मजबूत सुरक्षा ढांचा तैयार किया जा रहा है जिससे देश पूरी तरह घुसपैठ मुक्त बने और भविष्य में किसी भी प्रकार की अवैध घुसपैठ की संभावना लगभग समाप्त हो जाए। उन्होंने कहा कि पहले समस्याएं स्थायी होती थीं और समाधान अस्थायी, लेकिन अब सरकार समस्याओं की जड़ पर प्रहार कर स्थायी समाधान तैयार कर रही है। देखा जाये तो इस पूरी रणनीति का सबसे महत्वपूर्ण पहलू सीमावर्ती क्षेत्रों में बदलते जनसंख्या स्वरूप पर मोदी सरकार का विशेष ध्यान है। अमित शाह ने स्पष्ट कहा कि सीमावर्ती इलाकों में अस्वाभाविक जनसंख्या परिवर्तन का सबसे बड़ा कारण अवैध घुसपैठ है। इसी कारण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जनसंख्या अध्ययन अभियान प्रारंभ किया है, जिसके तहत जनसंख्या में हो रहे अस्वाभाविक बदलावों का अध्ययन किया जाएगा, उनके कारणों की पहचान होगी और भविष्य में ऐसे परिवर्तनों को रोकने के उपाय सुझाए जाएंगे। सरकार ने यह भी स्पष्ट किया है कि अस्वाभाविक कारणों से होने वाली जनसंख्या वृद्धि पर कठोरता के साथ नियंत्रण किया जाएगा। गृह मंत्री ने निर्देश दिया कि सीमावर्ती क्षेत्रों में जनसंख्या परिवर्तन से जुड़ी हर महत्वपूर्ण सूचना सबसे निचले स्तर से लेकर शीर्ष स्तर तक तत्काल पहुंचनी चाहिए, ताकि समय रहते आवश्यक कार्रवाई की जा सके। सरकार सीमाओं को मजबूत बनाने के लिए आधारभूत ढांचे पर भी अभूतपूर्व निवेश कर रही है। अमित शाह ने बताया कि सीमा क्षेत्रों में आधारभूत संरचना पर निवेश में चार सौ प्रतिशत की वृद्धि की गई है और वैज्ञानिक दृष्टिकोण के साथ सड़कों, संचार व्यवस्था, निगरानी तंत्र तथा अन्य सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। भारत म्यांमार सीमा के सोलह सौ दस किलोमीटर लंबे हिस्से पर 31 हजार करोड़ रुपये की लागत से बाड़ लगाने का कार्य भी तेजी से चल रहा है। इसका उद्देश्य केवल घुसपैठ रोकना नहीं, बल्कि छद्म युद्ध, अवैध हथियारों की आवाजाही, मादक पदार्थों की तस्करी, संगठित अपराध और सीमा पार से संचालित अन्य गतिविधियों पर प्रभावी रोक लगाना है।

साथ ही मोदी सरकार की सीमा सुरक्षा नीति केवल सैन्य दृष्टिकोण तक सीमित नहीं है। सीमावर्ती गांवों को मजबूत बनाना भी इसका महत्वपूर्ण हिस्सा है। वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के अंतिम गांव को पहला गांव बताया है। इस योजना के माध्यम से सीमावर्ती क्षेत्रों से पलायन रोकने, स्थानीय रोजगार बढ़ाने और सरकारी योजनाओं का शत प्रतिशत लाभ प्रत्येक नागरिक तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। मोदी सरकार का मानना है कि जब सीमा पर बसे गांव समृद्ध होंगे, वहां के लोग सुरक्षित और आत्मनिर्भर होंगे, तभी सीमा सुरक्षा भी स्थायी रूप से मजबूत होगी। सामरिक दृष्टि से देखें तो यह नई नीति भारत की सुरक्षा सोच में बड़ा परिवर्तन है। अब देश केवल किसी घटना के बाद प्रतिक्रिया देने की नीति पर नहीं रहेगा, बल्कि संभावित खतरों को पहले ही पहचानकर उन्हें रोकने की सक्रिय रणनीति अपनाई जाएगी। घुसपैठ, छद्म युद्ध, कट्टरपंथ, मादक पदार्थों की तस्करी, ड्रोन के जरिये हथियार पहुंचाना, साइबर अपराध और संगठित अपराध आज एक दूसरे से जुड़ी चुनौतियां बन चुकी हैं। ऐसे में इन सभी के खिलाफ एकीकृत सुरक्षा तंत्र भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा को नई मजबूती देगा। विशेषज्ञों का कहना है कि यदि सीमाओं पर प्रभावी नियंत्रण, जनसंख्या संतुलन की निगरानी, आधुनिक तकनीक आधारित सुरक्षा व्यवस्था और सीमावर्ती गांवों का विकास एक साथ सफलतापूर्वक आगे बढ़ता है तो भारत न केवल अपनी सीमाओं को अधिक सुरक्षित बना सकेगा, बल्कि भविष्य में किसी भी प्रकार की बाहरी चुनौती का अधिक प्रभावी ढंग से सामना करने की स्थिति में भी होगा। अमित शाह द्वारा प्रस्तुत यह नई रणनीति केवल सीमा सुरक्षा का कार्यक्रम नहीं, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा, सामाजिक स्थिरता, सामरिक शक्ति और भविष्य के भारत की सुरक्षा संरचना को मजबूत करने वाला व्यापक अभियान बनकर उभर रही है।

## स्वास्थ्य समाचार

# रोज सुबह खाली पेट बेल पत्र खाने से मिलेंगे यह फायदे

भारत में बेलपत्र का काफी महत्व है। इसे पूजा-पाठ से लेकर सेहत तक के लिए बहुत जरूरी माना जाता है। दरअसल, बेलपत्र पोषक तत्वों से भरपूर होता है। इसमें विटामिन ए, सी, बी1 और बी6 पाए जाते हैं। इसके अलावा बेलपत्र में कैल्शियम और फाइबर भी होते हैं, जो हेल्थ के लिए बहुत जरूरी होते हैं। इसलिए आप चाहें तो बेलपत्र का सेवन भी कर सकते हैं। बेलपत्र स्वास्थ्य से जुड़ी कई समस्याओं को दूर करने में असरदार साबित हो सकता है। बेलपत्र का नियमित सेवन करने से पेट से जुड़ी समस्याओं में आराम मिलता है। इसके अलावा, बेलपत्र को हार्ट हेल्थ और लिवर के लिए भी अच्छा माना जाता है। इसलिए आप भी बेलपत्र को अपनी डाइट में शामिल कर सकते हैं। वैसे तो बेलपत्र का सेवन किसी भी समय किया जा सकता है, लेकिन रोज सुबह खाली पेट बेलपत्र खाने से आपको अनगिनत लाभ मिल सकते हैं।

**इम्यूनिटी बूस्ट करे :** स्वस्थ रहने के लिए शरीर की इम्यूनिटी का मजबूत होना बहुत जरूरी होता है। इसलिए अगर आप बार-बार बीमार पड़ जाते हैं, तो आपको रोज सुबह खाली पेट बेलपत्र का सेवन जरूरी करना चाहिए। बेलपत्र में विटामिन सी होता है, जो इम्यूनिटी को मजबूत बनाने का काम करता है। अगर आप रोजाना खाली पेट बेलपत्र खाएंगे, तो इससे सर्दी-जुकाम और खांसी से बचाव होगा। साथ ही, आप बार-बार बीमार भी नहीं पड़ेंगे।



**पेट की समस्याओं से छुटकारा दिलाए :** बेलपत्र में फाइबर अधिक होता है। इसलिए इसे पेट के लिए काफी फायदेमंद माना जाता है। अगर आपको पेट से जुड़ी कोई समस्या है, तो रोज सुबह खाली पेट बेलपत्र का सेवन कर सकते हैं। रोज सुबह बेलपत्र का सेवन करने से गैस, एसिडिटी और अपच से छुटकारा मिल सकता है। साथ ही, बेलपत्र खाने से कब्ज भी ठीक हो सकती है। जिन लोगों को बवासीर की समस्या है, उनके लिए खाली पेट बेलपत्र खाना फायदेमंद हो सकता है। दरअसल, बेलपत्र पाचनतंत्र को मजबूत बनाता है। इससे पेट की सारी समस्याओं में आराम मिलता है।

**हार्ट हेल्थ में सुधार करे :** बेलपत्र को हार्ट हेल्थ के लिए भी बेहद फायदेमंद माना जाता है। अगर आप रोज सुबह खाली पेट बेलपत्र का सेवन करेंगे, तो इससे हार्ट हेल्थ में सुधार हो सकता है। बेलपत्र में एंटीऑक्सीडेंट गुण पाए जाते हैं, जो हार्ट को बीमारियों से बचाते हैं। बेलपत्र खाने से हार्ट मजबूत बनता है। साथ ही हार्ट अटैक, हाई ब्लड प्रेशर के जोखिम को भी कम करता है। अगर सुबह खाली पेट बेलपत्र खाया जाता है, तो हृदय रोगों के जोखिम को कम किया जा सकता है।

### बॉडी को ठंडक प्रदान करे

रोज सुबह बेलपत्र खाने से शरीर को ठंडक मिलेगी। दरअसल, बेलपत्र की तासीर ठंडी होती है। ऐसे में अगर आप बेलपत्र का सेवन करेंगे, तो इससे पूरे दिन आपका शरीर ठंडा बना रहेगा। खासकर, गर्मियों में बेलपत्र का सेवन करना अधिक फायदेमंद होता है। इससे आपको ठंडक मिलेगी। अगर मुंह में छाले हो रहे हैं, तो भी रोज सुबह खाली पेट बेलपत्र का सेवन करना फायदेमंद होता है। इसके लिए आप बेलपत्र को चबाकर खा सकते हैं।

### डायबिटीज रोगियों के लिए फायदेमंद

बेलपत्र को डायबिटीज रोगियों के लिए भी काफी फायदेमंद माना जाता है। अगर आप डायबिटीज रोगी हैं, तो रोज सुबह खाली पेट बेलपत्र का सेवन कर सकते हैं। बेलपत्र में मौजूद फाइबर और अन्य पोषक तत्व डायबिटीज रोगियों के लिए जरूरी होते हैं। खाली पेट बेल पत्र खाने से ब्लड शुगर लेवल को नियंत्रण में रखा जा सकता है।

# अजवाइन का पानी पीने से सेहत को मिलेंगे यह जबरदस्त फायदे

अजवाइन आपको लगभग हर भारतीय रसोई में आसानी से मिल जाएगी। आमतौर पर इसका इस्तेमाल सब्जी में तड़का लगाने के लिए किया जाता है। अजवाइन का सेवन करने से सेहत को कई लाभ मिलते हैं। बता दें कि अजवाइन में प्रोटीन, फाइबर, कैल्शियम, कार्बोहाइड्रेट, आयरन, पोटेशियम आदि पोषक तत्व मौजूद होते हैं। ये सभी पोषक तत्व शरीर की कई समस्याओं को दूर करने में लाभकारी हो सकते हैं। सिर्फ अजवाइन ही नहीं, अजवाइन का पानी भी स्वास्थ्य के लिए बहुत लाभकारी होता है। यह ब्लड शुगर को कंट्रोल करने से लेकर इम्यूनिटी को बूस्ट करने में काफी फायदेमंद हो सकता है। अजवाइन का पानी पीने से पाचन भी दुरुस्त रहता है। नियमित रूप से अजवाइन का पानी पीने से कई स्वास्थ्य समस्याओं से छुटकारा मिल सकता है।

**पाचन तंत्र को स्वस्थ रखे :** गलत खानपान के कारण अक्सर पाचन संबंधी समस्याएं होने लगती हैं। ऐसे में पाचन को बेहतर बनाने के लिए अजवाइन का पानी काफी फायदेमंद हो सकता है। इसमें घुलनशील फाइबर पाया जाता है, जो पाचन क्रिया को मजबूत करने में मदद करता है। अजवाइन का पानी पीने से गैस्ट्रिक एसिड और डाइजेस्टिव एंजाइम्स को बढ़ाने में मदद मिलती है। इससे पेट में गैस, कब्ज और एसिडिटी जैसी समस्याओं में लाभ हो सकता है।

**इम्यूनिटी को मजबूत बनाए :** अजवाइन का पानी पीने से शरीर की इम्यूनिटी बूस्ट होती है। दरअसल, अजवाइन में मौजूद तत्व इम्यून सिस्टम को मजबूत बनाने में मदद करते हैं। नियमित रूप से अजवाइन का पानी पीने से आप कई तरह की बीमारियों और संक्रमण से बच सकते हैं।

**अस्थमा रोगियों के लिए फायदेमंद :** अस्थमा रोगियों के लिए अजवाइन का पानी काफी फायदेमंद हो सकता है। रोजाना अजवाइन के पानी का सेवन करने से अस्थमा और सांस संबंधी परेशानियों को काफी हद तक कम किया जा सकता है। यह खांसी से आराम पहुंचाने के साथ-साथ छाती में जमा कफ को बाहर निकालने में भी मदद कर सकता है।

# मानसून में च्यवनप्राश खाने से मिलते हैं यह फायदे

मानूसन के मौसम में सबकी इम्यूनिटी बहुत कमजोर हो जाती है। हर कोई बहुत आसानी से बीमार हो जाता है और सही तरह से अपनी डाइट-लाइफस्टाइल को बैलेंस नहीं किया गया, तो बीमारी बार-बार भी हो सकती है। यही कारण है कि ज्यादातर लोग मानसून के दिनों में अपनी डाइट में एक से एक हेल्दी चीजें शामिल करने को प्राथमिकता देते हैं। ऐसी ही एक चीज है, च्यवनप्राश। यह एक तरह का आयुर्वेदिक हर्बल टॉनिक है। इसका उपयोग हमारे यहां सालों से किया जा रहा है। यहां तक कि भारतीय चिकित्सकीय पद्धति में भी इसका खासा इस्तेमाल किया जाता है। वैसे, तो लोग इसका सेवन सर्दियों के दिनों में खासतौर पर करते है। लेकिन, मानसून के दिनों में भी इसका उपयोग किया जा सकता है और इससे आपको कई फायदे भी मिल सकते हैं।

**इम्यूनिटी बढ़ती :** च्यवनप्राश कई तरह की जड़ी-बूटियों, मसालों और औषधीय पौधों से मिलकर बनाया जाता है। यही कारण है कि इसका सेवन करने से मौसमी संक्रमण और बीमारियों से बचने में मदद मिल सकती है। इसके अलावा, जब आप रेगुलर बेसिस पर च्यवनप्राश का सेवन करते हैं, तो यह प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया को बेहतर बनाने का काम करता है। नतीजतन, मानसून के दिनों में सामान्य सर्दी-खांसी और फ्लू जैसी सामान्य बीमारियां होने का रिस्क कम हो जाता है।



**सांस संबंधी समस्या में कमी आती है :** मानसून का दिनों में हवा में काफी नमी मौजूद होती है। यह मौसम अस्थमा के मरीजों के लिए खासकर काफी मुसीबतें लेकर आता है। यही नहीं, सामान्य लोगों को भी इन दिनों सांस संबंधी समस्रूएं हो सकती हैं। वहीं, अगर आप च्यवनप्राश का सेवन रोजाना करते हैं, तो इस समस्या में कमी आ सकती है। असल में, च्यवनप्राश में तुलसी और पुष्करमूल जैसी कई जड़ी-बूटियां हेती है, जो इसे सांस संबंधी समस्याओं के लिए लाभकारी बनाता है। इसके सवेन से, सांस संबंधी समस्याओं के लक्षणों में भी कमी देखी जा सकती है।

**पाचन संबंधी समस्याओं में कारगर :** मानसून के मौसम में खानपान को लेकर बहुत ज्यादा सावधानी बरतनी पड़ती है। दरअसल, इन दिनों अगर कोई स्ट्रीट फूड, तला-भुना या फ्राइड चीजें ज्यादा मात्रा में खाता है, तो इसे पचान की समस्या हो सकती है। मानसून के दिनों में इसीलिए, ज्यादातर लोगों को पेट में दर्द, पेट में गैस बनने की जैसी कई समस्याएं होने लगती है। इस तरह की स्थिति से बचने के लिए आप च्यवनप्राश का सेवन कर सकते हैं। च्यवनप्राश में अदरक और इलायची जैसी जड़ी-बूटियां होती हैं, जो पाचन में सहायता कर सकती हैं और पाचन तंत्र को शांत कर सकती हैं।

## आज का राशिफल

### मेष
नए अनुबंधों का लाभ मिलेगा। धन प्राप्ति सुगम होगी। पूछ-परख रहेगी। रुके कार्य बनेंगे। जोखिम न लें। वाणी पर नियंत्रण रखना होगा। व्यवहार कुशलता एवं सहनशीलता के बल पर आने वाली बाधाओं का समाधान हो सकेगा। खानपान पर नियंत्रण रखें।

### वृष
मेहनत का फल मिलेगा। कार्यसिद्धि से प्रसन्नता रहेगी। प्रतिष्ठा बढ़ेगी। शत्रु शांत रहेंगे। धनार्जन होगा। आज विशेष लाभ होने की संभावना है। बुद्धि एवं मनोबल से सुख-संपन्नता बढ़ेगी। व्यापार में कार्य का विस्तार होगा। सगे-संबंधी मिलेंगे। पठन-पाठन में मन लगेगा।

### मिथुन
नई योजना बनेगी। नए अनुबंध होंगे। लाभ के अवसर बढ़ेंगे। कार्यस्थल पर परिवर्तन हो सकता है। परिवार की समस्याओं की चिंता रहेगी। समय की अनुकूलता का लाभ अधिकाधिक लेना चाहिए। नवीन उपलब्धियों की प्राप्ति संभव है। व्यापार-व्यवसाय अच्छा चलेगा। वरिष्ठजनों का मार्गदर्शन प्राप्त होगा।

### कर्क
प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। कोर्ट व कचहरी में अनुकूलता रहेगी। धनार्जन होगा। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। प्रमाद न करें। व्यापार-व्यवसाय में इच्छित लाभ की संभावना है। भाइयों की मदद मिलेगी। संपत्ति के लेनदेन में सावधानी रखें। विद्यार्थी वर्ग सफलता अर्जित करेगा।

### सिंह
रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का मौका मिलेगा। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। आपके व्यवहार एवं कार्यकुशलता से अधिकारी वर्ग से सहयोग मिलेगा। संतान के कार्यों पर नजर रखें। प्रचार-प्रसार से दूर रहें। मनपसंद भोजन का आनंद प्राप्त होगा।

### कन्या
वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। दूसरों की जमानत न लें। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। पारिवारिक जीवन में तनाव हो सकता है। व्यापार में नई योजनाओं से लाभ के योग हैं। स्थायी संपत्ति क्रय करने के योग बनेंगे। प्रतिष्ठित व्यक्तियों से भेंट होगी।

### तुला
संपत्ति के कार्य लाभ देंगे। बेरोजगारी दूर होगी। धन की आवक बनी रहेगी। जोखिम व जमानत के कार्य न करें। लक्ष्य को ध्यान में रखकर प्रयत्न करें, सफलता मिलेगी। शुभ कार्यों में संलग्न होने से सुयश एवं सम्मान प्राप्त हो सकेगा। व्यापारिक निर्णय लेने में देर नहीं करें।

### वृश्चिक
यात्रा, नौकरी व निवेश मनोनुकूल लाभ देंगे। भेंट आदि की प्राप्ति होगी। कोई बड़ा कार्य होने से प्रसन्नता रहेगी। व्यापार में उन्नति के योग हैं। संतान की ओर से सुखद स्थिति बनेगी। प्रयास की मात्रा के अनुसार लाभ की अधिकता रहेगी। अपनी वस्तुएँ संभालकर रखें।

### धनु
क्रोध पर नियंत्रण रखें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। दु:खद समाचार मिल सकता है। चिंता बनी रहेगी। व्यापार-व्यवसाय में सावधानी रखें। वास्तविकता को महत्व दें। प्रयासों में सफलता के योग कम हैं। परिवार में कलह-कलेश का माहौल रह सकता है। दूर यात्रा की योजना बन सकती है।

### मकर
मेहमानों का आवागमन होगा। उत्साहवर्धक सूचना मिलेगी। प्रसन्नता रहेगी। मान बढ़ेगा। जल्दबाजी न करें। जोखिम के कार्यों से दूर रहें। पराक्रम में वृद्धि होगी। परिवार में सहयोग का वातावरण रहेगा। अभिष्ट कार्य की सिद्धि के योग हैं। उलझनों से मुक्ति मिलेगी।

### कुंभ
कोर्ट व कचहरी के काम निबटेंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। तंत्र-मंत्र में रुचि रहेगी। धनार्जन होगा। प्रमाद न करें। संतान के कार्यों से समाज में प्रतिष्ठा बढ़ेगी। नेतृत्व गुण की प्रधानता के कारण प्रशासन व नेतृत्व संबंधी कार्य सफल होंगे। शत्रुओं से सावधान रहें।

### मीन
वाणी पर नियंत्रण रखें। अप्रत्याशित बड़े खर्च सामने आएंगे। कर्ज लेना पड़ सकता है, जोखिम न लें। अजनबी व्यक्ति पर विश्वास न करें। उदर विकार के योग के कारण खान-पान पर संयम रखें। विवादों से दूर रहना चाहिए। आर्थिक प्रगति में रुकावट आ सकती है।

# टैगोर ब्रांड सरसों के तेल के तीन बैचों पर तत्काल रोक

निसं







**जयपुर ( नवयत्न )।** जन स्वास्थ्य की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए आयुक्तालय खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण, राजस्थान ने एमध्एस गोयल ऑयल उद्योग द्वारा निर्मित टैगोर ब्रांड सरसों के तेल के चयनित बैचों की बिक्री, वितरण, निर्माण, भंडारण और प्रदर्शन पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी है। यह कार्रवाई राज्य खाद्य प्रयोगशाला, जयपुर की विश्लेषण रिपोर्ट में संबंधित उत्पाद को असुरक्षित पाए जाने के बाद की गई। आयुक्त डॉ. टी. शुभमंगला द्वारा जारी आदेश के अनुसार टैगोर ब्रांड सरसों के तेल के बैच नंबर 01, 02 और 10 को खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के प्रावधानों के तहत असुरक्षित घोषित किया गया है।

इसके चलते इन बैचों के निर्माण, बिक्री, वितरण, भंडारण और प्रदर्शन पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगाया गया है। यह प्रतिबंध प्रारंभिक रूप से दो माह अथवा नियमानुसार निर्धारित अवधि तक प्रभावी रहेगा। अभिहित अधिकारी खाद्य सुरक्षा एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जयपुर प्रथम डॉ. रवि शेखावत ने आमजन से अपील की है कि यदि उनके पास टैगोर ब्रांड सरसों के तेल के बैच नंबर 01, 02 या 10 उपलब्ध हैं तो उनका उपयोग नहीं करें और संबंधित विक्रेता को वापस कर दें। वहीं जिले के सभी थोक एवं खुदरा विक्रेताओं को निर्देश दिए गए हैं कि प्रतिबंधित बैच के उत्पाद तत्काल अपने प्रतिष्ठानों से हटा लें और विभागीय निर्देशों की पालना सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि जयपुर प्रथम के खाद्य सुरक्षा अनुभाग की ओर से जिलेभर में लगातार निरीक्षण और सघन जांच अभियान चलाया जा रहा है।

यदि प्रतिबंधित बैच का उत्पाद बिक्री या भंडारण में पाया गया तो संबंधित खाद्य कारोबारियों के विरुद्ध खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के तहत कठोर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। विभाग ने उपभोक्ताओं से खाद्य पदार्थ खरीदते समय ब्रांड, बैच नंबर, निर्माण तिथि और समाप्ति तिथि की जांच करने तथा किसी भी संदिग्ध खाद्य पदार्थ की सूचना संबंधित खाद्य सुरक्षा अधिकारी या अभिहित अधिकारी को देने की अपील की है, ताकि जन स्वास्थ्य की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

# राष्ट्रीय संत सरजूदास महाराज के जन्मदिन पर 108 जरुरतमंद परिवारों को मिले राशन किट

निसं



**बीकानेर ( नवयत्न )।** रामझरोखा कैलाशधाम के पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर सरजूदास महाराज का जन्मदिवस धर्म व सेवा कार्यों के साथ मनाया गया। राष्ट्रीय संतश्री सरजूदास महाराज ने अलसुबह परम पूज्य गुरुदेव सियाराम महाराज व रामदास महाराज की गद्दी का वंदन, नर्बदेश्वर महादेव का अभिषेक एवं हनुमानजी का पूजन तथा श्रीलक्ष्मीनाथ मंदिर के दर्शन किए। तीन गौशालाओं सियाराम गौशाला, पिंजरापोल गौशाला व गंगा जुबली गौशाला में गौसेवा के कार्य किए। इसके साथ ही शाम को आश्रम में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने सुंदरकांड के पाठ किए तथा महाआरती के बाद महाप्रसादी का आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं को सम्बोधित करते हुए महामंडलेश्वर सरजूदास महाराज ने कहा कि संत-महात्माओं के लिए जन्मतिथि हो या पुण्यतिथि सभी अवसर जप-तप और सेवा के कार्यों के साथ ही व्यतीत होते हैं। विशेष अवसरों पर अधिक सेवा कार्य करके लोगों के लिए प्रेरणादायी बनना चाहिए। जन्मदिन के विशेष अवसर सरजूदास महाराज ने 108 जरुरतमंद परिवारों को राशन किट पहुंचाई गई। इस किट में लगभग 15 दिवस की राशन सामग्री शामिल की गई थी। इस पुनीत कार्य में भंवर जोशी, कैलाश जोशी, प्रदीप जोशी एवं महावीर जोशी शामिल रहे।

## गौमाता को लगाया छप्पन भोग, गोचर में लगाए पौधे

सरजूदास महाराज ने बताया कि जन्मदिवस के विशेष अवसर पर श्री सालासर बालाजी धाम में पुजारी रविशंकर श्री बालाजी गौशाला संस्थान सालासर धाम एवं सालासर पुजारी परिवार द्वारा प्रभु श्री बालाजी महाराज को समर्पित दिव्य छप्पन भोग का भव्य आयोजन किया गया। यह हरी सब्जियों, तरबूज व फलों के छप्पन भोग गौमाता को परोसा गया। सेवा के इसी क्रम में श्री लक्ष्मीनाथ मंदिर के समीप पिंजरापोल में सरजूदास महाराज ने गौमाता के लिए लापसी बनाई तथा हरा चारा भी खिलाया। इस दौरान श्रीभगवान अग्रवाल, चंद्रेश अग्रवाल, नीरज अग्रवाल, राजू नागौरी, राजेन्द्र अग्रवाल, प्रेम अग्रवाल, राजाराम अग्रवाल, यशराज अग्रवाल, भगवानदास अग्रवाल, प्रदीप उपाध्याय, वैद्य किशन शर्मा, ऋषि गहलोत ने सरजूदास महाराज का अभिनंदन किया। पूगल रोड स्थित गंगा जुबली पिंजरापोल में पूज्य संत योगी विलासनाथ महाराज, गौसेवी देवश्री चांडक, पं. राजेन्द्र किराडू, श्रीभगवान अग्रवाल, रविन्द्र हर्ष, ज्योतिप्रकाश रंगा, पृथ्वीसिंह पंवार, प्रेमलता चांडक व सलोनी चांडक ने गौमाता का पूजन, गौआरती व गौप्रसादी व पुष्पवर्षा कर तथा सरजूदास महाराज का स्मृति चिह्न से अभिनंदन किया। सेवा कार्यों की शृंखला में सुजानदेसर स्थित काली माता के मंदिर के पीछे 35 वृक्षों को रोपित किया गया। इस दौरान मिलन गहलोत, नारायण गहलोत, ओमप्रकाश गहलोत आदि उपस्थित रहे।

## मंदबुद्धि विद्यालय में बच्चों को मिला वात्सल्य

सरजूदास महाराज ने सुदर्शनानगर स्थित मंदबुद्धि, मूक-बधिर एवं नेत्रहीन बच्चों के विशेष आवासीय विद्यालय सेवा आश्रम में बच्चों को भोजन वितरित किया। सामाजिक कार्यकर्ता रजनीश जोशी ने बताया कि महामंडलेश्वर सरजूदास महाराज ने केवल भोजन वितरित ही नहीं किया बल्कि उनको अपने हाथों से भोजन खिलाया। वात्सल्य के इन पलों में बच्चों के लिए महाराज साक्षात् देवतुल्य नजर आ रहे थे। इससे पूर्व रघुनाथ मंदिर में भगवान रघुनाथजी को छप्पन भोग प्रसाद के दर्शन किए। इस दौरान विधायक जेठानन्द व्यास भी उपस्थित रहे ।

# चिकित्सा सेवा शिविर आयोजित

नवरतन वर्मा



**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** ज्योति पाठशाला के पास स्थित मेघवाल गेस्ट हाऊस में विश्व हिन्दू परिषद व बजरंग दल द्वारा आयोजित चिकित्सा सेवा शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि अर्जुन सिंह फ्रांसा व विशिष्ट अतिथि एडवोकेट बजरंग गुर्जर ने किया। मुख्य अतिथि अर्जुन सिंह ने कहा कि मानसून के दौरान फैलने वाली विभिन्न बीमारियों की रोकथाम के लिए सेवा बस्ती में आयोजित किए जाने वाला यह शिविर रुग्ण मानवता की सेवा में अच्छा और सार्थक कदम है। विशिष्ट अतिथि एडवोकेट बजरंग गुर्जर ने परिषद् द्वारा किये जा रहे सेवा कार्यों को वर्तमान समय की महती आवश्यकता बताया। वैद्य लक्ष्मीनारायण शर्मा ने शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा दी जा रही सेवाओं की सराहना की। शिविर के स्वागताध्यक्ष व प्रभारी केशरदेव सोलंकी ने इस दौरान सेवा देने वाले सभी डॉक्टरों व आयोजकों का आभार व्यक्त किया। वासुदेव चाकलान व वीरेन्द्र बुनकर ने भी अपने विचार व्यक्त किए। शिविर में डॉक्टर मेघा पारीक, नाड़ी रोग विशेषज्ञ दानाराम तथा कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर विक्रम भार्गव, नवीन पंवार तथा लैब टेक्नीशियन परमेश्वर प्रजापत ने सेवाएं दी। परिषद् के अध्यक्ष राजकुमार महर्षि ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया। शिविर के दौरान महामंडलेश्वर कृष्णानंद महाराज व खंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर मनीष तिवाड़ी ने भी सेवाओं का अवलोकन किया। शिविर में जगदेव सांखोलिया, राजेन्द्र प्रसाद चांदगोठिया, कैलाश आत्रेय, सत्यनारायण सेवदा, गोपालकृष्ण शर्मा, कृष्ण कुमार रामावत, ओम प्रकाश गाडगिल, पवन महर्षि, भंवरलाल टेलर, जयकांत बींवाल, सुरेन्द्र तिवाड़ी, दिनेश भाटी आदि ने सहयोग दिया। कार्यक्रम का संचालन रामदेव चन्दनिया ने किया।

# सुशील शर्मा बने चिड़ावा के नए एसीबीईओ

विजेंद्र सिंह लमोरिया



**चिड़ावा ( नवयत्न )।** कार्यालय निदेशक माध्यमिक शिक्षा बीकानेर द्वारा देर शाम जारी की गई शिक्षा अधिकारियों की तबादला सूची ने विभाग में काफी फेरबदल किया है। पूरे प्रदेश में कुल 653 शिक्षा अधिकारियों के तबादले किए गए हैं, जिसका असर स्थानीय स्तर पर भी देखने को मिला है। इस प्रशासनिक बदलाव के तहत चिड़ावा मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में सुशील कुमार शर्मा को अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी के पद पर नियुक्त किया गया है। वर्तमान में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सोलाना में प्रधानाचार्य के पद पर अपनी सेवाएं दे रहे सुशील कुमार शर्मा पहले भी चिड़ावा कार्यालय में कार्यवाहक सीबीईओ और एसीबीईओ के पदों पर रह चुके हैं। अपने पिछले कार्यकाल के दौरान शर्मा के बेहतरीन ट्रैक रिकॉर्ड और शानदार कार्यशैली को देखते हुए विभाग ने एक बार फिर उन्हें इस पद पर नियुक्त किया है।

# दो दिन से लापता बुजुर्ग का मिला शव

**बीकानेर ( नवयत्न )।** बीकानेर में लगातार दूसरे दिन अज्ञात शव प्राप्त हुआ। असहाय सेवा संस्थान के राजकुमार खड़गावत ने बताया कि शुक्रवार को सुबह करीब 8:45 बजे सेवादार लक्ष्मण सिंह राजपूत द्वारा सूचना मिली कि नाल थाना क्षेत्र में रेलवे स्टेशन से आगे ओरण भूमि मार्ग के पास एक बुजुर्ग मृत अवस्था में पाया गया है तथा पास में टीवीएस मोपेड भी गिरी हुई है। सूचना मिलने पर खिददमतगार खादिम सोसाइटी व असहाय सेवा संस्थान के सोएब, मोहम्मद जुनैद खान व राजकुमार खड़गावत एम्बुलेंस के साथ मौके पर पहुँचे। मौके पर संबंधित नाल थाना पुलिस की जांच व निगरानी में शव को पीबीएम अस्पताल मोर्चरी में रखवाया गया है। इस दौरान हाजी जाकिर, हाजी नसीम, सोयेब, मो जुनैद खान, अब्दुल सतार, इमरान व राजकुमार खड़गावत का सहयोग रहा। तफ्तीश के दौरान मृतक की पहचान बीकानेर के सुभाषपुरा निवासी 75 वर्षीय श्रीचंद्र शुक्ला पुत्र हरिकिशन शुक्ला के रूप में हुई जो 7 जुलाई से लापता थे।

योगिनी एकादशी की धूम

# छोटी काशी में गूँजे हरि नाम के जयकारे

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** आषाढ़ मास के कृष्ण पक्ष की योगिनी एकादशी के अवसर पर शुक्रवार को छोटी काशी जयपुर के मंदिरों और घरों में श्रद्धा व भक्ति का अनूठा माहौल देखने को मिला। श्रद्धालुओं ने पूरी आस्था के साथ सृष्टि के पालनहार भगवान श्री हरि विष्णु की पूजा.अर्चना की। एकादशी के मौके पर शहर के खाटूश्यामजी मंदिरों में सुबह से ही भक्तों का तांता लगा रहा। इस विशेष अवसर पर बाबा श्याम का अलौकिक शृंगार किया गया। मंदिरों में विधि-विधान से पूजा-अर्चना के बाद भजन-कीर्तन का आयोजन हुआ, जिसमें श्रद्धालु भावविभोर होकर झूमते नजर आए। वहीं, अन्य ठाकुरजी मंदिरों में विष्णु सहस्रनाम, विष्णु चालीसा का पाठ हुआ और श्रद्धालुओं को योगिनी एकादशी व्रत कथा का श्रवण कराया गया। पंचांग और तिथियों के फेर के चलते इस बार योगिनी एकादशी का व्रत दो दिन रखा जा रहा है। गृहस्थ जीवन वाले और स्मार्त संप्रदाय के साधकों ने शुक्रवार को श्रद्धापूर्वक व्रत रखकर भगवान विष्णु का स्मरण किया। श्रद्धालुओं ने दिनभर उपवास रख परिवार की सुख-समृद्धि, उत्तम स्वास्थ्य, मानसिक शांति और जगत कल्याण की कामना की। दूसरी ओर, वैष्णव संप्रदाय के साधक उदया तिथि एवं द्वादशी युक्त एकादशी के आधार पर शनिवार को व्रत रखेंगे। ज्योतिषाचार्यों के अनुसार, शनिवार को व्रत रखने वाले साधकों को विशेष फल की प्राप्ति होगी, क्योंकि इस दिन त्रिपुष्कर योग और अमृत सर्वार्थ सिद्धि योग का बेहद शुभ संयोग बन रहा है। इस दौरान भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी को पीले पुष्प, पंचामृत और तुलसी दल अर्पित करने का विधान है। एकादशी व्रत के दौरान चावल का सेवन पूरी तरह वर्जित माना गया है। धार्मिक ग्रंथों के हवाले से योगिनी एकादशी का महत्व बताते हुए पंडितों ने कहा कि सनातन धर्म में यह एकादशी अत्यंत पुण्यदायी और समस्त पापों का नाश करने वाली मानी गई है। शास्त्रों में वर्णित है कि इस एकादशी का व्रत व पूजन करने से 88 हजार ब्राह्मणों को भोजन कराने के समान पुण्य फल की प्राप्ति होती है इस पावन मौके पर श्रद्धालुओं ने अन्न, फल, वस्त्र और जरूरतमंदों को भोजन कराने का संकल्प लिया। मंदिरों को आकर्षक पुष्प सज्जा से महकाया गया और ठाकुरजी को विभिन्न प्रकार के फल-मिष्ठान व शीतल पेयों का भोग लगाया गया। दिनभर चले सत्संग और भजनों के माध्यम से समाज को धर्म, सेवा, संयम और दान का संदेश दिया गया। अंत में भगवान विष्णु की महाआरती के साथ विश्व कल्याण की प्रार्थना की गई।

भक्ति का महासंगम

# हेरिटेज रिसोर्ट में होगा 108 सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** श्री हनुमान चालीसा प्रबंध समिति के तत्वावधान में शनिवार, 11 जुलाई को भांकरोटा स्थित हेरिटेज रिसोर्ट में एक अनूठे और भव्य धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन होने जा रहा है। यहाँ श्रद्धालु एक ही आसन पर बैठकर सामूहिक रूप से 108 श्री हनुमान चालीसा का पाठ करेंगे। इस महा-आयोजन को लेकर शुक्रवार को सभी तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया गया है। आयोजन की व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए समिति के संस्थापक संत अमरनाथ महाराज के सान्निध्य में एक विशेष बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में सुरक्षा, बैठक व्यवस्था और अन्य धार्मिक नियमों से जुड़ी सभी तैयारियों की समीक्षा कर उन्हें अंतिम रूप दिया गया। समिति के मुख्य संरक्षक श्याम सुन्दर मोसूण, संरक्षक रामस्वरूप यादव एवं सरदार राजन सिंह ने विश्वास जताया कि यह आयोजन ऐतिहासिक और अभूतपूर्व रूप से संपन्न होगा। सभी पदाधिकारियों व सदस्यों ने अपनी-अपनी जिम्मेदारियां संभाल ली हैं। समिति के सदस्य महेश बम्ब और पंकज शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि इस सामूहिक पाठ को लेकर क्षेत्र के श्रद्धालुओं में भारी उत्साह है और बड़ी संख्या में भक्तों के इसमें भाग लेने की उम्मीद है। इस पावन अवसर पर हनुमान चालीसा का पाठ करने वाले सभी साधकों का समिति की ओर से विशेष सम्मान भी किया जाएगा। तैयारियों को लेकर आयोजित हुई इस बैठक में समिति के राधेश्याम बैराठी, मुकेश कुमावत, रामावतार छीपा, राजेश विजयवर्गीय, बिरदी चंद जांगिड़, नाथू शर्मा, योगेन्द्र नीखरा, लोकेश कुमावत, बिरदी चंद दंबीवाल, शैलेन्द्र यादव, हंसराज कुमावत, रविन्द्र खंगारोत, सीताराम विजयवर्गीय सहित कई अन्य सदस्य और सेवादार उपस्थित रहे।

# कृष्ण-रुक्मणि विवाह और गीता उपदेश के प्रसंगों पर झूमे श्रद्धालु

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** जयपुर के आराध्य देव श्री गोविंद देवजी मंदिर में चल रहे पांच दिवसीय श्रीकृष्ण कथा महोत्सव का शुक्रवार को श्रद्धा और उल्लास के साथ समापन हो गया। मंदिर महंत अंजन कुमार गोस्वामी महाराज के पावन सान्निध्य में आयोजित इस महोत्सव के अंतिम दिन विभिन्न धार्मिक प्रसंगों पर भावपूर्ण प्रवचनों की अमृत वर्षा हुई। व्यासपीठ से सुप्रसिद्ध कथावाचक संजय गोस्वामी महाराज ने भगवान श्री कृष्ण और माता रुक्मणि के विवाह प्रसंग की संगीतमय प्रस्तुति दी। इसके बाद उन्होंने महाभारत युद्ध के दौरान भगवान कृष्ण द्वारा अर्जुन को दिए गए गीता उपदेश के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। कथावाचक संजय गोस्वामी महाराज ने अपने प्रवचन में कहा कि श्रीमद्भगवद्गीता का ज्ञान आज भी पूरे विश्व का मार्गदर्शन करने की पूर्ण सामर्थ्य रखता है। यह ग्रंथ केवल मनुष्य को भक्ति की ओर ही अग्रसर नहीं करता, बल्कि जीवन में सही ज्ञान और निष्काम कर्म करने के लिए भी प्रेरित करता है। उन्होंने आगे कहा कि भगवान ने गीता में हर मार्ग की महिमा बताई हैए इसलिए साधक की जैसी भावना होए उसे उसी मार्ग का अनुसरण करते हुए जीवन को सार्थक बनाना चाहिए। समापन के अवसर पर ठाकुर जी और व्यासपीठ की विशेष आरती की गईए जिसमें बड़ी संख्या में स्थानीय और बाहरी श्रद्धालुओं ने भाग लेकर पुण्य लाभ कमाया। पूरे मंदिर परिसर में जय श्री कृष्णा और गोविंद देव जी की जय के जयकारे गूंजते रहे।

# जयपुर में बाइक सवार लुटेरों का कहर

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** राजधानी के जवाहर नगर थाना क्षेत्र में शुक्रवार सुबह बाइक सवार दो नकाबपोश बदमाशों ने चेन स्नेचिंग की वारदात को अंजाम देकर दहशत फैला दी। बदमाशों ने पहले जवाहर नगर सेक्टर-3 में मंदिर जा रही एक बुजुर्ग महिला के गले से सोने की चेन झपट ली। इसके बाद भागते समय सिंधी कॉलोनी में दूसरी महिला को भी निशाना बनाया, लेकिन महिला की सतर्कता से उनकी कोशिश नाकाम रही। पुलिस के अनुसार जवाहर नगर सेक्टर-3 निवासी बुजुर्ग महिला शुक्रवार सुबह करीब 8:30 बजे घर से मंदिर जा रही थीं। इसी दौरान पीछे से बाइक पर आए दो नकाबपोश बदमाशों ने उनके गले पर झपट्टा मारकर सोने की चेन तोड़ ली। महिला के शोर मचाने और पीछा करने के बावजूद दोनों बदमाश तेज रफ्तार से फरार हो गए। पहली वारदात के कुछ ही देर बाद बदमाशों ने सिंधी कॉलोनी में पैदल जा रही एक अन्य महिला को निशाना बनाया। उन्होंने महिला के गले से चेन झपटने का प्रयास कियाए लेकिन महिला ने चेन पकड़ लीए जिससे बदमाश अपने मंसूबे में सफल नहीं हो सके। शोर-शराबा होने पर दोनों आरोपी बाइक से मौके से भाग निकले। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों घटनास्थलों का मौका मुआयना किया। पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले, जिनमें दोनों बाइक सवार बदमाश वारदात से पहले दो-तीन बार इलाके में चक्कर लगाकर रेकी करते नजर आए। पुलिस फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान कर उनकी तलाश में जुटी है।

# एएनटीएफ ने तीन जिलों में पांच तस्करों को धर-दबोचा

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** राजस्थान में मादक पदार्थ तस्करों के खिलाफ एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स एएनटीएफ ने जालोर, नागौर और जयपुर में एक साथ कार्रवाई करते हुए पांच तस्करों को गिरफ्तार किया है। कार्रवाई के दौरान 425 ग्राम एमडीए 68 ग्राम स्मैक बरामद की गई, जबकि जयपुर जिले में अवैध रूप से उगाए गए 615 गांजे के पौधों को नष्ट किया गया। कार्रवाई महानिदेशक पुलिस राजीव कुमार शर्मा एवं अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस दिनेश एमएन के निर्देशन में की गई। महानिरीक्षक पुलिस एएनटीएफ विकास कुमार ने बताया कि राज्य में नशा तस्करों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और तस्करी के पूरे नेटवर्क को ध्वस्त करने के लिए स्थानीय पुलिस के साथ समन्वय कर कार्रवाई की जा रही है। महानिरीक्षक पुलिस ने बताया कि जालोर जिले के सांचौर क्षेत्र में एएनटीएफ को सूचना मिली थी कि स्विफ्ट कार में सवार तस्कर भारतमाला हाईवे के हरियाली गांव के पास मादक पदार्थ की डिलीवरी देने आने वाले हैं। सूचना पर एएनटीएफ की टीमों ने घेराबंदी की। पुलिस को देखकर तीनों आरोपी भागने लगे, लेकिन उन्हें दबोच लिया गया। तलाशी के दौरान कार से 425 ग्राम अवैध एमडी और एक स्विफ्ट कार जीजे+08-बीबी-9927 बरामद की गई। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सुरेश कुमार उर्फ लाखाराम 24, श्रवण 21 और अशोक 24 निवासी चितलवाना जालोर के रूप में हुई है। तीनों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। वहीं नागौर रोडवेज बस डिपो पर एएनटीएफ और कोतवाली थाना पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए दो संदिग्ध युवकों को गिरफ्तार किया। दोनों पुलिस को देखकर भागने लगे थे, लेकिन घेराबंदी कर पकड़ लिया गया। तलाशी में उनके कब्जे से 68 ग्राम स्मैक बरामद हुई। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान राकेश गियाड़ 28 और रवि पोटलिया 23 निवासी नागौर के रूप में हुई है। इसके अलावा जयपुर जिले के गोविंदगढ़ थाना क्षेत्र के खेजरोली गांव में खेत की मेड़ पर अवैध रूप से गांजे की खेती किए जाने की सूचना पर एएनटीएफ ने स्थानीय पुलिस के साथ कार्रवाई की। मौके से करीब 615 हरे गांजे के पौधे उखाड़ कर नियमानुसार नष्ट किए गए। आईजी विकास कुमार ने बताया कि इस अभियान में एएनटीएफ के साथ सांचौर जालोर, कोतवाली नागौर और गोविंदगढ़ जयपुर थाना पुलिस की महत्वपूर्ण भूमिका रही। उत्कृष्ट कार्य करने वाली सभी टीमों को एएनटीएफ मुख्यालय में सम्मानित किया जाएगा।

ऑपरेशन जरासीम

# 25 हजार का इनामी तस्कर गिरफ्तार

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** राजस्थान पुलिस की एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स एएनटीएफ ने ऑपरेशन जरासीम के तहत कार्रवाई करते हुए बांसवाड़ा पुलिस द्वारा घोषित 25 हजार रुपए के इनामी मादक पदार्थ तस्कर सोमराज विश्नोई को चूरू जिले के सालासर से गिरफ्तार कर लिया। आरोपित पिछले आठ माह से फरार चल रहा था। महानिरीक्षक पुलिस एएनटीएफ विकास कुमार ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी सोमराज 29 निवासी चंदनपुरा लोहावट, फलोदी है। पूछताछ में सामने आया कि वह पहले मुंबई में करीब 12 वर्ष तक गैस सिलेंडर सप्लाई का काम करता था। लॉकडाउन के दौरान आर्थिक संकट आने पर उसने ट्रक के जरिए डोडा पोस्त की तस्करी शुरू कर दी। पहली खेप में ही उसे करीब 1.50 लाख रुपए मिले, जिसके बाद वह लगातार तस्करी में सक्रिय हो गया। जांच में सामने आया कि आरोपी नागौर और बीकानेर से ट्रक में चूना पाउडर के कट्टे भरकर प्रतापगढ़ जाता था। वापसी में ट्रक के नीचे डोडा पोस्त और ऊपर चूना पाउडर के कट्टे रखकर पुलिस की आंखों में धूल झोंकता था। वह प्रतिमाह पांच से छह चक्कर लगाता था और एक बार में 10 क्विंटल से कम डोडा पोस्त नहीं लाता था। अपना ट्रक जब्त होने के बाद उसने अन्य लोगों के ट्रक 1.50 से 2 लाख रुपए प्रति चक्कर किराए पर लेकर तस्करी जारी रखी। मोबाइल में बड़े तस्करों के नंबर उसने श्रुन्नी मौसी, श्रघु काकोसा और झमकू काकी जैसे नामों से सेव कर रखे थे, ताकि किसी को संदेह न हो। एएनटीएफ को सूचना मिली थी कि आरोपी अपने बहनोई के सालासर रोड स्थित होटल में हर महीने होने वाली पारिवारिक दाल-बाटी-चूरमा पार्टी में जरूर शामिल होता है। पुलिस ने होटल के एक कर्मचारी को विश्वास में लेकर निगरानी शुरू की। जैसे ही सूचना मिली कि सोमराज होटल पहुंच चुका है, एएनटीएफ की टीम सादे कपड़ों में मौके पर तैनात हो गई। खाना खाने और बहनोई के साथ घूमने के बाद आरोपी होटल के कमरे में सो गया। देर रात पुलिस ने दबिश देकर उसे गिरफ्तार कर लिया। एएनटीएफ अब आरोपी से पूछताछ कर डोडा पोस्त तस्करी के नेटवर्क, सप्लायरों और अन्य सहयोगियों की जानकारी जुटा रही है। पुलिस का मानना है कि पूछताछ में कई अहम खुलासे हो सकते हैं। आईजी विकास कुमार ने बताया कि इस कार्रवाई में एएनटीएफ और प्रतापगढ़ पुलिस की भूमिका सराहनीय रही। अभियान में शामिल अधिकारियों और जवानों को एएनटीएफ मुख्यालय में सम्मानित किया जाएगा।

# एकादशी पर फूल बंगले में विराजे लखदातार

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** आषाढ़ मास की योगिनी एकादशी के पावन पर्व पर छोटीकाशी के सभी श्री श्याम मंदिरों में भक्ति और श्रद्धा का अनूठा संगम देखने को मिला। इस अवसर पर शहर के विभिन्न क्षेत्रों में भव्य भजन संध्याओं का आयोजन किया गया, जिसकी शुरुआत आस्था की अखंड ज्योत प्रज्जवलित कर और बाबा श्याम की महाआरती के साथ हुई। रामगंज बाजार के कांवटियों का खुर्रा स्थित श्याम प्राचीन मंदिर में महंत पंडित लोकेश मिश्र के सान्निध्य में विशेष धार्मिक कार्यक्रम हुए। यहाँ श्री कृष्ण श्याम सखा ग्रुप की ओर से भजनामृत सत्संग का आयोजन किया गया। एकादशी के मौके पर बाबा श्याम का अत्यंत मनोहारी शृंगार किया गया और पूरे मंदिर परिसर को भव्य फूल बंगले से सजाया गया। भीषण गर्मी को देखते हुए बाबा श्याम के समक्ष ग्रीष्म ऋतु के विशेष व्यंजनों का भोग लगाया गया। इसमें आम, तरबूज, खरबूजा, लीची जैसे मौसमी फलों के साथ-साथ विभिन्न प्रकार के शीतल प्रसादों का समावेश रहा। ग्रुप की अध्यक्ष शालू मिश्रा ने बताया कि एकादशी पर बाबा श्याम के दर्शनों के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु उमड़े और सभी ने दरबार में धोक लगाकर अपनी हाजिरी दर्ज कराई। भजन संध्या के दौरान आमंत्रित भजन गायकों ने श्याम बाबा की महिमा का गुणगान करते हुए एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां दीं। भजनों की मधुर स्वर लहरियों से पूरा मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण में सराबोर हो गया। श्रद्धालु देर रात तक भजनों पर झूमते और ताली बजाते नजर आए। पूरा क्षेत्र हारे का सहारा, बाबा श्याम हमारा और जय श्री श्याम के जयकारों से गुंजायमान रहा। इसके अलावा अग्रवाल फार्म, मानसरोवर सेक्टर-113 स्थित श्री श्याम पार्क में म्हारे घरां पधारो श्याम संस्था की ओर से भव्य भजन संध्या का आयोजन किया गया। संस्था के अध्यक्ष रतन कट्टा ने जानकारी दी कि श्याम प्रभु के दरबार में शहर के कई नामी भजन गायकों ने हाजिरी लगाई और बाबा को भजनों की अंजलि अर्पित की। मुख्य आयोजनों के साथ.साथ जगतपुराए मानसरोवरए विजयबाड़ी पथ नंबर सात, शास्त्रीनगर और झोटवाड़ा सहित जयपुर के अन्य सभी इलाकों में स्थित श्री श्याम मंदिरों में शाम होते ही भजन संध्याओं की धूम रही। देर रात तक चले इन आयोजनों के कारण पूरी छोटीकाशी श्याम भक्ति के रंग में रंगी नजर आई।

# असम सरकार गुवाहाटी में मेट्रो रेल की संभावनाओं का अध्ययन करेगी : सीएम हिमंता सरमा

**नई दिल्ली.** असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने शुक्रवार को घोषणा की कि राज्य सरकार प्रस्तावित गुवाहाटी रिंग रोड के साथ मेट्रो रेल सिस्टम शुरू करने के लिए एक अध्ययन कराएगी। यह रिंग रोड 2026-27 के राज्य बजट में घोषित शहरी आवागमन की एक बड़ी पहल है। विधानसभा में वित्त मंत्री जयंत मल्लाबरुआ द्वारा बजट पेश किए जाने के कुछ ही समय बाद सोशल मीडिया पर इस घोषणा को साझा करते हुए, मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रस्तावित मेट्रो रेल कॉरिडोर गुवाहाटी रिंग रोड के साथ-साथ चलेगा ताकि शहर में आसानी से यात्रा की जा सके और शहरी परिवहन की गुणवत्ता में सुधार हो।

**गुवाहाटी रिंग रोड के रास्ते पर जल्द ही एक नई मेट्रो रेल प्रणाली चलेगी**-मुख्यमंत्री सरमा ने कहा, गुवाहाटी रिंग रोड के रास्ते पर जल्द ही एक नई मेट्रो रेल प्रणाली चलेगी, जिससे यात्रा आसान होगी और लोगों का जीवन बेहतर बनेगा। इस प्रोजेक्ट के लिए जल्द ही व्यवहार्यता अध्ययन शुरू किया जाएगा। बजट प्रस्ताव के अनुसार, राज्य सरकार सबसे पहले गुवाहाटी रिंग रोड के साथ या उसके ऊपर मेट्रो रेल प्रणाली को जोड़ने की तकनीकी, वित्तीय और परिचालन संबंधी व्यवहार्यता की जांच करने के लिए एक विस्तृत अध्ययन करेगी।

**रिंग रोड राज्य की प्रमुख बुनियादी ढांचा परियोजनाओं में से एक**-इस प्रस्तावित प्रोजेक्ट से रिंग रोड को और मजबूती मिलने की उम्मीद है। रिंग रोड राज्य की प्रमुख बुनियादी ढांचा परियोजनाओं में से एक है, जिसका उद्देश्य शहर के केंद्र से गुजरने वाले ट्रैफिक को दूसरी तरफ मोड़कर गुवाहाटी में भीड़ कम करना और प्रमुख शहरी व उप-शहरी इलाकों से कनेक्टिविटी बेहतर बनाना है। अगर इसे लागू किया जाता है, तो मेट्रो रेल प्रणाली असम का पहला मास रैपिड ट्रांजिट नेटवर्क बन जाएगा। इससे गुवाहाटी में सार्वजनिक परिवहन के काफी मजबूत होने की उम्मीद है, जहां पिछले दशक में तेजी से शहरीकरण हुआ है और वाहनों की संख्या में लगातार बढ़ोतरी हुई है।

**वित्त मंत्री जयंत मल्लाबरुआ द्वारा पेश किया गया बजट**-शुक्रवार को वित्त मंत्री जयंत मल्लाबरुआ द्वारा पेश किए गए बजट में असम की बढ़ती अर्थव्यवस्था और फैलते शहरी केंद्रों को सहारा देने के लिए बुनियादी ढांचे के विकास, शहरी आवागमन और लंबी अवधि की परिवहन योजना पर खास जोर दिया गया। मेट्रो रेल प्रोजेक्ट को लागू करने पर सरकार के अंतिम फैसले से पहले, व्यवहार्यता अध्ययन में सबसे उपयुक्त रूट, प्रोजेक्ट की लागत, यात्रियों की मांग, फंडिंग मॉडल और इसे लागू करने की रणनीति तय की जाएगी।

यह घोषणा गुवाहाटी के लिए एक और बड़े शहरी बुनियादी ढांचे के प्रस्ताव को दर्शाती है। सरकार का लक्ष्य एकीकृत सड़क और सार्वजनिक परिवहन नेटवर्क के माध्यम से शहर को एक आधुनिक और टिकाऊ मेट्रोपॉलिटन हब में बदलना है। (इनपुट-आईएएनएस)

# समुद्र में बढ़ेगी भारतीय नौसेना की ताकत, स्वदेशी युद्धपोत 'महेंद्रगिरि' बेड़े में होगा शामिल; दुश्मन देशों की उड़ी नींद



नई दिल्ली

भारत रक्षा क्षमताओं में लगातार नए आयाम स्थापित कर रहा है. पिछले एक दशक में भारत की रक्षा क्षमता में अप्रत्याशित इजाफा देखने को मिला है. इन सबके बीच भारतीय नौसेना को 11 जुलाई को एक और बड़ी ताकत मिलने जा रही है. स्वदेश में विकसित किए गए अत्याधुनिक स्टील्थ युद्धपोत आईएनएस महेंद्रगिरी को विशाखापट्टनम में आधिकारिक तौर पर नौसेना में शामिल किया जाएगा. दरअसल, यह प्रोजेक्ट 17ए के तहत तैयार किया गया है और छठा स्टील्थ फ्रिगेट है. इसको भारत की समुद्री सुरक्षा को मजबूत करने की दिशा में एक अहम कदम माना जा रहा है. इस युद्धपोत में अधिकांश स्वदेशी सामग्री और तकनीक का इस्तेमाल किया गया है.

### क्यों रखा गया यह नाम?

रिपोर्ट्स के अनुसार, महेंद्रगिरि का नाम पूर्वी घाट की प्रसिद्ध महेंद्रगिरि पर्वत श्रृंखला के नाम पर रखा गया है. इस बात पर भी गौर किया जाना चाहिए कि यह पहला मौका है, जब भारतीय नौसेना ने किसी भी युद्धपोत का नाम महेंद्रगिरि पर्वत पर रखा है. यह युद्धपोत कल यानी 11 जुलाई को भारतीय नौसेना में शामिल हो जाएगा.

### कहां हुआ है इस युद्धपोत का निर्माण?

गौरतलब है कि आईएएनएस महेंद्रगिरि का निर्माण मुंबई के मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड में किया गया है. 75 फिसदी से अधिक स्वदेशी तकनीक से निर्मित यह युद्धपोत कई विशेषताओं से भरा है. यह युद्धपोत आत्मनिर्भर भारत अभियान को भी मजबूती देता है.

## रामजल सेतु लिंक परियोजना हो रही साकार, पूर्वी राजस्थान में जल क्रांति का सूत्रपात

# राजस्थान के जल भविष्य को सुरक्षित करने की दिशा में ऐतिहासिक पहल रामजल सेतु परियोजना : मुख्यमंत्री शर्मा



जयपुर।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी रामजल सेतु लिंक परियोजना की प्रगति पर उच्च स्तरीय चर्चा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि परियोजना के सभी कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूर्ण किया जाए, ताकि निर्धारित समय-सीमा से पहले ही जनता को लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन एवं प्रेरणा से मूर्त रूप लेने जा रही यह परियोजना पूर्वी राजस्थान के जल भविष्य को सुरक्षित करने की ऐतिहासिक पहल है, जिससे प्रदेश के लाखों लोगों को पेयजल, सिंचाई एवं औद्योगिक उपयोग के लिए पर्याप्त जल उपलब्ध होगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि रामजल सेतु परियोजना केवल एक जल परियोजना नहीं, बल्कि पूर्वी राजस्थान के समग्र सामाजिक एवं आर्थिक विकास का आधार बनेगी। यह परियोजना प्रदेश की भावी जल सुरक्षा, किसानों की समृद्धि तथा औद्योगिक विकास की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है, इसलिए सभी संबंधित विभाग पूर्ण समन्वय के साथ कार्य करते हुए परियोजना के प्रत्येक चरण को निर्धारित टाइमलाइन में पूरा करें, ताकि इसका लाभ शीघ्रातिशीघ्र प्रदेश की जनता तक पहुंच सके। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि परियोजना से जुड़े प्रत्येक घटक की नियमित निगरानी की जाए, मासिक प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। उन्होंने कहा कि लंबित कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण किया जाए तथा निर्माण कार्यों की गुणवत्ता से किसी भी स्तर पर समझौता नहीं हो। मुख्यमंत्री ने परियोजना के विभिन्न पैकेजों एवं निर्माणाधीन कार्यों की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। मुख्यमंत्री ने बीसलपुर से मोर सागर (अजमेर), ईसरदा से बंध बारेठा (भरतपुर), ईसरदा से रामगढ़ (जयपुर), खुरा-चैनपुरा से जयसमंद (अलवर) तथा ब्राह्मणी बैराज सहित विभिन्न घटकों की प्रगति की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। साथ ही परियोजना से जुड़े सभी निर्माण कार्यों का सतत एवं सघन पर्यवेक्षण सुनिश्चित करने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए।

### पुनर्वास एवं मुआवजा संबंधी कार्य पूरी संवेदनशीलता और पारदर्शिता से हों

मुख्यमंत्री ने परियोजना से प्रभावित परिवारों के हितों का विशेष ध्यान रखने पर बल देते हुए कहा कि पुनर्वास एवं मुआवजा संबंधी सभी कार्य संवेदनशीलता और पारदर्शिता के साथ समयबद्ध तरीके से पूरे किए जाएं। एक भी परिवार को पुनर्वास या मुआवजे को लेकर परेशानी नहीं हो। उन्होंने कहा कि परियोजना से संबंधित अधिकारी कार्यों पर कड़ी निगरानी रखें, ताकि काम समय पर तो पूरा हो ही, क्वालिटी टेस्टिंग भी नियमित रूप से होती रहे।

### नवनेरा एवं ईसरदा बांध का निर्माण कार्य पूरा

बैठक में अतिरिक्त मुख्य सचिव, जल संसाधन अभय कुमार ने बताया कि इस परियोजना के अंतर्गत 24 हजार करोड़ से अधिक के कार्य प्रगतिरत हैं। उन्होंने बताया कि नवनेरा बैराज एवं ईसरदा बांध का निर्माण पूर्ण किया जा चुका है। वहीं, रामगढ़ बैराज एवं महलपुर बैराज के ओवरफ्लो भाग का कार्य प्रगतिरत है, जिसके अन्तर्गत लगभग 600 क्यूबिक मीटर/प्रतिदिन कंक्रीटिंग का कार्य किया जा रहा है। इसी तरह परियोजना के अन्तर्गत एक महत्त्वपूर्ण घटक नवनेरा पम्प हाउस हेतु 10 लाख क्यूबिक मीटर मिट्टी खुदाई का कार्य भी प्रगतिरत है।

### परियोजना के प्रमुख घटकों में कार्य तेजी से जारी

उन्होंने बताया कि नवनेरा बैराज से मेज एनीकट तक 19 किलोमीटर फीडर नहर का निर्माण किया जाना है, जिसमें से लगभग 8 किलोमीटर फीडर का कार्य पूर्ण किया जा चुका है तथा शेष कार्य प्रगतिरत है। इसी तरह चंबल एक्वाडक्ट में 5 हजार 60 पाइलों में से लगभग 3 हजार 700 पाइलों का कार्य पूर्ण हो चुका है। वहीं, मेज नदी से गलवा बांध, गलवा बांध से ईसरदा बांध एवं गलवा बांध से बीसलपुर बांध के लिए पम्प हाउस व फीडर का कार्य प्रगतिरत है। बैठक में बताया गया कि ईसरदा से खुरा चैनपुरा से बंध बरेठा, भरतपुर तक फीडर निर्माण कार्य के अन्तर्गत लगभग 180 किलोमीटर फीडर का निर्माण किया जाना है। जिसका कार्य आरम्भ हो चुका है। वर्तमान में हैड रेगुलेटर का कार्य प्रगतिरत है। इसी तरह बीसलपुर बांध से मोर सागर कृत्रिम रिजर्वायर तक जल अपवर्तन का कार्य आरम्भ किया जा चुका है। जिसके अन्तर्गत बीसलपुर बांध पर हैड रेगुलेटर का कार्य प्रगतिरत है एवं लाम्बा हरिसिंह बांध पर पम्प हाउस का कार्य आरम्भ कर दिया गया है। इसी तरह ईसरदा बांध से रामगढ़ बांध जयपुर तक पेयजल हेतु जल अपवर्तन हेतु अलाइनमेंट का निर्धारण अंतिम चरण में है। जिसे शीघ्र अंतिम रूप दिया जाकर पाइपलाइन के माध्यम से जल का अपवर्तन रामगढ़ बांध तक किया जायेगा। ब्राह्मणी बैराज के लिए अलाइमेंट का निर्धारण किया जा चुका है तथा वनभूमि प्रत्यावर्तन एवं भूमि अवाप्ति का कार्य प्रगतिरत है। वहीं, खुरा चैनपुरा से जयसमंद अलवर तक जल अपवर्तन के कार्य के लिए अलाइनमेंट का परीक्षण अंतिम चरण में है।

### 2 हजार 330 करोड़ रुपये की लागत से चंबल एक्वाडक्ट का निर्माण

बैठक में बताया गया कि परियोजना के प्रथम चरण के पैकेज-2 के अंतर्गत लगभग 2330 करोड़ रुपये की लागत से चंबल एक्वाडक्ट का निर्माण तेजी से किया जा रहा है। यह एक्वाडक्ट एक ओर कोटा जिले की दीगोद तहसील के पीपलदा समेल गांव तथा दूसरी ओर बूंदी जिले की इन्द्रगढ़ तहसील के गोहाटा गांव को जोड़ेगा। इसके माध्यम से नवनेरा बैराज से पानी को लिफ्ट कर मेज नदी में छोड़ा जाएगा तथा वहां से विभिन्न पम्प हाउस एवं फीडर प्रणाली के माध्यम से गलवा बांध, बीसलपुर और ईसरदा बांध तक पहुंचाया जाएगा। इस एक्वाडक्ट के निर्माण से आमजन को आवागमन के लिए एक अतिरिक्त मार्ग भी उपलब्ध होगा।

### प्रथम चरण में 17 जिलों की सवा तीन करोड़ आबादी होगी लाभान्वित

उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार ने पूर्ववर्ती परियोजना को व्यापक स्वरूप देते हुए इसे संशोधित रामजल सेतु लिंक परियोजना के रूप में विकसित किया है, जिसकी अनुमानित लागत लगभग 90 हजार करोड़ रुपये है। परियोजना के प्रथम चरण में प्रदेश के 17 जिलों की लगभग 3 करोड़ 25 लाख आबादी को पेयजल सुविधा उपलब्ध होगी। इसके साथ ही सिंचाई एवं उद्योगों के लिए भी पर्याप्त जल उपलब्ध होने से पूर्वी राजस्थान के आर्थिक, औद्योगिक एवं सामाजिक विकास को नई गति मिलेगी।

### परियोजना दूरदृष्टि और अंतरराज्यीय समन्वय का महत्वपूर्ण उदाहरण

यह परियोजना मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के प्रभावी नेतृत्व, दूरदृष्टि और अंतरराज्यीय समन्वय का महत्वपूर्ण उदाहरण है। राज्य सरकार के गठन के तुरंत बाद मुख्यमंत्री ने मध्यप्रदेश सरकार के साथ समन्वय स्थापित कर परियोजना को आगे बढ़ाया।

# एसमएस समेत 3 क्रिकेट स्टेडियमों में खेल गतिविधियों पर रोक : एनजीटी का बड़ा एक्शन- पर्यावरणीय नियमों की अनदेखी पर सख्ती; 17 अगस्त को अगली सुनवाई

जयपुर।

नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) ने देश के तीन प्रमुख क्रिकेट स्टेडियमों को लेकर बड़ा अंतरिम आदेश जारी किया है। ट्रिब्यूनल ने पर्यावरणीय नियमों के पालन में कथित लापरवाही को गंभीर मानते हुए रायपुर के शहीद वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम, जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम और मुंबई के डॉ. डी.वाई. पाटिल स्टेडियम में होने वाली सभी खेल गतिविधियों पर अंतरिम रोक लगा दी है। एनजीटी ने स्पष्ट किया है कि अगली सुनवाई (17 अगस्त) तक या फिर ट्रिब्यूनल से विशेष अनुमति मिलने तक इन तीनों स्टेडियमों में किसी भी प्रकार का क्रिकेट मैच या अन्य खेल आयोजन नहीं किया जाएगा। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू माना जाएगा। ट्रिब्यूनल ने अपने आदेश में कहा- संबंधित स्टेडियमों को पूर्व में भी कई बार नोटिस जारी किए गए थे। इन नोटिसों के जरिए पहले दिए गए पर्यावरणीय निर्देशों के अनुपालन की जानकारी और जवाब मांगा गया था, लेकिन बार-बार अवसर दिए जाने के बावजूद संतोषजनक जवाब नहीं किया गया। इस रवैये पर नाराजगी जताते हुए एनजीटी ने अंतरिम रोक लगाने का फैसला लिया।




### पर्यावरण संरक्षण से जुड़े आदेशों की पालना जरूरी

दरअसल, एनजीटी ने पहले इन स्टेडियमों को भूजल के अत्यधिक उपयोग को कम करने, मैदानों के रख-रखाव और सिंचाई के लिए सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट से निकलने वाले ट्रीटेड पानी का उपयोग करने और वर्षा जल संरक्षण (रेन वाटर हार्वेस्टिंग) की प्रभावी व्यवस्था विकसित करने के निर्देश दिए थे। ट्रिब्यूनल का बड़े खेल परिसरों में जल संरक्षण को बढ़ावा देना और भूजल पर निर्भरता कम करना चाहता था। एनजीटी ने माना कि पर्यावरण संरक्षण से जुड़े उसके आदेशों का पालन सुनिश्चित करना सभी संस्थाओं की जिम्मेदारी है। ऐसे में अगर किसी संस्था की ओर से निर्देशों का पालन नहीं किया जाता या अनुपालन रिपोर्ट समय पर दाखिल नहीं की जाती है। तो ट्रिब्यूनल आवश्यक अंतरिम आदेश पारित कर सकता है।

### मामले में अगली सुनवाई 17 अगस्त को

वहीं अब इस मामले की अगली सुनवाई 17 अगस्त को निर्धारित की गई है। इस दौरान संबंधित स्टेडियम प्रबंधन को ट्रिब्यूनल के समक्ष अपने पक्ष के साथ यह भी बताना होगा कि पर्यावरण संरक्षण से जुड़े निर्देशों का पालन किस स्तर तक किया गया है। इसके बाद ही आगे खेल गतिविधियों पर लगी रोक को लेकर अंतिम निर्णय लिया जाएगा।

# विजय बोले : करूर भगदड़ मेरे जीवन का सबसे बड़ा दर्द

## पुलिस भीड़ संभालने में नाकाम रही, डीएमके ने 41 मौतों का जिम्मेदार मुझे ठहराया



चेन्नई।

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री और तमिलगा वेत्री कड़गम के अध्यक्ष सी. जोसेफ विजय भगदड़ की घटना के बाद पहली बार करूर पहुंचे। उन्होंने करूर के एटलस ग्राउंड में भगदड़ में जान गंवाने वालों 41 लोगों के परिजनों को सरकारी नौकरी के नियुक्ति पत्र सौंपे।

विजय ने जनसभा में कहा- 2025 का करूर की घटना मेरे जीवन का सबसे बड़ा दर्द है।। उन्होंने कहा- पुलिस भीड़ को संभालने में नाकाम रही लेकिन तत्कालीन द्रमुक सरकार ने लोगों की मौत के लिए मुझे जिम्मेदार ठहराने की कोशिश की।

करूर में 27 सितंबर 2025 को टीवीके की पहली चुनावी रैली में भगदड़ मच गई थी। इसमें 41 लोगों की मौत हो गई थी और 100 से ज्यादा घायल हुए थे। इस साल विधानसभा चुनाव में टीवीके पहली बार चुनाव लड़ने के बावजूद सबसे बड़ी पार्टी बनी। गठबंधन के समर्थन से पार्टी ने सरकार बनाई और विजय मुख्यमंत्री बने। सीएम बोले- पुलिस ने भीड़ को लेकर चेतावनी नहीं दी थी, 5 आरोप

हादसे को याद करते हुए विजय भावुक हो गए। उन्होंने कार्यक्रम की व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा- इस सबका जिम्मेदार कौन है? आदेश किसने दिया? क्या इतनी बड़ी भीड़ के लिए पर्याप्त पुलिस व्यवस्था की गई थी? मुख्यमंत्री ने कहा कि उनका पीपुल्स मीट कार्यक्रम लोगों से सीधे मिलकर उनकी समस्याएं जानने के लिए शुरू किया गया था। उन्होंने आरोप लगाया कि पेरंबलूर में पुलिस ने भीड़ ज्यादा होने के कारण कार्यक्रम रद्द करने की सलाह दी थी, लेकिन करूर में भारी भीड़ के बावजूद ऐसी कोई चेतावनी नहीं दी गई।

विजय ने कहा- नामक्कल की सभा खत्म होने के बाद जब हम करूर आ रहे थे, तब करूर पुलिस हमें अलर्ट कर सकती थी। अगर उन्हें लगा कि भीड़ संभालना मुश्किल है तो वे कार्यक्रम रद्द कर सकते थे। उन्हें पूरा अधिकार था। लेकिन वे खुद हमें कार्यक्रम स्थल तक लेकर गए।

टीवीके प्रमुख ने कहा- मैंने पुलिस पर पूरा भरोसा किया और पुलिस अधिकारियों का धन्यवाद भी किया था। मैंने कभी नहीं सोचा था कि इतना बड़ा हादसा हो जाएगा। मुझे देखने आए कई बच्चों की जान चली गई।

उन्होंने कहा- जब भी मेरी तस्वीर टीवी पर आती थी, बच्चे मुस्कुराकर मुझे विजय अंकल कहते थे। हमने उन मासूम बच्चों को खो दिया, जो भगवान जैसे थे। यह नुकसान मेरे लिए बेहद निजी और दर्दनाक है।

# चढ़ावा मामले में कांग्रेस का केंद्र सरकार पर हमला, पूछे तीन सवाल

नई दिल्ली

अयोध्या के राम मंदिर में कथित चढ़ावा गड़बड़ी के मामले को लेकर कांग्रेस ने केंद्र सरकार और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर तीखा हमला बोला है। कांग्रेस महासचिव (संगठन) के. सी. वेणुगोपाल और सांसद कुमारी सैलजा ने संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में मामले की सुप्रीम कोर्ट के किसी मौजूदा या सेवानिवृत्त न्यायाधीश की निगरानी में जांच कराने की मांग की।

के. सी. वेणुगोपाल ने आरोप लगाया कि राम मंदिर ट्रस्ट का गठन प्रधानमंत्री की देखरेख में हुआ था और देशभर के करोड़ों श्रद्धालुओं ने अपनी आस्था के चलते मंदिर निर्माण के लिए दान दिया।

### वेणुगोपाल ने पूछे तीन सवाल

- वेणुगोपाल ने कहा, अब जब चढ़ावे में कथित अनियमितताओं के आरोप सामने आए हैं तो प्रधानमंत्री इस मामले पर चुप क्यों हैं?
- कांग्रेस और देश की जनता द्वारा उठाए गए सवालों का जवाब प्रधानमंत्री क्यों नहीं दे रहे हैं?
- मामले में सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में जांच के आदेश क्यों नहीं दिए जा रहे? उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार दोषियों को बचाने का प्रयास कर रही है।

### मामले में अब तक ठोस कार्रवाई नहीं

कांग्रेस सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि भाजपा, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) और विश्व हिंदू परिषद (वीएचपी) वर्षों से राम मंदिर के नाम पर राजनीति करते रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि पहले इस मुद्दे का राजनीतिक और व्यावसायिक इस्तेमाल किया गया और अब श्रद्धालुओं की आस्था से जुड़े चढ़ावे में कथित गड़बड़ियों के आरोप




सामने आए हैं। सैलजा ने कहा कि उत्तर प्रदेश में भाजपा की सरकार है, लेकिन इतने बड़े मामले में अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने दावा किया कि केवल कुछ कर्मचारियों के इस्तीफे लेने से मामला खत्म नहीं हो जाता। उनके अनुसार, असली जिम्मेदार लोगों की पहचान कर कार्रवाई होनी चाहिए।

उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस को राज्य की जांच एजेंसियों पर भरोसा नहीं है। इसलिए पार्टी की मांग है कि पूरे मामले की जांच सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में कराई जाए, ताकि निष्पक्ष जांच सुनिश्चित हो सके।

प्रेस वार्ता के दौरान सैलजा ने उत्तराखंड के बद्रीनाथ धाम में सोने की कथित चोरी का मुद्दा भी उठाया और भाजपा पर धार्मिक आस्था से जुड़े मामलों में जवाबदेही से बचने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि देशभर के श्रद्धालु अपनी श्रद्धा के अनुसार मंदिरों में दान और आभूषण चढ़ाते हैं, इसलिए ऐसे मामलों में पूरी पारदर्शिता और जवाबदेही होनी चाहिए।

कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि यदि किसी अन्य मामले में आरोप लगते हैं तो केंद्रीय एजेंसियां तुरंत कार्रवाई करती हैं, लेकिन इस मामले में अब तक अपेक्षित कार्रवाई नहीं हुई है। पार्टी ने दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई और पूरे मामले की स्वतंत्र जांच की मांग दोहराई।

# गाड़ी चलाते समय मोबाइल का उपयोग विषय पर गोष्ठी आयोजित



निसं

**नोखा ( नवयत्न )।** महावीर इंटरनेशनल अपेक्स के निर्देशानुसार सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत आज यातायात जागरूकता अभियान के अंतर्गत गाड़ी चलाते समय मोबाइल का उपयोग विषय पर एक गोष्ठी राजकीय राठी उच्च माध्यमिक विद्यालय में सम्पन्न हुई, जिसमें परिवहन विभाग एवं यातायात पुलिस के अधिकारियों द्वारा मार्गदर्शन किया गया। जिला परिवहन अधिकारी जय नारायण पूनिया ने बताया कि वर्तमान समय में मोटरसाइकिल व चार पहिया वाहन चलाते समय मोबाइल का उपयोग वाहन दुर्घटना का प्रमुख कारण है तथा वाहन चलाते समय मोबाइल का उपयोग करना ट्रैफिक नियमों के अंतर्गत अपराध है, अत: वाहन चलाते समय मोबाइल का उपयोग नहीं करना चाहिए। यातायात पुलिस के सहायक उप निरीक्षक श्रवणराम डेलू ने कहा कि वाहनों की अत्यधिक संख्या के कारण सड़क सुरक्षा भी आजकल एक महत्वपूर्ण विषय हो गया है तथा चालक के स्वविवेक और यातायात नियमों की पालना के साथ-साथ इस तरह की जन जागरण गोष्ठियां भी महत्वपूर्ण है तथा दुर्घटनाओं को रोकने में सहायक है। यातायात पुलिस के सहायक उप निरीक्षक मुकेश कुमार ने बताया कि दुर्घटनाओं के आंकड़े यह बताते हैं कि तेज रफ्तार और नशे में गाड़ी चलाना वाहन दुर्घटना के प्रमुख कारणों में से एक है। इसलिए नशे में गाड़ी न चलावें। महावीर इंटरनेशनल के अंतर्राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह राठौड़ व ईश्वरचंद दूगङ ने भी विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर महावीर इंटरनेशनल नोखा केंद्र के चैयरमैन सुरेंद्रकुमार हीरावत ने स्वागत किया तथा केंद्र के उपस्थित सदस्यों ने अतिथियों का दुपट्टा पहनाकर व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया। शाला प्रधानाचार्य रामचंद्र दान सांदू ने महावीर इंटरनेशनल सहित विभागीय अधिकारियों का धन्यवाद ज्ञापित किया तथा विद्यार्थियों से यातायात नियमों की पालना करने का अनुरोध किया। संगोष्ठी का शुभारंभ महावीर इंटरनेशनल प्रार्थना से व समापन राष्ट्रगान से किया गया।इस अवसर पर केंद्र सचिव बाबूलाल कांकरिया, कोषाध्यक्ष रामेश्वर लाल छींपा, भंवरलाल छींपा, मनीष सीगड़, उप प्रधानाचार्य प्रेम कुमार भोजक उमेश आचार्य, सहीराम विश्नोई, अमित बिश्नोई, संतोष बिट्ठू सहित विद्यालय स्टाफव विद्यार्थी उपस्थित थे।

# नष्ट किए 19.43 लाख रुपये के मादक पदार्थ

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** नशे के खिलाफअभियान के तहत जयपुर ग्रामीण पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए विभिन्न थानों में एनडीपीएस एक्ट के मामलों में जब्त किए गए 19 लाख 43 हजार 35 रुपये मूल्य के मादक पदार्थों का नियमानुसार निस्तारण किया। ड्रग्स डिस्पोजल कमेटी डीडीसी की मौजूदगी में रिजर्व पुलिस लाइन परिसर में जब्त सामग्री को आग लगाकर नष्ट किया गया। इस कार्रवाई के दौरान जिला पुलिस अधीक्षक हनुमान प्रसाद, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुख्यालय रजनीश पूनियां, पुलिस निरीक्षक अपराध महेंद्र सिंह सहित अपराध शाखा एवं संबंधित थानों के अधिकारी.कर्मचारी मौजूद रहे। पुलिस अधीक्षक हनुमान प्रसाद के अनुसार, 16 प्रकरणों में जब्त मादक पदार्थों का निस्तारण किया गया। ये मामले शाहपुरा, चंदवाजी, फागी, रेनवाल, कालाडेरा, जमवारामगढ़ और सामोद थाना क्षेत्रों से संबंधित थे। नष्ट किए गए मादक पदार्थों में 36 किलो 74 ग्राम गांजा, 44 किलो 870 ग्राम डोडा पोस्त छिलका, 7 ग्राम एमडीएम, तथा 203 नशीली गोलियां शामिल थीं। इनकी कुल अनुमानित बाजार कीमत 19ण्43 लाख रुपये आंकी गई है। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि मादक पदार्थों की तस्करी और नशे के कारोबार के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा। जब्त मादक पदार्थों का नियमानुसार निस्तारण कर पुलिस ने यह संदेश दिया है कि जिले में नशे के कारोबार को किसी भी सूरत में पनपने नहीं दिया जाएगा।

# बीकानेर से उठेगी ग्लोबल टूरिज्म की नई उड़ान

**बीकानेर ( नवयत्न )।** होटल फेडरेशन ऑफ राजस्थान बीकानेर संभाग की नवगठित कार्यकारिणी का भव्य शपथ ग्रहण समारोह शनिवार 11 जुलाई को सायं 6 बजे से कपिल धारा, बीकानेर में आयोजित होगा। यह आयोजन केवल शपथ ग्रहण तक सीमित नहीं बल्कि बीकानेर को राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन मानचित्र पर नई पहचान दिलाने और उसे डेस्टिनेशन वेडिंग हब के रूप में विकसित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में किया जा रहा है। समारोह में केंद्रीय कानून एवं न्याय मंत्री स्वतंत्र प्रभार तथा संसदीय कार्य राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल मुख्य अतिथि के रूप में तथा राजस्थान की उपमुख्यमंत्री एवं पर्यटन मंत्री दिया कुमारी विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत करेगी। इसके अतिरिक्त कैबिनेट मंत्री सुमित गोदारा, बीकानेर पश्चिम विधायक जेठानंद व्यास, बीकानेर पूर्व विधायक सिद्धि कुमारी, खाजूवाला विधायक विश्वनाथ मेघवाल, श्रीडूंगरगढ़ विधायक ताराचंद सारस्वत, पूर्व विधायक एवं भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष बिहारीलाल बिश्नोई सहित कोलायत से विधायक अंशुमान सिंह भाटी, जिला अध्यक्ष सुमन, देहात जिला अध्यक्ष श्याम पंचारिया,जिला उपाध्यक्ष दीपक पारीक अनेक जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति रहेगे। प्रशासनिक स्तर पर संभागीय आयुक्त विश्राम मीणा, पुलिस महानिरीक्षक ओमप्रकाश, जिला कलक्टर निशांत जैन, पुलिस अधीक्षक मृदुल कच्छावा, नगर निगम आयुक्त एवं बीडीए आयुक्त सिद्धार्थ पालानीचामी सहित कई वरिष्ठ आईएएस, आईपीएस एवं प्रशासनिक अधिकारी भी समारोह में भाग लेंगे। इसके साथ ही पर्यटन विभाग के अधिकारी, शहर के प्रतिष्ठित नागरिक, कलाकार, होटल एवं पर्यटन उद्योग से जुड़े उद्यमी तथा जनप्रतिनिधि भी उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में आतिथ्य एवं पर्यटन क्षेत्र से जुड़े विशेषज्ञों की भी विशेष भागीदारी रहेगी। होटल फेडरेशन ऑफ राजस्थान बीकानेर संभाग के पदाधिकारियों ने बताया कि आयोजन का प्रमुख उद्देश्य बीकानेर की पर्यटन संभावनाओं को वैश्विक स्तर पर पहचान दिलाना, डेस्टिनेशन वेडिंग के लिए बीकानेर को एक प्रमुख केंद्र के रूप में विकसित करना, होटल एवं हॉस्पिटैलिटी उद्योग को नई गति प्रदान करना तथा पर्यटन के माध्यम से स्थानीय रोजगार, निवेश और आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा देना है।

# दिल ढूंढता है, फिर वही फुर्सत के रात दिन गीत संगीत संध्या कार्यक्रम 12 को



निसं

**बीकानेर ( नवयत्न )।** श्री विश्वकर्मा नाट्य संगीत कला संस्थान, बीकानेर द्वारा 12 जुलाई की संध्या को नोखा रोड के रामदेव कॉलोनी स्थित अहम् एकेडमी इंग्लिश स्कूल परिसर हॉल में दिल ढूंढता है फिर वही फुर्सत के रात दिन गीत संगीत की संध्या का कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के बैनर का विमोचन सर्किट हाउस के सामने गांधी पार्क परिसर में शुक्रवार की शाम को किया गया । इस कार्यक्रम से जुड़े संगीत कला प्रेमी सैय्यद अख्तर ने इस बाबत शुक्रवार को प्रेस विज्ञप्ति में जानकारी देते हुए बताया कि दिल्ली की गायिका अफसा खान इस कार्यक्रम में संस्था के अध्यक्ष मेघराज नागल के साथ सदाबहार हिंदी फिल्मों के डुयेट सोंग्स की प्रस्तुतियां देगी। कार्यक्रम आयोजक मेघराज ने बताया कि राज खंजाची, नारायण बिहाणी, इंजीनियर कमलकांत सोनी, राधेश्याम ओझा, सुरेश जोशी, जावेद मिर्जा, विक्रम सिंह पडिहार, पवन कुमार चड्ढा, विनोद सक्सेना, हरिनारायण सिंह, लक्ष्मीनारायण भाटी, वीणा ओझा, मास्टर उदय सिंह, मास्टर दिव्यांशु अग्रवाल, हेमंत शर्मा, रामकिशोर यादव, कमलजीत कौर, राधाकृष्णन सोनी, शाकिर हुसैन चौपदार, भरत पांडे, पूजा चौधरी, अनिता चौधरी, घनश्याम सोलंकी, सूरजाराम नांगल सहित अन्य कलाकारों द्वारा अफसा खान के साथ शानदार प्रस्तुतियां दी जाएगी। कार्यक्रम मंच संचालन कमलकांत सोनी करेंगे।

# पवन शर्मा प्रदेश सचिव मनोनीत

निसं

**तारानगर/बीकानेर ( नवयत्न )।** विप्र फाउंडेशन जोन-1बी, बीकानेर द्वारा वर्ष 2026-28 के लिए प्रदेश कार्यकारिणी का गठन किया गया है। जारी नियुक्ति पत्र के अनुसार शिक्षाविद् एवं सेवानिवृत्त अध्यापक पवन शर्मा निवासी तारानगर, चूरू को प्रदेश सचिव के महत्वपूर्ण दायित्व पर मनोनीत किया गया है। नियुक्ति प्रदेश अध्यक्ष धनसुख सारस्वत की अनुशंसा तथा क्षेत्रीय अध्यक्ष सतीश शर्मा एवं बीकानेर जोन प्रभारी मुकेश रामपुरा के अनुमोदन के बाद की गई। शिक्षाविद् एवं सेवानिवृत्त अध्यापक पवन शर्मा की नियुक्ति पर क्षेत्र के सामाजिक, शैक्षणिक, धार्मिक एवं विप्र समाज के लोगों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी हैं। लोगों ने विश्वास जताया कि उनके अनुभव, कार्यकुशलता और समाजसेवा के प्रति समर्पण से संगठन को नई दिशा एवं मजबूती मिलेगी। नवनियुक्त प्रदेश सचिव शिक्षाविद् एवं सेवानिवृत्त अध्यापक पवन शर्मा ने



विप्र फाउंडेशन के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन द्वारा सौंपी गई जिम्मेदारी का वे पूर्ण निष्ठा, ईमानदारी एवं समर्पण के साथ निर्वहन करेंगे तथा समाजहित, शिक्षा और संगठन के उद्देश्यों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए निरंतर कार्य करेंगे। पवन शर्मा को बधाई देने वालों में राधेश्याम शर्मा, भगवती प्रसाद, च्यानण मल, सुभाष महर्षि, आईदान दाधीच, दिनेश शर्मा, हरि इंदौरिया, राकेश दाधीच एवं राजेंद्र शर्मा सहित अनेक समाजबंधु शामिल रहे।

# संयुक्त निदेशक के साथ वार्ता में अनेक बिंदुओं पर हुई चर्चा

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** अखिल राजस्थान लैब टेक्नीशियन कर्मचारी संघ निदेशालय एवं चिकित्सा शिक्षा के संयुक्त निदेशक अराजपत्रित चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं राजस्थान जयपुर के साथ वार्ता हुई। जिलाध्यक्ष राजेश गौड़ ने बताया कि पूर्व में संयुक्त मंच द्वारा संवर्ग के 18 सूत्रीय मांगपत्र पर वार्ता हुई थी, उसमें प्रत्येक मांग पर आज दिनांक तक हुई कार्यवाही का लिखित विवरण उप निदेशक (अराजपत्रित) द्वारा बैठक में प्रस्तुत किया गया। निदेशक द्वारा संयुक्त मंच द्वारा प्रस्तुत 18 सूत्रीय मांगपत्र की प्रत्येक मांग पर बिंदुवार सकारात्मक चर्चा की गई। जिसमें वित्त विभाग को भेजे गए प्रस्ताव अनुसार लैब टेक्नीशियन संवर्ग की प्रथम एवं प्रमुख मांग ग्रेड पे 2800 (लेवल 8) से सीधा ग्रेड पे 4200 (लेवल 11) करने को वित्त विभाग ने तर्कसंगत नहीं माना है। वित्त विभाग ने समकक्ष संवर्गों (केंद्र, अन्य राज्यों एवं राजस्थान के समकक्ष संवर्ग) की शैक्षणिक एवं तकनीकी योग्यता, सेवा नियमों के संदर्भ में विस्तृत परीक्षण एवं तुलनात्मक विवरण दस्तावेजों एवं विभागीय अनुशंसा के साथ पुन: मांगा है जो संगठन द्वारा जल्द प्रस्तुत किया जाएगा इसी प्रकार विशेष वेतन, मैस भत्ता, धुलाई भत्ता, वर्दी हार्ड ड्यूटी भत्ता एवं अन्य भत्तों में बढ़ोतरी के लिए अन्य समकक्ष संवर्गों के साथ तुलनात्मक विवरण प्रस्तुत करके विभागीय अनुशंसा के साथ पुन: वित्त विभाग को जल्द भिजवाया जाएगा। इसी प्रकार निदेशक के विशेष प्रयासों से लैब टेक्नीशियन के पदनाम संशोधन हेतु राजस्थान चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधीनस्थ सेवा नियम 1965 में संशोधन का प्रस्ताव मुख्यमंत्री के समक्ष मंजूरी के लिए भेजा जा चुका है। अन्य मांगों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। वार्ता में राकेश कुमार शर्मा निदेशक (अराजपत्रित), राकेश गोचर उप निदेशक (अराजपत्रित), लैब टेक्नीशियन संवर्ग के डिलिंग क्लर्क सहित संगठन से बजरंग कुमार सोनी संयोजक, श्रीकांत शर्मा कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष, सत्येंद्र सिंह कुड़ी महामंत्री, मुकेश देवड़ा, ईश्वर सिंह, बच्चन सिंह, विजय सिंह जिलाध्यक्ष जयपुर, विकास मोदी जिलाध्यक्ष बीकानेर, मूलाराम चौधरी जोधपुर, सागर शर्मा, अजय किराड़ू, गोपाल कुमावत सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।




# एक पौधा माँ के नाम अभियान के तहत 551 पौधे रोपे

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** पर्यावरण संरक्षण और हरित आवरण बढ़ाने के उद्देश्य से रघुकुल सेवक फाउंडेशन की ओर से खोरा बिसल क्षेत्र में एक पौधा माँ के नाम महाअभियान के तहत 551 पौधों का वृहद पौधारोपण किया गया। अभियान का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने के साथ भावी पीढ़ी को प्रकृति के प्रति जिम्मेदार बनाना रहा। अभियान में कंट्री किड्स पब्लिक स्कूल एवं पूजा पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों और शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यार्थियों ने पौधारोपण के साथ उनकी नियमित देखभाल और संरक्षण का संकल्प भी लिया। कायक्रम के दौरान नीम, पीपल, बरगद सहित विभिन्न छायादार, फलदार एवं औषधीय पौधों का रोपण किया गया।

फाउंडेशन के पदाधिकारियों ने कहा कि प्रकृति और मानव जीवन का गहरा संबंध है तथा पर्यावरण संरक्षण प्रत्येक नागरिक की सामूहिक जिम्मेदारी है। लगाए गए पौधे भविष्य में क्षेत्र के पारिस्थितिकी तंत्र को सुदृढ़ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। अभियान में दिलीप सिंह राजावत, विकास तंवर, महावीर सिंह, विजेंद्र सिंह राजावत, संदीप, सुभाष, भूपेंद्र सिंह शेखावत, अमर सिंह, प्रदीप सिंह, राजेंद्र एवं कुसुम सहित फाउंडेशन के पदाधिकारियों और सदस्यों ने पौधारोपण किया। कार्यक्रम के अंत में दोनों विद्यालयों के प्रबंधन एवं शिक्षकों ने रघुकुल सेवक फाउंडेशन के इस पर्यावरण संरक्षण अभियान की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायी पहल बताया।

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं ने किया प्रदर्शन



विजेंद्र सिंह लमोरिया

**चिड़ावा ( नवयत्न )।** चिड़ावा में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं ने अपनी विभिन्न न्यायोचित मांगों के समर्थन में राज्य सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री के नाम उपखंड अधिकारी चिड़ावा को ज्ञापन सौंपकर समस्याओं के समाधान की गुहार लगाई है।

साथ ही मांगें पूरी न होने तक चिड़ावा सहित पूरे जिले भर के आंगनबाड़ी केंद्रों पर पूर्ण कार्य बहिष्कार का आह्वान किया गया है। कार्यकर्ताओं ने ज्ञापन में बताया कि उड़ान योजना जैसे अतिरिक्त कार्यों के भारी बोझ ने उनकी कार्यक्षमता को प्रभावित किया है। उनकी प्रमुख मांगों में मानदेय का समय पर भुगतान, सामुदायिक कार्यक्रम की राशि 250 रुपये से बढ़ाना, पोषण ट्रैकर व अन्य सरकारी योजनाओं के लंबित प्रोत्साहन राशि का भुगतान और मोबाइल रिचार्ज भत्ता 200 से बढ़ाकर 500 रुपये करना शामिल है।

इस आंदोलन को चिड़ावा और आसपास क्षेत्र की अनेक कार्यकर्ताओं ने अपना समर्थन दिया है। जिनमें प्रमुख रूप से मंजू सुल्ताना, मंजू मालपुरा, सुनीता खेदरपुरा खुर्द, आबिदा, सबीना, सरोज, अनूप कौर, बबीता, ममता, मलेरी, अनीता, सुनीता, कमलेश, रंजना, शकुंतला, राजेश्वरी, कमला, कविता, सोनू, चमेली, सुमन, सुशीला, कृष्ण देवी, गीता, ममता शर्मा, नीलम, मुनेश, कृष्णा, सुभिता, दुर्गा, सारा, भतेरी, सावित्री, सुमित्रा, राजलक्ष्मी सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल हैं।

कार्यकर्ताओं ने स्पष्ट किया है कि जब तक उनकी मांगों पर ठोस निर्णय नहीं लिया जाता और ओबीसी पॉलिसी में उचित बदलाव नहीं किया जाता, तब तक वे अपने आंदोलन पर अडिग रहेगी। उन्होंने चेतावनी दी है कि वे अपने मूल विभाग के अतिरिक्त अन्य किसी भी विभाग का कार्य करने के लिए बाध्य नहीं हैं। इस प्रदर्शन के जरिए चिड़ावा की कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर अपनी मांगों के प्रति सरकार को कड़ा संदेश दिया है।

# भालोठ का बेटा बना सेना में लेफ्टिनेंट

अशोक राईका



**बुहाना ( नवयत्न )।** भालोठ के लिए शुक्रवार का दिन यादगार बन गया। गांव के अंकित कुमार भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट (डॉक्टर) बन गए हैं। उन्होंने पुणे स्थित आर्म्ड फोर्सेज मेडिकल कॉलेज की 60वीं पासिंग आउट परेड एवं कमीशनिंग समारोह में भारतीय सेना में कमीशन प्राप्त किया। इसके साथ ही वे भालोठ के पहले डायरेक्ट कमीशंड आर्मी ऑफिसर बन गए हैं। अंकित सेवानिवृत्त कैप्टन सुरेश कुमार और शकुंतला देवी के पुत्र हैं। उनके परिवार की तीन पीढ़ियां सेना से जुड़ी रही हैं। दादा स्वर्गीय हवलदार राम सिंह 18 ग्रेनेडियर्स में सेवाएं दे चुके थे। पिता कैप्टन सुरेश कुमार सेवानिवृत्त भी 18 ग्रेनेडियर्स में रहे हैं। वहीं चाचा सूबेदार सुखवीर सिंह वर्तमान में आर्मी मेडिकल कोर में कार्यरत हैं। ऐसे में अंकित परिवार की तीसरी पीढ़ी हैं, जिन्होंने सेना में अधिकारी बनकर देश सेवा का दायित्व संभाला है। अंकित की पहली पोस्टिंग मिलिट्री हॉस्पिटल, जबलपुर में हुई है।

# अवॉर्ड सेरेमनी व मोटिवेशनल सेमिनार आयोजित

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** पिपराली सर्किल, सीकर स्थित प्रिंस लोटस वैली पीसीपी प्री फाउण्डेशन में अवॉर्ड सेरेमनी व मोटिवेशनल सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रबंध निदेशक मनोज ढाका, पीसीपी एकेडमिक हेड अर्चित जाखड़, प्री फाउण्डेशन एकेडमिक हेड मंजन कुमार, कोर्डिनेटर्स व शिक्षकों ने आईओक्यूएम, एनएसईजेएस, एसटीएसई, क्लास टेस्ट सीरीज एवं करंट अफेयर्स कॉम्पिटिशन में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 250 विद्यार्थियों को नकद पुरस्कार, मेडल, रजिस्टर व पेन देकर सम्मानित किया। एनएसईजेएस में



उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु रिया सेवदा एवं करंट अफेयर्स में उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु आदित्य विश्नोई, कोविंद व दिव्यांशु जांगिड़ प्रत्येक को 2100-2100 रुपये नकद पुरस्कार एवं इशिका व अंकित को 1100-1100 रुपये का नकद पुरस्कार भी दिया गया। सेमिनार में प्रबंध निदेशक मनोज ढाका ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि पीसीपी प्री फाउण्डेशन में स्पेशलाइज्ड बैचेज एवं डेडिकेटेड फैकल्टी द्वारा कक्षा 6 से 10वीं के साथ-साथ विभिन्न ओलंपियाड्स की उच्च स्तरीय तैयारी करवाई जा रही है।


## आम सूचना

Cholamandalam Investment & Finance Company शाखा चूरू द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री भगीरथ सिंह पुत्र बिशनाराम जाट व श्रीमती रेवंती पत्नी भगीरथ सिंह जाट निवासी वार्ड नंबर 01, तहसील व जिला चूरू अपनी आवासीय जायदाद तादादी 1290 वर्ग फीट व 1142.5 वर्ग फिट वाके वार्ड नंबर 01, तहसील व जिला चूरू जो की जरिये विक्रय पत्र डीड दिनांकित 27.01.1989 व 08.10.1998 को प्रार्थी की वेद प्रकाश पुत्र रामस्वरूप जाट से क्रय शुदा है उक्त सम्पति का पट्टा नगर परिषद चूरू द्वारा 24.01.1984 का जारी शुदा है है। उक्त जायदाद को प्रार्थी Cholamandalam Investment & Finance Company शाखा चूरू में रहन रख कर वित्तीय सहायता प्राप्त करना चाहता है। अत: सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त सम्पति संबंधित किसी बैंक वित्तीय संस्थान या किसी व्यक्ति विशेष को कोई उज्र आपत्ति या उक्त संपत्ति के स्वामित्व संबंधित कोई वाद विवाद हो तो अगले 07 दिवस में Cholamandalam Investment & Finance Company शाखा चूरू के ब्रांच मैनेजर अथवा ब्रांच अधिवक्ता भरत व्यास एडवोकेट को लिखित में सूचना दें बाद गुजरे मियाद दी गई आपत्ति अमान्य समझी जाएगी।

**भरत व्यास एडवोकेट**
**मो. 78774 80007, 78774 70007**

## कार्यालय नगरपालिका अजीतगढ सीकर (राज0)

क्रमांक/नपाअजी./2026-27/787 दिनांक :- 08.07.2026

**अल्पकालीन -निविदा सूचना**

सर्वसाधारण पंजीकृत फर्म/ठेकेदारो को सूचित किया जाता है, कि नगरपालिका द्वारा वर्ष 2026-27 में आवश्यक सेवायें ली जाने/आवश्यक सामान क्रय किये जाने की दर संविदा किये जाने हेतु अल्पकालीन निविदा फार्म अल्पकालीन निविदा प्रकाषन से विक्रय तिथी 08.07.2026 को दोपहर 12.00 बजे से दिनांक 13.07.2026 को प्रातः 11.00 बजे तक विक्रय की जावेंगी एवं दिनांक 13.07.2026 को दोपहर 12.00 बजे तक सीलबन्द लिफाफे में प्रस्तुत करने होगें, संभव हुआ तो प्राप्त सीलबन्द निविदाऐं उसी दिवस दिनांक 13.07.2026 को दोपहर 02.00 बजे से उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जावेंगी। उक्त तिथी को अवकाश होने पर आगामी कार्य दिवस को निविदा प्रति विक्रय/प्राप्त/खोली जावेगी। उक्त निविदा सूचना http://sppp.raj.nic.in पोर्टल पर दिनांक 08.07.2026 से देखी जा सकती है। उक्त कार्य की एनआईबी कोड व यूबीएन निम्नानुसार हैं :-

NIB code : - DLB2627A4029
UBN : - DLB2526SSOB09669
राज.संवाद/सी/26/6659

अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका अजीतगढ

## जल मंदिर का हुआ लोकार्पण



नवरतन वर्मा

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** स्थानीय पुलिस थाना में लायंस क्लब प्रेरणा के तत्वावधान में भामाशाह नेतराम कन्हैयालाल बजाज परिवार के आर्थिक सौजन्य से निर्मित शीतल जल मंदिर का लोकार्पण मंचस्थ अतिथिगणों द्वारा विधिवत रूप से किया। आयोजित कार्यक्रम में पूर्व विधायक अभिनेष महर्षि, चूरू जिला पुलिस अधीक्षक निश्चय प्रसाद एम, महामंडलेश्वर कृष्णानन्द महाराज, पुलिस उप अधीक्षक इंसार अली, थानाधिकारी गौरव खिड़िया, क्लब अध्यक्ष संदीप कंदोई, सचिव सुनील कुमार चोटिया, कोषाध्यक्ष ओम प्रकाश चौहान व कार्यक्रम संयोजक एडवोकेट अरुण शर्मा सभी मंचासीन अतिथि गण का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में अर्जुनसिंह फ्रांसा, विश्वनाथ सोनी, अग्रवाल समाज के पूर्व अध्यक्ष सुरेश मुरारका, किशनलाल पंसारी, गौत्तम महर्षि, परमेश्वर लाल आत्रेय, नरेंद्र झंवर, लायंस क्लब वेस्ट के पूर्व अध्यक्ष मोहम्मद अनवर कुरैशी, वासुदेव चाकलान, दीपक मुरारका का भी सम्मान किया गया। मंचस्थ अतिथियों ने ऐसे नेक कार्य की भूरि-भूरि प्रशंसा की और थानाधिकारी गौरव खिड़िया का ऐसे कार्य करने की प्रेरणा देने का आभार जताया। कार्यक्रम का संचालन अपर लोक अभियोजक एडवोकेट डॉ जया कांत बिंवाल ने किया। कार्यक्रम में लायंस क्लब प्रेरणा के वीरेंद्र बुनकर, रामावतार ठठेरा, भंवर लाल शर्मा, सुधीर शर्मा, लालचंद गुर्जर, हिमांशु जालान, प्रहलाद जैसेल, सत्यनारायण टेलर, कन्हैया लाल, प्रदीप आत्रेय, सीताराम जांगिड़, महावीर रामगढ़िया, दीनदयाल पारीक, निरंजन ताम्रायत, निरंजन रूंथला आदि उपस्थित रहे।

# एनएचएम की राज्य स्तरीय रैंकिंग में उप जिला अस्पताल ने हासिल की पहली रैंक

निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** स्थानीय राजकीय सुजानमल बगड़िया अस्पताल ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन द्वारा हाल ही में जारी की गई राज्य स्तरीय मॉडल अस्पताल रैंकिंग में प्रथम स्थान प्राप्त करते हुए 77.9 का सर्वाधिक कम्पोजिट एवरेज स्कोर प्राप्त किया है। पीएमओ डॉ पुरूषोतम करवा ने बताया कि इसमें भामाशाहों का योगदान रहा। साथ ही अस्पताल के स्टाफ ने डिजिटलाईजेशन और नवीन नवाचारों को अपनाने में सहयोग किया और जनता ने भी नवाचारों को हाथों हाथ लिया। जिसके कारण यह उपलब्धि हासिल हो पाई। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन राजस्थान द्वारा 8 जुलाई को जारी राज्य स्तरीय मॉडल अस्पताल रैंकिंग में एस बी राजकीय उप जिला चिकित्सालय सुजानगढ़ ने 77.96 के सर्वाधिक कम्पोजिट एवरेज स्कोर प्राप्त किया और राजस्थान में प्राथम स्थान प्राप्त कर जिले का गौरव बढ़ाया है। जिसके तहत डॉ पुरुषोत्तम करवा के कुशल मार्गदर्शन में अस्पताल में डिजिटल क्रांति का आगाज अक्टूबर 2024 में ही कर दिया गया था। उनके विशेष प्रयासों और कुशल प्रशासनिक नेतृत्व के कारण अस्पताल को भामाशाहों का अपार सहयोग मिला और संसाधनों की कमी दूर हुई। इसी डिजिटल पहल की सार्थकता को सिद्ध करते हुए 7 जुलाई को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, राजस्थान सरकार द्वारा भी एक आधिकारिक आदेश जारी कर प्रदेश के सभी चिकित्सा संस्थानों में डॉक्टर डेस्क मॉड्यूल और ई.प्रिस्क्रिप्शन के अनिवार्य संचालन के निर्देश दिए गए हैं।



एबीडीएम प्रभारी हरिकृष्ण बिस्सू ने एक एक योजना को धरातल पर उतारने का शानदार उदाहरण पेश किया। भामाशाहों का उत्कृष्ट सहयोग एवं सम्मान मिला और एलिन इलेक्ट्रॉनिक्स की ओर से राजेश सुंदरिया, सुभाष पारीक की प्रेरणा से अस्पताल को 12 कंप्यूटर सेट मय प्रिंटर उपलब्ध कराए गए। इसी प्रकार आरके डेकोरेटर्स बजरंगलाल को सम्मानित किया गया, जिन्होंने वर्ष 2025 और 2026 में लगातार 2 वर्षों तक 2-2 महीने के लिए अस्पताल में मरीजों की सुविधा हेतु कूलर की नि:शुल्क सेवाएं प्रदान की। सुप्रीम फाउंडेशन द्वारा 6 कंप्यूटर सेट और 15 ऑपरेटर कम नर्सिंग स्टाफ का अभूतपूर्व सहयोग प्रदान किया गया। अस्पताल प्रशासन ने इन सभी के नि:स्वार्थ समाजसेवी योगदान की सराहना करते हुए भविष्य में भी इसी प्रकार के जनसहयोग की अपेक्षा व्यक्त की। सूचना सहायक विश्वजीत सिंह, सह प्रभारी द्वारा चिकित्सा कार्यों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का इस्तेमाल किया गया। ताकि आम लोगों को अस्पताल में कार्यरत चिकित्सकों और उनके ड्यूटी पर होने या न होने की जानकारी रोज अपडेट हो सके।

## पानी की समस्या को लेकर शिविर में महिलाओं ने किया हंगामा



अबूबकर बल्खी

**लाडनूं ( नवयत्न )।** नगरपालिका परिसर में आयोजित शहरी सेवा शिविर के दौरान वार्ड संख्या 40 की महिलाओं का पानी की समस्या को लेकर आक्रोश फूट पड़ा। शुक्रवार को बड़ी संख्या में महिलाएं शिविर में पहुंचीं और जलदाय विभाग के अधिकारियों के समक्ष अपनी पीड़ा रखते हुए वहीं धरना देकर बैठ गई। महिलाओं ने बताया कि पिछले एक वर्ष से उनके मोहल्ले में नियमित पेयजल आपूर्ति नहीं हो रही है। कई बार शिकायत करने के बावजूद अब तक समस्या का स्थायी समाधान नहीं किया गया जिससे लोगों को रोजाना पेयजल के लिए भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। अब्दुल वहीद लीलगर ने बताया कि सरकार शहरी सेवा शिविरों के माध्यम से आमजन की समस्याओं के समाधान का दावा कर रही है लेकिन उनके मोहल्ले की सबसे बड़ी पानी की समस्या आज तक जस की तस बनी हुई है। उन्होंने अधिकारियों से तत्काल प्रभाव से नियमित जलापूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की। महिलाओं ने समस्या का शीघ्र समाधान नहीं होने पर दो दिन बाद शिविर में धरना देकर बैठने की चेतावनी दी है।

# गुजरात से आई डीआरआई टीम ने किया हाथी दांत का तस्करी का खुलासा

### 4 युवक हिरासत में, हाथी दांत के 6 नग बरामद

निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** स्थानीय गोपालपुरा रोड पर गुजरात से आई डायरेक्टरेट ऑफ रेवेन्यू इंटेलिजेंस की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए हाथी दांत की तस्करी का खुलासा किया है। इस कार्रवाई में हाथी दांत के 6 नग जब्त करते हुए चार युवकों को हिरासत में लिया गया है जबकि एक मौका पाकर फरार होने में कामयाब रहा। क्षेत्रीय वन अधिकारी ओकेश यादव ने बताया कि बरामद किए गए हाथी दांत का वजन 10 किलो 800 ग्राम है। हाथी दांत कीमती जेवरात के निर्माण में काम लिया जाता है। जब्त हाथी दांत की लगभग 20 लाख से अधिक की कीमत होने का अंदेशा जताया जा रहा है। हाथी दांत का विक्रय और क्रय दोनों ही संगीन अपराध है। डीआरआई टीम और वन विभाग की टीम ने चार आरोपियों करणी सिंह बीदासर, हुलासाराम ढढेरू, ललित शर्मा कोटपूतली, अब्बास तारानगर को डिटेन किया है तथा आरोपियों से पूछताछ जारी है। युवकों के कब्जे से 2 चौपहिया वाहन और 1 बाइक बरामद की गई है। ओकेश यादव ने बताया कि दो पक्षों के बीच में कोई बड़ी डील होने की संभावना थी और लाखों की डील के फिराक में ये लोग थे। डीआरआई टीम ने पूरा प्रकरण छापर वन विभाग को सौंप दिया है। शाम को वन विभाग छापर आरोपियों को ले जाया गया। ओकेश यादव ने बताया कि आरोपियों से पूछताछ में ही सारी जानकारी का खुलासा होगा कि कहां से ये हाथी दांत के 6 नग लेकर आये थे और इनके साथ क्या करने वाले थे।



इस रैकेट में और कौन-कौन शामिल हैं, इसकी भी जांच की जाएगी। वाईल्ड लाईफ प्रोटेक्शन एक्ट 1972 के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

## पर्यावरण सुरक्षा के संकल्प के साथ मनाया जन्मदिवस



निलेश मुद्गल

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** महावीर इंटरनेशनल के स्थापना दिवस सेवा पखवाड़े के अंतर्गत रानी अहिल्या वीरा केंद्र द्वारा ओमप्रकाश ककराणीया ने अपनी पुत्र वधू शालिनी शर्मा के जन्मदिवस पर अणगासर रोड स्थित पार्क में वृक्ष लगाकर जन्मदिन की खुशियां साझा की। उनको पालने की जिम्मेदारी सौंपी एवं संकल्प लिया कि हर व्यक्ति वृक्ष जरुर लगाए। पर्यावरण बेनर का अवलोकन करते हुए वृक्ष लगाने व वृक्षों को काटने से बचाने का संदेश दिया। नागरमल जांगिड़ ने पर्यावरण बचाने के लिए सभी लोगों से आह्वान किया कि इस वर्ष ज्यादा से ज्यादा वृक्ष लगाएं और कहीं भी वृक्षों की जरूरत हो तो बताए। कार्यक्रम में डॉ एस एन शुक्ला, डॉ जेपी बुगालिया, श्यामसुंदर जालान, नागरमल जांगिड़, महेश कुमार मुंड, सूमेरसिंह कर्णावत, देवेंद्र कुमार गौड़, प्रदीप कुमार शुक्ला, जय प्रकाश, आरती मुंड, सुधा पूनिया, शालिनी शर्मा, सुलोचना देवी, सरोज, प्रीति, सविता देवी, विजय, संदीप, सुभाष चंद्र जोशी, मनोज शर्मा, डॉ अनिल अग्रवाल, ओमप्रकाश ककराणीया, सीताराम सैनी, राजेंद्र प्रसाद शर्मा, नरेश कुमार शर्मा, सुरेश, सज्जन कुमार, निरंजन, संदीप, रुक्मणी, रमेश केडिया, विनोद केडिया, शिव प्रसाद महर्षि, अशोक कुमार शर्मा, अनिल कुमार, सुरेश कुमार, सूमेर सिंह बुडानिया, जगदीश प्रसाद, राजकुमार, मुकेश, उदय सिंह, सुभाष बुडानिया, अशोक, राजू सैनी, बजरंग लाल बड़ागांव वाला, महिपाल, किशन सिंह, रमेश चंद्र महला, नरेंद्र सिंह सैन, विमल महला, सीताराम, मुकेश शर्मा एवं काफी संख्या में गणमान्य जन उपस्थित रहे।

## नि:शुल्क चिकित्सा एवं स्वास्थ्य जांच शिविर आज

निसं

**बीकानेर ( नवयत्न )।** समाजसेवा, शिक्षा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में निरंतर सक्रिय रोटरी क्लब बीकानेर के तत्वावधान में शनिवार को रोटरी भवन, बीकानेर में देश के प्रतिष्ठित मेदांता हॉस्पिटल, गुरुग्राम के विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम द्वारा विशाल नि:शुल्क चिकित्सा एवं स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। क्लब के सचिव कुणाल कोचर ने बताया कि शिविर में कार्डियोलॉजी, ऑर्थोपेडिक तथा रेस्पिरेटरी विभाग के विशेषज्ञ चिकित्सक आधुनिक चिकित्सा उपकरणों की सहायता से मरीजों की स्वास्थ्य जांच कर आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श देंगे।

# मानवता की मिसाल डॉ जे.सी. जैन को सेवा से किया नमन

### डॉ जैन के आदर्श आज भी प्रत्येक लायन के लिए प्रेरणास्रोत : मूंड





संजय सोनी

**झुंझुनू।** लायंस क्लब झुंझुनू जीवन के प्रेरणा स्रोत एवं दिवंगत एमजेएफ लायन डॉ जे.सी. जैन की जयंती पर शुक्रवार को क्लब द्वारा सेवा दिवस मनाया गया तथा उनके जन्मदिवस के उपलक्ष्य में सेवा सप्ताह का शुभारंभ किया गया। दिनभर आयोजित विभिन्न जनकल्याणकारी सेवा गतिविधियों के माध्यम से क्लब सदस्यों ने डॉ जैन के सेवा, समर्पण एवं मानवता के आदर्शों को सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित की।

#### स्वास्थ्य शिविर से हुई शुरुआत

क्लब अध्यक्ष एमजेएफ लायन डॉ मुकेश एस मूंड ने बताया कि कार्यक्रमों की शुरुआत सुबह 7 बजे झुंझार सिंह पार्क में आयोजित नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच एवं परामर्श शिविर से हुई। हेल्थ चेयरपर्सन लायन डॉ नरेंद्र सिंह काजला के सान्निध्य तथा काजला हॉस्पिटल, झुंझुनू के सौजन्य से आयोजित इस शिविर में 48 लोगों का नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श प्रदान किया गया।

#### फल वितरण व पौधरोपण अभियान

महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय, बसंत विहार में लायन प्रकाश सोनी एवं लायन ओमप्रकाश मूंड के आर्थिक सहयोग से विद्यार्थियों को फल वितरित किए गए। साथ ही विद्यालय परिसर में पौधरोपण कर पौधारोपण महाअभियान का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर क्लब ने वर्षा ऋतु में 5100 पौधे लगाने का संकल्प भी लिया।

#### श्रद्धांजलि एवं संकल्प

क्लब सदस्यों ने श्रद्धेय एमजेएफ लायन डॉ जे.सी. जैन के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धासुमन अर्पित किए तथा उनके सेवा, समर्पण, सादगी एवं मानवता के आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात करने का संकल्प लिया। अध्यक्ष एमजेएफलायन डॉ मुकेश एस. मूंड ने कहा कि डॉ जैन का संपूर्ण जीवन समाजसेवा को समर्पित रहा और उनके आदर्श आज भी प्रत्येक लायन के लिए प्रेरणास्रोत हैं।

#### रक्तदान शिविर में 32 यूनिट रक्त संग्रहित

कालेर हॉस्पिटल, झुंझुनू में लायन डॉ शुभकरण सिंह कालेर के मार्गदर्शन में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर का शुभारंभ मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एवं क्लब अध्यक्ष डॉ मुकेश एस. मूंड ने किया। क्लब अध्यक्ष डॉक्टर मूंड ने स्वयं रक्तदान कर लायन साथियों के साथ-साथ अन्य रक्त वीरों को भी रक्तदान के लिए प्रेरित किया। शिविर में कुल 32 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया। इस अवसर पर अतिथियों ने कहा कि रक्तदान मानवता की सर्वोत्तम सेवा है और प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को नियमित रूप से रक्तदान कर समाज के प्रति अपने दायित्व का निर्वहन करना चाहिए। उन्होंने क्लब की सेवा गतिविधियों की सराहना करते हुए इसे अनुकरणीय पहल बताया।

#### सेवा सप्ताह में होंगे विविध कार्यक्रम

कार्यक्रम के समापन पर क्लब अध्यक्ष ने बताया कि सेवा सप्ताह के अंतर्गत आज शनिवार को राजकीय विद्यालय, नयाबास-धनूरी में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसके अतिरिक्त गौसेवा, स्टेशनरी वितरण, सड़क सुरक्षा एवं जनजागरूकता सहित विभिन्न गतिविधियाँ सप्ताहभर आयोजित की जाएगी। क्लब पीआरओ लायन मनरूप सिंह मांठ ने बताया कि सेवा सप्ताह का उद्देश्य सेवा की भावना को जन-जन तक पहुँचाना तथा समाज में मानवीय मूल्यों को सशक्त बनाना है।

#### इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर क्लब सचिव ओमप्रकाश मूंड, कोषाध्यक्ष रामअवतार सिंह रेप्सवाल, रणधीर सिंह डूडी, एडमिनिस्ट्रेटर एडवोकेट वीरेंद्र सिंह, रामदेव कोला, रणवीर सिंह गोदारा, प्रकाश सोनी, महेंद्र चौधरी, रामकुमार झाझड़िया, हिमांशु मूंड, निशांत चौधरी, डॉ महेश बिसू, डॉ नरेंद्र सिंह काजला, डॉ शुभकरण सिंह कालेर, सुरेश जाखड़ सहित अनेक लायन सदस्य एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# ग्रामीण सेवा शिविर आयोजित, 13 ग्रामीणों को मिले पट्टे

निसं

**खेतड़ी ( नवयत्न )।** खेतड़ी उपखंड क्षेत्र की संजयनगर ग्राम पंचायत में ग्रामीण सेवा शिविर का आयोजन प्रशासक केवलराम गुर्जर की अध्यक्षता तथा शिविर प्रभारी नायब तहसीलदार प्यारेलाल चावला एवं सह प्रभारी महेंद्र कुमार की देखरेख में किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने आमजन की समस्याएं सुनी और कई प्रकरणों का मौके पर ही निस्तारण किया। नायब तहसीलदार प्यारेलाल चावला ने ग्रामीणों से संवाद कर उनकी समस्याओं की जानकारी ली तथा संबंधित विभागों के अधिकारियों को प्राप्त प्रकरणों का शीघ्र और समयबद्ध समाधान करने के निर्देश दिए। शिविर में पंचायत राज विभाग द्वारा 13 जनों को पट्टे वितरित किए गए। इसके अलावा विभाग द्वारा जन्म, विवाह एवं मृत्यु प्रमाण पत्र भी जारी किए गए। राजस्व विभाग ने खाता विभाजन प्रकरणों का निस्तारण किया जबकि 10 नाम दुरुस्तीकरण एवं नामांतरण प्रकरणों का समाधान किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा चार गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की रस्म संपन्न कराई गई तथा बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार भी करवाया गया। शिविर में विभिन्न विभागों ने आमजन के कार्यों को प्राथमिकता देते हुए समस्याओं का समाधान किया। नायब तहसीलदार प्यारेलाल चावला ने बताया कि ग्रामीण सेवा शिविर आयोजित करने का मुख्य उद्देश्य एकछत के नीचे ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाना है। राज्य सरकार ने आमजन के हितों के लिए अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। प्रत्येक नागरिक को जागरूक होकर इन योजनाओं का लाभ उठाना चाहिए। इस दौरान राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी दी गई। इस मौके पर सरपंच केवलराम गुर्जर, संतोष कुमार, नरेश कुमार, महेंद्र सिंह, ताराचंद, अमित कुमार, गौतम, राधेश्याम, सुरेश कुमार, नवीन कुमार सहित अनेक लोग मौजूद थे।



## अमर शहीद मांगू खान के शहादत दिवस पर परिवार का हुआ सम्मान



अबूबकर बल्खी

लाडनूं (नवयत्न)। अमर शहीद मांगू खान कायमखानी के शहादत दिवस पर परिवार का सम्मान किया गया। मांगू खान 10 जुलाई 1995 को श्रीनगर जम्मू कश्मीर में आरओपी ड्यूटी के दौरान आतंकवादियों से मुठभेड़ में गोली लगने से शहीद हो गये थे। उनके 31 वें शहादत दिवस पर शुक्रवार को उनके परिवार का सम्मान समारोह 28 वी बटालियन बीएसएफ द्वारा शहीद के निवास स्थान ग्राम लेडी में रखा गया। इस अवसर पर एसएम विशाल श्रीवास्तव के नेतृत्व में बीएसटी टीम ने शहीद की वीरांगना बानू बेगम एवं शहीद के परिवार के सदस्यों को स्मृति पत्र, शॉल, बुके एवं मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर सुधीर, कम्पनी कमाण्डेण्ट ने वीरांगना से दूरभाष पर बात करके हर संभव सहायता एवं सम्मान का आश्वासन दिया गया। समारोह में शहीद परिवार के सदस्य, दीनबन्धु शर्मा, सहा. कमाण्टेण्ट रिटायर्ड बीएस मदन सिंह कोजी, किशन सिंह राजपुरोहित, छोबा राम फौजी, मुराद खाँ, भवर खान, एडवोकेट अनिश खान, मोती सिंह थालौड़ प्रशासक प्रतिनिधि, धरणीधर शर्मा, राकेश आदि उपस्थित रहे । कार्यक्रम का समापन भारत माता की जय एवं अमर शहीद-अमर रहे के उद्घोष के साथ हुआ। कार्यक्रम का संचालन हबीब खान प्रधानाध्यापक ने किया एवं शहीद परिवार की तरफ से सबका आभार ज्ञापित किया।

## पेटीएम मनी और नुवामा एएमसी के नाम पर की जा रही है साइबर ठगी

जयपुर (नवयत्न)। राजस्थान पुलिस की साइबर क्राइम शाखा ने पेटीएम मनी और नुवामा एएमसी के नाम पर संचालित किए जा रहे फर्जी व्हाट्सएप ग्रुपों और निवेश धोखाधड़ी को लेकर आमजन के लिए एडवाइजरी जारी की है। पुलिस ने चेतावनी दी है कि साइबर अपराधी सोशल मीडिया पर आकर्षक निवेश योजनाओं का झांसा देकर लोगों को फर्जी व्हाट्सएप ग्रुप और नकली निवेश प्लेटफॉर्म से जोड़कर लाखों रुपए की ठगी कर रहे हैं। अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस साइबर क्राइम विजय कुमार सिंह ने बताया कि साइबर ठग फेसबुक, इंस्टाग्राम सहित अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर फ्री स्टॉक एनालिसिस, स्पेशल इन्वेस्टमेंट ऑफर और गारंटीड रिटर्न जैसे आकर्षक विज्ञापन चलाते हैं।

IIM Udaipur INCUBATION Centre

राजीविका

आईआईएम उदयपुर, राजस्थान ग्रामीण आजीविका विकास परिषद् के सहयोग से स्टार्टअप ग्राम उद्यमिता कार्यक्रम के अंतर्गत इनक्यूबेटर सपोर्ट प्रोग्राम के लिए आवेदन आमंत्रित करता है । महिला स्वामित्व अथवा महिला नेतृत्व वाले स्वयं-सहायता-समूह लघु उद्योग, इस प्रोग्राम के लिए आवेदन कर सकते हैं। यह कार्यक्रम आपको बेहतर उत्पाद बनाने में, व्यवसाय का विस्तार करने में, निवेश प्राप्त करने में और आय बढ़ाने में सक्षम बनाएगा।

अधिक जानकारी व आवेदन भरने हेतु कृपया इस वेबसाइट पर जाएं www.iimuic.org या नीचे दिए गए QR Code को स्कैन करें या 9216044950 पर कॉल करें।

आवेदन की अंतिम तिथि – 18 जुलाई 2026

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक सपना शर्मा के लिए उदय प्रिंटर्स 43-ए, माली कॉलोनी, चांदपोल के बाहर जयपुर में मुद्रित व प्लॉट नं. 88, तहसील के पीछे दांतारामगढ़, सीकर ( राज. ) से प्रकाशित संपादक सपना शर्मा
मो. 9783931239 मुख्य कार्यालय-जी-4, मान नगर, नगर परिषद के सामने, झुंझुनू, 01592-297190